

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज



haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 21 जून 2024


**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष**

'हरिभूमि' मुस्लिम समुदाय की दो महिलाओं की कहानियों को अपने पाठकों के लिए लाया

# योग सिखाने वाली मुस्लिम महिलाओं ने कहा-योग 'मजहब' और जात-पांत से परे...तीन देशों में लेती हैं ऑनलाइन क्लास

मधुरिमा राजपाल ⏭ भोपाल

योग एक ऐसा माध्यम है जो इंसान को शारीरिक रूप से तो स्वस्थ रखता ही है, इसके साथ-साथ उसे मानसिक शांति और सुकून भी देता है। इस वर्ष 2024 को योग दिवस की थीम 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' है। इस थीम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त और स्वस्थ बनाना है।

'हरिभूमि' ने राजधानी की कुछ ऐसी सशक्त महिलाओं को ही चुना जिनके लिए योग ध्यान, साधना और शरीर को स्वस्थ्य रखने का साधन मात्र नहीं है बल्कि इनके सिखाए योग से दूसरों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

## कहानी 1 — मरियम खान

### मेरे समुदाय के 60 लोगों समेत हजार लोगों को सिखाया योग

**योग से मेरा आहार व दिनचर्या भी सात्विक हो गई**



पुराने भोपाल निवासी मरियम खान (45), जो आर्ट ऑफ लिविंग में योग ट्रेनर व फैकल्टी हैं और पिछले 22 वर्षों से योग सिखा रही हैं। उन्होंने बताया कि जब आपके जीवन में संकट आता है, जीवन जद्दो-जहद से गुजरता है, चिंता होती है पढ़ाई की, पैसे कमाने की ऐसे में योग एक ऐसा माध्यम बनता है जो इन सभी चीजों को बैलेंस करता है। कई बार जीवन मुश्किलों से भर जाता है लेकिन योग आपको भीतर से शांति देता है। आज जहां मैं आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से योग सिखाती हूं वहीं तीन देशों में भी मेरी ऑनलाइन योग क्लास चलती हैं। योग से मेरा आहार व दिनचर्या भी सात्विक हो गई।

## कहानी 2 — हिना कौसर

### मेरे समुदाय के कई लोग मुझसे 'प्रेरित' वे भी कहते हैं-योग से मिलती है शांति

**मैंने अपने जीवन में एक पॉजिटिव चेंज हासिल किया**

हिना कौसर (32) का कहना है कि मुझे योग सीखते हुए करीब दो-तीन साल हुए हैं, लेकिन योग और मेडिटेशन ने मेरे जीवन में बहुत परिवर्तन किया, मेरे जीवन में जो भी मुश्किलें थी वो सॉल्व हुईं और जीवन बिल्कुल सुधरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे सर्वाइकल प्रॉब्लम थी, ऐसे में योग ने जहां मेरी हेल्थ में सुधार किया वहीं मुझे मानसिक स्थिरता भी दी। उन्होंने कहा कि योग करने से आपको शारीरिक रूप से ही अच्छा नहीं लगता बल्कि मानसिक शांति और सुकून भी मिलता है। ऐसा लगता है कि जीवन में आपने परम शांति हासिल कर ली। उन्होंने कहा कि मेरे दो बच्चे हैं और अब मैं उन्हें भी योग का महत्व बता रही हूं और उन्हें भी योग सिखाती हूं, इसके अलावा मेरे आस-पड़ोस में योग सिखाती हूं। बस, मुझे लगता है कि जब से मैंने योग सीखा है, मैंने अपने जीवन में एक पॉजिटिव चेंज हासिल किया है। एक खुशी हासिल की है जिसे शायद मैं कई वर्षों से तलाश रही थी। उन्होंने बताया कि मेरी इस योग क्लास में मेरे समुदाय के भी कई लोग शामिल होते हैं और मुझसे प्रेरित होते हैं।

**नॉलेज गाइड**

इस यूनिवर्सिटी का नाम विवेकानंद के नाम पर विवेकानंद योग विश्वविद्यालय (वायु) रखा गया



## योग भले भारत ने सिखाया पर अमेरिका में बनी दुनिया की पहली योग यूनिवर्सिटी

इस विश्वविद्यालय में 2020 से छात्र योग पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रहे

बिहार स्कूल ऑफ योग को दुनिया का पहला योग विश्वविद्यालय माना जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दुनियाभर में जब भी योग का नाम लिया जाएगा, तो सबसे पहले भारत का नाम आएगा। क्योंकि, पूरी दुनिया को भारत ने योग सिखाया है। भारत के संतों ने दुनिया तक योग साधना को पहुंचाने का काम किया है। यही कारण है कि आज दुनियाभर के लोगों में योग सीखने की उत्सुकता बढ़ रही है। भारत के बाहर दुनिया का पहला योग विश्वविद्यालय अमेरिका के लॉस एंजिलिस में है। इस यूनिवर्सिटी का नाम विवेकानंद के नाम पर विवेकानंद योग विश्वविद्यालय (वायु) रखा गया है। इस विश्वविद्यालय का निर्माण करीब 50 लाख डॉलर के साथ लॉस एंजिलिस में किया गया था। इस विश्वविद्यालय में 2020 से छात्र योग पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रहे हैं।

### भारत का पहला योग विश्वविद्यालय मुंगेर में

*भारत का पहला योग विश्वविद्यालय बिहार के मुंगेर में स्थित है। इतना ही नहीं भारत में योग विद्या में बिहार के मुंगेर स्थित 'बिहार स्कूल ऑफ योग' का महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। बिहार स्कूल ऑफ योग को दुनिया का पहला योग विश्वविद्यालय माना जाता है। बिहार स्कूल ऑफ योग की स्थापना स्वामी सत्यानंद ने 1964 में मुंगेर के गंगा नदी के तट पर की थी। स्वामी सत्यानंद के गुरु स्वामी शिवानंद वर्ष 1937 में ऋषिकेश से मुंगेर आए थे। इसके बाद उनके शिष्य सत्यानंद सरस्वती को मुंगेर में ही यह दिव्य संदेश प्राप्त हुआ कि योग भविष्य की संस्कृति है। इसके बाद वर्ष 1964 में स्वामी शिवानंद के महासमाधि ले लेने के बाद स्वामी सत्यानंद ने मुंगेर में गंगा दर्शन आश्रम की नींव रखी और यहां वह योग को आगे बढ़ाने में जुट गए थे।*









**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर किया आग्रह**

# केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन कर सकते हैं प्रधानमंत्री

पीएम को दी प्रदेश की योजनाओं, राजनीतिक घटनाक्रमों की जानकारी



तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की दी बधाई और आशीर्वाद प्राप्त किया

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

डॉ. यादव ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से सौजन्य मुलाकात की। साथ ही मंत्री बनने की बधाई देकर विकास में मदद का आग्रह भी किया।

उप चुनाव के नतीजों के बाद होगा मंत्रिमंडल में फेरबदल पर निर्णय

खराब परफॉरमेंस वाले मंत्रियों को हटाकर अच्छा परफॉरमेंस देने वाले विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर प्रदेश की दो प्रमुख नदी-जोड़ो, केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। डॉ. यादव ने बताया कि केन-बेतवा परियोजना भूमिपूजन के लिए तैयार है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से इस परियोजना के भूमिपूजन के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री ने आग्रह पर विचार करने का आश्वासन दिया। डॉ. यादव बुधवार से दिल्ली में हैं। वहां उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों से सौजन्य मुलाकात की। साथ ही मंत्री बनने की बधाई देकर विकास में मदद का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में उन्होंने तीसरे कार्यकाल की बधाई देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. यादव ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गठित नई केंद्र सरकार पूर्व की भांति मध्यप्रदेश के विकास और उन्नति के लिए सहयोग देती रहेगी।

### जनता की रुचि देखकर 30 जून तक बढ़ाया जल-गंगा अभियान

डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जल-गंगा अभियान से प्रदेश के कुए, बावड़ियां, नदियां, तालाब, पोखर, झील इत्यादि जल संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित कर जनजागृति का वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जनता का अभियान के प्रति उत्साह देखकर इस अभियान की समय-सीमा को 30 जून तक बढ़ाया गया है। उन्होंने मोदी को प्रदेश में चल रहे सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी।

**कई केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात**

यादव ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मुलाकात की।

**मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर भी चर्चा**

डॉ. यादव द्वारा दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात में प्रदेश मंत्रिमंडल के फेरबदल को लेकर भी चर्चा किए जाने की खबर है। चर्चा के केंद्र में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए विधायक और लोकसभा चुनाव में मंत्रिमंडल सदस्यों का परफॉरमेंस रहा। विधायकों में राम निवास रावत और कमलेश शाह को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को लेकर विचार हुआ। दूसरा अमित शाह के ऐलान पर भी चर्चा हुई, जिसमें चुनाव के दौरान उन्होंने कहा था कि खराब परफॉरमेंस वाले मंत्रियों को हटाकर अच्छा परफॉरमेंस देने वाले विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा। हालांकि खबर है कि फिलहाल होने वाले उप चुनाव तक मंत्रिमंडल में फेरबदल की योजना को स्थगित रखने के लिए कहा गया है।

## खबर संक्षेप

### भर्तृहरि महताब बने लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर



**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 7 बार के लोकसभा सदस्य भर्तृहरि महताब को निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम) नियुक्त किया गया है। महताब नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। वे लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक पीठासीन अधिकारी के रूप में काम करेंगे। के. सुरेश, टीआर बालू, राधा मोहन सिंह, फग्गन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंद्योपाध्याय उनकी सहायता करेंगे।

### आज से आतिशी का बेमियादी अनशन



**नई दिल्ली।** जल मंत्री आतिशी शुक्रवार को हरियाणा से पानी की अतिरिक्त पानी की मांग करते हुए अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगी। आप ने अपील की है कि इंडिया गठबंधन के सभी दलों को अनशन के समर्थन में आगे आएं। भाजपा ने दिल्ली सरकार के इस कदम को गैर जिम्मेदाराना बताया है। भाजपा का आरोप है आतिशी का अनशन दिखावा है। इसके पहले आतिशी ने हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सरकारों पर दिल्ली को पानी नहीं देने का आरोप लगाया था।

**घटना की सीबी-सीआईडी जांच का आदेश**

## तमिलनाडु में जहरीली शराब का कहर, अब तक 29 ने गंवाई जान



- करीब 15 लोगों की हालत नाजुक
- कलेक्टर का तबादला, एसपी सस्पेंड

एजेंसी ⏭ कल्लाकुरिची

तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में जहरीली शराब ने कहर बरपाया है। अब तक 29 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं। फिलहाल, करीब 15 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जहरीली शराब त्रासदी की गाज जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पर गिरी है। तमिलनाडु सरकार ने जिलाधिकारी श्रवण कुमार जातावथ का तबादला और पुलिस अधीक्षक समय सिंह मीणा को निलंबित कर दिया है।

**9 अन्य पुलिसकर्मी भी निलंबित**

कल्लाकुरिची के जिलाधिकारी श्रवण कुमार जातावथ और पुलिस अधीक्षक समय सिंह मीणा पर हुई कार्रवाई के बाद नौ अन्य पुलिसकर्मियों को भी निलंबित कर दिया गया है। इनमें कल्लाकुरिची जिले की मद्यनिषेध शाखा के भी पुलिसकर्मी शामिल हैं। एमएस प्रशांत और रजत चतुर्वेदी को क्रमशः कल्लाकुरिची का नया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

**ग्वालियर में एक घर में भीषण आग**

## व्यापारी और दो बेटियां सहित तीन जिंदा जले

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

शहर में बुधवार-गुरुवार देर रात एक घर मे लगी भीषण आग में एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक व्यापारी और उनकी दो बेटियां शामिल हैं। आग लगने की घटना देर रात लगभग दो बजे के आसपास की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। वहीं मृतकों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बताया गया कि बहोड़ापुर इलाके में संत कृपाल सिंह के आश्रम के सामने वाली गली में रहने वाले विजय गुप्ता के परिवार का ड्रायफ्रूट का कारोबार है। उनके घर मे नीचे मेवे का गोदाम है, जबकि उसी की ऊपरी मंजिल पर वे सपरिवार निवास करते थे। रात डेढ़ से दो बजे के बीच उनके घर में अचानक भीषण आग भड़की।

- ड्राइफ्रूट ज्वलनशील होने से आग बहुत तेजी से फैली



*तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी गुरुवार से जम्मू कश्मीर दौरे पर, यहीं से इस बार मोदी योग की शांति का संदेश पूरी दुनिया में देंगे*

# पीएम के स्वागत में बोले एलजी-आज युवाओं के हाथ में पत्थर नहीं...बल्कि परिवर्तन टूल्स



जम्मू कश्मीर को करीब 3300 करोड़ रुपए का तोहफा दिया

शासकीय सेवाओं के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे

मोदी ने जम्मू कश्मीर के स्थानीय उत्पाद का अवलोकन किया

पीएम डल झील किनारे 7000 से ज्यादा योग प्रेमियों के साथ योग करेंगे

एजेंसी ⏭ जम्मू

तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू कश्मीर दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी ने श्रीनगर में 'युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जम्मू कश्मीर को करीब 3300 करोड़ रुपए का तोहफा दिया।



**पीएम की बड़ी घोषणा**

**कहा- जल्द जम्मू कश्मीर बनेगा राज्य**

पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्वल बनाएगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं।




# मास्टरमाइंड सिकंदर ने 'हैक' किया था नीट परीक्षा का सारा सिस्टम

## अंडरग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट में हर दिन हो रहे नए खुलासे, 13 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंडरग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट यूजी में हर दिन नए खुलासे सामने आ रहे हैं। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट पेपर लीक मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कुछ अभ्यर्थी भी शामिल हैं।

अब तक की जांच में सिकंदर प्रसाद यादवेंदु (बिहार के दानापुर नगर परिषद में जेई है) नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पकड़े गए सात अभ्यर्थियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि कैसे सिकंदर ने नीट के पेपर में सेंधमारी करके पूरा घोटाला किया।




**40 लाख रुपए में बेचे गए थे पेपर**

**आयुष राज के पिता अखिलेश:** मेरा पहले से दोस्ती सिकंदर थी। सिकंदर द्वारा बताया गया कि सब सेट है 40 लाख रुपया लगेगा, परीक्षा पास कर जाएगा। सिकंदर ने रात्रि में प्रश्न पत्र उत्तर सहित रटाने के लिए लेकर चला गया। बताया गया कि आपका बच्चा आयुष राज पास कर जाएगा तो रुपया दीजिएगा।

### आरोपियों का कबूलनामा

**शिवनंदन कुमार:** मैं अपना सफाई का बयान बिना भय एवं दबाव, बिना लोभ लालच के शास्त्रीनगर थाने पर दरोगा के समक्ष दे रहा हूं। सिकंदर से मेरा परिवारिक संबंध हैं और सिकंदर अंकल ने बताया कि नीट की परीक्षा की तिथि जारी हो गई, परीक्षा 5मई को होने वाली है। मैं पटना बुद्धा कॉलोनी में ही रहकर तैयारी करता था। अंकल ने कहा कि 04 मई को शाम में आ जाओ। अंकल ने मुझे अमित आनंद और नीतिश के पास पहुंचा दिया जहां पर नीट की परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं उत्तर सामग्री के साथ पढ़वाया और रटवाया गया।

### हमें रातभर रटवाए गए उत्तर

**अभिषेक कुमार** : मैं रांची में ही रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। मेरे पिताजी का सिकंदर दोस्त है। अमित एवं नीतीश ने पटना में संबंधित प्रश्न पत्र के विषय में पढ़ाया एवं रटाया जाता था।

**अभिषेक के पिता अवधेश:** बच्चे को नीट का प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पढ़वाया और रटवाया गया। परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख का ब्लैंक चेक एक साल पहले दिया था।

**अनुराग यादव:** मेरे फूफा सिकंदर अमित एवं नीतीश के पास मुझे छोड़ा गया। नीट के परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका दिया गया एवं रात्रि में पढ़वाया एवं रटवाया गया।

**नीतीश कुमार:** सिकंदर ने बताया कि प्रश्न पत्र लीक कर बच्चा को पास कराता हूं। इसके बदले 30-32 लाख रुपए लगेंगे।

**अमित आनंद:** सिकंदर ने बताया कि 30-32 लाख रुपए लगेंगे। प्रश्न पत्र लीक करवाकर सभी बच्चों को उत्तर के साथ पढ़वाया एवं रटवाया जा रहा था। इस पूरे षड़यंत्र का मास्टरमाइंड जेई सिकंदर था।

### मास्टरमाइंड संजीव की तलाश



आरोपियों के कबूलनामे के बाद बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने नीट पेपर लीक मामले में तेजस्वी यादव का कनेक्शन होने को लेकर बड़ा खुलासा किया है, वहीं अब नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड माने जाने वाले संजीव मुखिया को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. सूत्रों के अनुसार जो जानकारी मिल रही है उसके मुताबिक नीट पेपर लीक कांड का मास्टरमाइंड संजय मुखिया बताया जा रहा है। इकोनामिक ऑफेंस यूनिट को संजीव मुखिया की तलाश है। वह मूल रूप से नालंदा के नगरनौसा का रहने वाला है। फिलहाल वह फरार है। संजीव मुखिया सॉल्वर गैंग का पुराना मेंबर रहा है। वह जेल की हवा भी खा चुका है। उसका बेटा डॉक्टर शिव शिक्षक बहाली पेपर लीक मामले में फिलहाल जेल में बंद है।

### परीक्षा पे चर्चा हो रही और रोज़ाना लीक हो रहा पर्चा: खरगे

कांग्रेस ने यूजीसी-नेट परीक्षा को



रद्द किए जाने के बाद गुरुवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार "लीक और फ्रॉड" के बिना कोई परीक्षा आयोजित नहीं कर सकती। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इस सरकार ने शिक्षा एवं भर्ती की पूरी व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### नूपुर को फिर मिली जान से मारने की धमकी



**नई दिल्ली।** भाजपा की पूर्व नेता नूपुर शर्मा को एक बार फिर से धमकी मिली है। इस बार उन्हें इस्लामिक स्टेट- खुरासान ने अपने न्यूज लेटर में लिखकर धमकी दी। उस लेटर में मोदी सरकार और उसके कई नेताओं के बयानों का भी जिक्र है। पूजा करने वाले महमूद गजनवी को फेस करने के लिए तैयार रहो के शीर्षक से लिखे गए लेख में धमकी दी है।

### ट्रैफिक उल्लंघन पर लगा 1.33 करोड़ का जुर्माना




**आगरा।** लाल-नीली बत्ती और हूटर व सायरन के अलावा शीशों पर काली फिल्म की रोकथाम के लिए 11 जून से यातायात पुलिस ने अभियान शुरू किया।था। कोई कार में हूटर व सायरन लगाए घूम रहा था, कोई बिना सीट बेल्ट व लाइसेंस। ऐसे 12 हजार वाहनों के चालान हुए। यातायात नियमों के उल्लंघन पर पिछले छह दिनों में 1.33 करोड़ का जुर्माना वसूला।

### दाल में छिपकली खाने से 4 की तबीयत बिगड़ी



**बांदा।** यहां छिपकली गिरने के बाद दाल खाने से एक परिवार के चार लोगों की तबीयत बिगड़ गई। चारों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि सभी की हालत सामान्य है और कंट्रोल में है. यह मामला गिरवां थाना क्षेत्र के बछेई गांव का है। खाने में दाल, चावल, रोटी, सब्जी बनाई गई। दाल पकाने के दौरान दाल में छिपकली गिर गई थी।

### एमपी-एमएलए कोर्ट ने संजय को भेजा वारंट



**सुल्तानपुर।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सुल्तानपुर जिले के एमपी एमएलए कोर्ट ने सिंह के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। सिंह के खिलाफ यह वारंट तीन साल पुराने कोविड 19 मानदंडों के उल्लंघन मामले को लेकर जारी की गई है। संजय सिंह इस मामले की सुनवाई के वक्त कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे थे।


### बैंक लोन हेराफेरी में ईडी का कई शहरों में छापा



**नई दिल्ली।** ईडी ने एक कंपनी और उसके प्रमोटर के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली, मुंबई और नागपुर में करीब 35 परिसरों में छापेमारी की। कंपनी और उसके प्रमोटर के खिलाफ 20,000 करोड़ रुपए से अधिक के बैंक लोन की हेराफेरी करने का आरोप है। एमटेक समूह और इसके निदेशकों, अन्य के खिलाफ छापा मारा है।

## नीतीश सरकार ने जातीय गणना को आधार बनाकर किया था बदलाव

# हाईकोर्ट ने बिहार में 65% आरक्षण को असंवैधानिक बताकर किया रद्द



### किसी भी दल ने नहीं किया था इसका विरोध

एजेंसी ▶▶ पटना

राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने बिहार में जाति आधारित जनगणना का फैसला किया था। जनगणना का काम बीच में बनी महागठबंधन सरकार के दौरान पूरा हुआ। महागठबंधन सरकार के भी मुखिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे। महागठबंधन सरकार ने जातीय जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 65 तक पहुंचा दिया था।

लोकसभा चुनाव 2024 में महगठबंधन के मुख्य दल राष्ट्रीय जनता दल ने इस आरक्षण का क्रेडिट भी लिया। किसी भी दल ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने को गलत नहीं बताया था। लेकिन अब, पटना हाई कोर्ट ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले को असंवैधानिक

### चीफ जस्टिस की पीठ का फैसला



पटना हाई कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा आरक्षण के लिए पारित कानून को संविधान के तीन अनुच्छेदों का उल्लंघन करने वाला बताया है। पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस हरीश कुमार की बेंच ने सरकार द्वारा पारित इस कानून को रद्द किया है। बता दें कि यह कानून तब पारित किया गया था, जब नीतीश कुमार आरजेडी के साथ बिहार में गठबंधन की सरकार चला रहे थे।

### आरक्षण में इस तरह किया गया था वर्गवार इजाफा

- अनुसूचित जाति को दिए गए 16 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया था।
- अनुसूचित जनजाति को को दिए गए एक प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर अब दो प्रतिशत किया गया था।
- पिछड़ा वर्ग को 12 प्रतिशत को बढ़ाकर 18 प्रतिशत और अति पिछड़ा को दिए गए 18 फीसदी आरक्षण को बढ़ाकर 25 फीसदी किया गया था।

**नीतीश सरकार को लगा झटका**

कोर्ट का यह फैसला नीतीश सरकार को बड़ा झटका माना जा रहा है। गुरुवार को सुनवाई की दौरान पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण देने वाले कानून को रद्द कर दिया है। पटना हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। यानी अब शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण नहीं मिलेगा। 50 प्रतिशत आरक्षण वाली पुरानी व्यवस्था ही लागू हो जाएगी।

### कोर्ट ने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया

दरअसल, 65 प्रतिशत आरक्षण कानून के खिलाफ गौरव कुमार व अन्य लोगों ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी। न कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान। यह जो 2023 का संशोधित अधिनियम बिहार सरकार ने पारित किया है, वह भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। इसमें सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के समान अधिकार का उल्लंघन करता है, वहीं भेद भाव से संबंधित मौलिक अधिकार का भी उल्लंघन है। चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की खंडपीठ ने इस पर लंबी सुनवाई की। इसके बाद 11 मार्च को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज कोर्ट ने 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने जाने के राज्य सरकार ने निर्णय को रद्द करने का फैसला सुनाया।

### 21 नवंबर 2023 को बिहार सरकार ने गजट का किया था प्रकाशन

बिहार सरकार ने आरक्षण संशोधन बिल के जरिए आरक्षण दायरा बढ़ा 65 फीसदी कर दिया था। 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को जोड़ दें जो कुल 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। 21 नवंबर 2023 को बिहार सरकार ने इसको लेकर गजट प्रकाशित कर दिया था। इसके बाद से शिक्षण संस्थानों और नौकरी में अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा को 65 फीसदी आरक्षण का लाभ मिल रहा था।

## भाजपा का स्पीकर बनना तय

# लोकसभा के डिप्टी स्पीकर पद के लिए टकराव संभव



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा का अगला अध्यक्ष किस पार्टी से होगा इसे लेकर स्थिति लगभग साफ हो चुकी है। एनडीए के सहयोगी दलों ने भाजपा को समर्थन दे दिया है। इससे साफ है कि लोकसभा अध्यक्ष का पद भाजपा अपने पास रखेगी।

विपक्षी दलों से भी इसे लेकर समर्थन मिल सकता है। हालांकि डिप्टी स्पीकर पद को लेकर थोड़ा टकराव की स्थिति देखने को मिल सकती है। विपक्षी दल इस बार संख्या के आधार पर डिप्टी स्पीकर पद को लेकर कोई समझौता करने के मूड में दिखाई नहीं दे रहे हैं। आम तौर पर परंपरा रही है कि सत्ताधारी दल स्पीकर का पद अपने पास रखता है जबकि डिप्टी स्पीकर का पद विपक्षी दल के नेता को दिया जाता है। कई सालों से यह परंपरा जारी है। हालांकि पिछली सरकार में डिप्टी स्पीकर का पद खाली रहा। इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष का पद भी पिछली सरकार में खाली रहा।

### 24 जून से शुरू हो रहा संसद सत्र

24 जून से संसद का सत्र शुरू हो रहा है। राजनाथ सिंह विपक्षी दलों के साथ सहमति बनाने की कोशिश में हैं। सरकार की पहली प्राथमिकता उन दलों को साथ लाने की है जिनके उसके रिश्ते पूर्व में बेहतर रहे हैं। इसके साथ ही जो दल इंडिया गठबंधन में शामिल नहीं है, बीजेपी उन्हें भी साथ लाने की कोशिश कर रही है। बीजेपी की नजर फिलहाल बीजेडी, बीआरएस और वाईएसआरसीपी पर है।

### इंडी गठबंधन सहमति बनाने में जुटा

डिप्टी स्पीकर पद को लेकर विपक्ष सहमति बनाने में जुटा है। इंडिया गठबंधन में कई अनुभवी नेता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन संसद सत्र से पहले बैठक बुलाने पर विचार कर रहा है। इस बैठक में डिप्टी स्पीकर पद के लिए किसी नेता के नाम पर सहमति बनाई जा सकती है।

### दिव्यांग बच्चों और छात्रों के साथ उनके सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी देखा

# दिव्यांगों के प्रति समावेशी, संवेदनशील हों तो उन्हें कोई भी बाधा नहीं आ सकती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति को उस देश या समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति दिखाई गई संवेदनशीलता से मापा जा सकता है। नई दिल्ली में शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान का दौरा किया, जहां उन्होंने दिव्यांग बच्चों और छात्रों के साथ समय बिताया और उनके सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखा।प्रोस्थेसिस और ऑर्थोसिस सेंटर में रोगियों से बातचीत की। राष्ट्रपति ने संस्थान के कार्यक्रम पर खुशी जताई।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान में बोलीं राष्ट्रपति



### समर्पण और दृढ़ संकल्प होना चाहिए

राष्ट्रपति ने कहा कि संवेदनशीलता और समावेशिता हमारी संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग रहे हैं। जब हमारे प्रयास दिव्यांगजनों की जरूरतों के प्रति समावेशी और संवेदनशील हों तो कोई भी शारीरिक स्थिति सामान्य जीवन जीने में बाधा नहीं बन सकती। दीपा मलिक, अरुणिमा सिन्हा और अवनी लेखरा जैसे खिलाड़ियों और केएस राजन्ना जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी व्यक्ति हर तरह की शारीरिक सीमाओं को पार कर सकता है।

### *राष्ट्रपति के जन्मदिन पर मोदी, राजनाथ और शाह ने दी बधाई*

*पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति को गुरुवार को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। राष्ट्रपति ने भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंच पूजा-अर्चना की। मोदी ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा और समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है। शाह ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।*

## विवाह के लिए नाव का सहारा



**नागांव (असम)।** नागांव जिले के कामपुर में गुरुवार को एक दूल्हा अपने परिवार के सदस्यों के साथ बाढ़ के दौरान विवाह स्थल तक पहुंचने के लिए नाव का सहारा ले रहा है। असम में बारिश और बाढ़ के कारण लोग परेशान हैं।

## जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया में देखा जा रहा

# 40 हजार हीट स्ट्रोक के शिकार, सैकड़ों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया पर पड़ता दिखाई दे रहा है। कहीं गर्मी तो कहीं बारिश का तांडव देखा जा सकता है। भारत के कई हिस्सों में गर्मी से कोहराम मचा हुआ है। आए दिन लोगों के मरने की खबर आ रही है। तापमान ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब तक 50 डिग्री के पार जा चुका है।

इस बीच अधिकारियों ने बताया कि इस बार गर्मी के मौसम में अब तक 40 हजार से अधिक हीटस्ट्रोक के मामले सामने आ चुके हैं। वहीं प्रचंड गर्मी ने पूरे देश में सौ से ज्यादा जीवन लील लिए।

### तापमान ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, पारा 50 के ऊपर भी पहुंचा






**देशभर में प्रचंड गर्मी के कहर से कराह रहे लोग**

### अरबों लोग भीषण गर्मी से जूझ रहे

वैज्ञानिकों का कहना है कि मानव गतिविधियों की वजह से जलवायु पर खासा असर पड़ रहा है। इसकी वजह से एशिया भर में अरबों लोग भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। उत्तर भारत में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस (122 डिग्री फ़ारेनहाइट) तक चला गया है। जो अब तक की सबसे लंबी गर्मी की लहरों में से एक है।

### *पक्षी आसमान से गिर रहे*

*प्रचंड गर्मी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बेचारे पक्षी आसमान में उड़ने की बजाय धरती पर आकर गिर रहे हैं। अस्पतालों में गर्मी से प्रभावित रोगियों की संख्या बढ़ रही है। लोग जरूरी काम के लिए भी दोपहर में घर से बाहर नहीं जा पा रहे हैं। इन सब की वजह यह भी है कि इस बार मार्च में गर्मी की शुरुआत के बाद से हाल के हफ्तों में दिन और रात दोनों का तापमान चरम पर था। वहीं, सबसे ज्यादा परेशानी देश की राजधानी दिल्ली में दर्ज की जा रही है। यहां लोगों को न तो पीने के लिए पर्याप्त पानी और न ही बिजली मिल रही हैं। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय ने संघीय और राज्य संस्थानों को मरीजों का तुरंत इलाज करने का आदेश दिया है। जबकि दिल्ली के अस्पतालों को निर्देश दिया गया था कि वे अधिक बिस्तर उपलब्ध कराएं।*

### 108 मटकों के जल से 'प्रभु' करेंगे स्नान, होंगे बीमार

**एजेंसी:वाराणसी।** शुक्रवार को काशी की जनता नाथों के नाथ भगवान जगन्नाथ को गंगा स्नान कराएगी। 6 जुलाई को डोली यात्रा निकलेगी और 7 जुलाई से रथयात्रा का मेला शुरू होगा। ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भगवान और भक्त के भावपूर्ण रिश्ते की आत्मीयता साक्षात देखने को मिलेगी। अस्सी घाट स्थित मंदिर में जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को जेठ मास की तपिश से निजात दिलाने के लिए गंगाजल से स्नान कराया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**
Municipal Corporation Chhindwara


Add.- In front of shukla ground, guraiya road ward no. 39 chhindwara (M.P.)
Tel.- 07162-222346
E-mail- commchhindwara@mpurban.gov.in

**रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने हेतु सूचना**

अधिसूचना संख्या 1490/स्व.भा.मि./न.पा.नि./2024 दिनांक - 20/06/2024

नगर पालिक निगम, छिंदवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट के प्रसंस्करण एवं निष्पादन कार्य को ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण ईकाई, जामुनझिरी में पायलेट प्रोजेक्ट पर दिए जाने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है। नगर पालिक निगम, छिंदवाड़ा के ई.ओ.एल दस्तावेज 21/06/2024 से कार्यालय (कार्य दिवसों में सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक) से प्राप्त किये जा सकते है। ई.ओ.आई. जमा करने की अंतिम तिथि 27/06/2024 शाम 5.00 बजे तक है। अन्य विवरण ई.ओ.एल दस्तावेज में देखे जा सकते है।

**आयुक्त नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**



जबलपुर
शुक्रवार, 21 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-15
वर्ष : 19, अंक : 52
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 35
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

haribhoomi.com


## इसके लिए गाइडलाइन्स ड्राफ्ट, 21 जुलाई तक जनता से मांगे सुझाव

# मोदी सरकार का बड़ा फैसला... अब नहीं आएंगे फर्जी कॉल और 'मैसेज'

**जनता के सुझाव और फीडबैक के बाद बिल को पेश किया जाएगा और इसे लागू कर दिया जाएगा**

अलग खबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार ने भारत में तेजी से बढ़ रहे फर्जी कॉल्स और मैसेज पर रोक लगाने के लिए एक और कड़ा फैसला लिया है। सरकार ने इसके लिए गाइडलाइन्स ड्राफ्ट कर ली है और 21 जुलाई तक इसके लिए पब्लिक कमेंट मांगा है। जनता के सुझाव और फीडबैक के बाद बिल को पेश किया जाएगा और इसे लागू कर दिया जाएगा। जिस तरह से पिछले कुछ सालों में फर्जी कॉल्स और मैसेज के जरिए फ्रॉड के मामले सामने आए हैं। सरकार का यह कदम आम लोगों को राहत देने वाला है।इसके पहले भी ट्राई और दूरसंचार विभाग ने फर्जी कॉल पर लगाम लगाने के लिए बैंकिंग और रजिस्टर्ड फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के लिए नई 160 वाली नंबर सीरीज जारी की है, ताकि लोगों को सही और फर्जी कॉल की पहचान करने में दिक्कत न हो।

ऐसी अधिकांश कॉल वित्तीय सेवा सेक्टर से आती हैं, इसके बाद रियल एस्टेट का नंबर आता है



### यूजर्स की गोपनीयता की रक्षा

फर्जी कॉल्स और मैसेज पर रोल लगाने के लिए ड्राफ्ट किए जा रहे इस बिल में कंप्रिहेंसिव गाइडलाइन्स को जोड़ा गया है ताकि लोगों को आने वाले प्रमोशनल और कमर्शियल कॉल में उनकी निजता को बरकरार रखा जा सके। सरकार ने आधिकारिक बयान जारी करके बताया कि यह देखा गया कि ये कॉल्स न केवल यूजर्स की प्राइवेसी (गोपनीयता) बल्कि उनके अधिकारों का भी उल्लंघन करती हैं। ऐसी अधिकांश कॉल वित्तीय सेवा सेक्टर से आती हैं, जिसके बाद रियल एस्टेट का नंबर आता है।


### कमेटी में इन सेक्टरों के प्रतिनिधि

लोकसभा चुनाव से पहले ही केंद्र सरकार ने अनसोलिसेटेड बिजनेस कम्युनिकेशन के लिए एक कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी ने इससे संबंधित बिल को ड्राफ्ट कर लिया है, जिसे अब जनता के सुझाव के लिए भेजा गया है। सरकार का मकसद कंज्यूमर्स के प्राइवेसी राइट्स की रक्षा करना है। इस बिल को ड्राफ्ट करने के लिए अलग-अलग सेक्टर से रिप्रजेंटेटिव को कमेटी में शामिल किया गया है। इस कमेटी में टेलीकॉम सेक्टर की रेगुलेटरी बॉडी दूरसंचार (डीओटी) और दूरसंचार नियामक (ट्राई) के अलावा डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विस (डीएफएस), मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स, रिजर्व बैंक, इंश्योरेंस रेगुलेटर (आईआरडीएआई) और सेलुलर ऑपरेशन असोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के रिप्रजेंटेटिव्स को रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### पैकेट में निकला जहरीला सांप


**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में एक महिला के अमेजन कंपनी से आए ऑनलाइन पार्सल में जिंदा कोबरा सांप निकला।



दरअसल, तन्वी नाम की महिला ने अमेजन से गेमिंग कंट्रोलर मंगवाया था। 17 जून को जब वह पैकेज खोल रही थीं तो उसके अंदर से जहरीला सांप निकला। सांप पैकेजिंग टेप से चिपक गया था जिस कारण किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। वीडियो में एक बाल्टी के अंदर रखा पार्सल देखा जा सकता है।

### रील बनाने बिल्डिंग से लटक गई लड़की


**नई दिल्ली।** रील्स बनाने की खुमारी में लोग पागलपन की चरम सीमा पर पहुंच जा रहे हैं। हाल ही में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवा वीडियो बनाने के जोश में अपनी जान तक दाव पर लगा दे रहे हैं।



पुणे के जंबुल वाडी स्वामी नारायण मंदिर के पास का ऐसा ही वीडियो सामने आया है। एक के हाथ में कैमरा है और दूसरा बिल्डिंग की छत पर लेटा हुआ है और युवती छत से लड़की हुई नजर आ रही है।

### 17 जुलाई से शुरू होगी श्रीखंड महादेव यात्रा

**कुल्लू।** श्रीखंड महादेव हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में स्थित धार्मिक तीर्थ स्थल है। यह दुनिया भर में प्रसिद्ध है जो भगवान शिव और पार्वती को समर्पित हैं। यह स्थान शिव भक्तों के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।



देश भर की कठिनतम धार्मिक यात्राओं में शामिल श्रीखंड महादेव की यात्रा इस बार 14 से 27 जुलाई तक होगी। इस दौरान पंजीकरण कर ही यात्रा में श्रदालु भाग ले सकते हैं। बिना पंजीकरण एंट्री नहीं होगी।

## यूजीसी - नेट रद्द होने व नीट में कथित धांधली पर कांग्रेस नेता राहुल व शिक्षा मंत्रालय आमने-सामने

# राहुल : 'दोनों' परीक्षा प्रणालियों की जांच हो शिक्षा विभाग : जांच जारी है, कार्रवाई करेंगे



*राहुल ने कहा कि ये एक नेशनल क्राइसिस है, यह एक इकोनॉमिक क्राइसिस है, यह एक एजुकेशनल क्राइसिस लेकिन मुझे सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाई देती।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूजीसी नेट परीक्षा के गड़बड़ियों के चलते रद्द होने व नीट परीक्षा में कथित धांधलियों की खबरों के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार व शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राहुल ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि इन दोनों परीक्षा प्रणालियों की गहरी जांच हो। उन्होंने कहा कि हमने मेनिफेस्टो में यह साफ तौर पर कहा था कि पेपर लीक के बाद एक्शन लेना एक बात है, लेकिन हमने यह भी कहा कि पेपर लीक होने से पहले जो व्यवस्थाएं थीं, विश्वविद्यालय परीक्षाओं के नियम थे, उनका फिर से आकलन करना होगा, अध्ययन करना होगा और उन्हें फिर से डिजाइन करना होगा। उन्होंने कहा कि नीट मामला मध्य प्रदेश के व्यापम मामले का विस्तृत रूप है। उधर, शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि इसकी जांच जारी है। जैसे ही जांच रिपोर्ट आएगी, सख्त एक्शन लिया जाएगा। माना जा रहा है कि कुछ बड़े अफसरों पर इसकी गाज गिर सकती है।

आरंभिक जांच के दौरान सात ऐसे सीधे मामले मिले हैं, जिनमें फ्रॉड किया गया है

यूजीसी-नेट परीक्षा की नई तारीख का जल्द ऐलान होगा



नीट अभ्यर्थियों ने दिल्ली में प्रदर्शन किया

मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने कहा कि नीट में कई सारे मुद्दे हैं। उन सभी को एक साथ नहीं जोड़ना चाहिए

### जांच रिपोर्ट गृह मंत्रालय के जरिए भेजी गई

सरकार इस मामले को काफी गंभीरता से ले रही है और रिपोर्ट का विश्लेषण कर रही है। नीट-यूजी 2024 और यूजीसी नेट की परीक्षाओं में हुई धांधली पर आरंभिक जांच के बाद एक रिपोर्ट तैयार है। यह प्रारंभिक रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय के जरिए शिक्षा मंत्रालय को भेजी गई है। इसके आधार पर शिक्षा मंत्रालय के अनेक बड़े अधिकारियों को हटाया जा सकता है। नीट और नेट की परीक्षा में बड़े अधिकारियों की कथित तौर पर बड़ी लापरवाही सामने आई है। आरंभिक जांच के दौरान सात ऐसे सीधे मामले मिले हैं।

### यूजीसी-नेट परीक्षा दोबारा करवाई जाएगी

*शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने कहा कि यूजीसी-नेट की परीक्षा दोबारा करवाई जाएगी। यूजीसी-नेट परीक्षा की नई तारीख का जल्द ऐलान किया जाएगा। हमारे लिए छात्र हित सर्वोपरि है। फिलहाल, सीबीआई को मामले को ट्रांसफर कर दिया गया है। मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने कहा कि नीट में कई सारे मुद्दे हैं। उन सभी को एक साथ नहीं जोड़ना चाहिए।*

### किस पर क्या कहा राहुल ने

**पीएम मोदी पर:** कहा जा रहा था कि मोदी जी ने रूस-यूक्रेन युद्ध को रोक दिया। लेकिन कुछ कारणों से नरेंद्र मोदी भारत में पेपर लीक को रोक नहीं पाए हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। अभी प्रधानमंत्री का मुख्य एजेंडा स्पीकर का चुनाव है। उन्हें अपनी सरकार और स्पीकर की चिंता है। प्रधानमंत्री मानसिक रूप से टूट चुके हैं और उन्हें इस तरह की सरकार चलाने में संघर्ष करना पड़ेगा। अगर वाजपेयी जी या मनमोहन सिंह जी होते तो शायद वे बच पाते क्योंकि उनमें विनम्रता, सम्मान और सुलह करने की क्षमता थी। लेकिन पीएम मोदी इन सब बातों में विश्वास नहीं करते।

**आरएसएस पर:** पेपर लीक का कारण यह है कि शिक्षा व्यवस्था पर आरएसएस ने कब्जा कर लिया है। जब तक यह नहीं बदला जाएगा, पेपर लीक होते रहेंगे। यह एक एंटी नेशनल एक्टिविटी है।

**केंद्र सरकार पर:** ये एक नेशनल क्राइसिस है, यह एक इकोनॉमिक क्राइसिस है, यह एक एजुकेशनल क्राइसिस लेकिन मुझे सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाई देती। इसमें गुजरात व बिहार से पेपर लीक होने की ठीक से जांच कराई जानी चाहिए।

## चुनाव आयोग को जांच के लिए मिले थे 8 आवेदन

# 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों की ईवीएम की होगी अब जांच

इनमें 3 भाजपा, 2 कांग्रेस की जीती हुई सीट भी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें हरियाणा-तमिलनाडु की दो-दो सीटें शामिल हैं।

वहीं छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की एक-एक सीटें हैं। 8 सीटों में से भाजपा को 3 और कांग्रेस को 2 सीटों पर जीत मिली थी। वहीं, 3 सीटें अन्य पार्टियों के खाते में गईं। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे। इनमें ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी। आयोग अब इन 8 सीटों के 92 पोलिंग स्टेशनों पर इस्तेमाल हुई ईवीएम की जांच करेगा।

- ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच

### इन जगहों से आई थीं शिकायतें

तमिलनाडु के वेल्लोर और विरुधुनगर सीट की ईवीएम चेक होगी। वेल्लोर से डीएमके के कथिर आनंद ने जीत दर्ज की है। भाजपा उम्मीदवार एसी शनमुगम ने ईवीएम जांच की मांग की है। विरुधुनगर सीट से कांग्रेस के मनिकम टैगोर बी ने डीएमडीके कैंडिडेट विजय प्रभाकरन वी को हराया था। यहां के 14 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की जांच होगी। इसके साथ ही महाराष्ट्र की अहमदनगर लोकसभा सीट से चुनाव हारने वाले भाजपा उम्मीदवार सुजय विखे पाटिल ने ईवीएम माइक्रो कंट्रोलर के वेरिफिकेशन की मांग की है। आंध्र प्रदेश की विजयनगरम सीट से युवजन श्रमिका रायथू कांग्रेस पार्टी के कैंडिडेट बेलाना चंद्रशेखर ने भी ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। जबकि तेलंगाना की जहीराबाद सीट पर आयोग 20 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की जांच करेगा। करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर ईवीएम की जांच करने की मांग की थी।

## अमरवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी ने भरा नामांकन



**भोपाल।** छिंदवाड़ा जिले में होने वाले उपचुनाव की अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर सबकी निगाहें हैं। कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार धीरनशा इनवाती ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित दिग्गज नेताओं और जिले के सभी विधायकों,वरिष्ठ नेताओं के साथ नामांकन दाखिल कर दिया है। पटवारी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि उपचुनाव में कांग्रेस जीतेगी।

## तिहाड़ से आज बाहर आएंगे

# केजरीवाल को बड़ी राहत, मनी लॉन्ड्रिंग केस में मिली जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ी राहत मिल गई है। उन्हें एक लाख रुपए की जमानत राशि पर ये राहत मिली है। ईडी ने जमानत के विरोध के लिए 48 घंटे का समय मांगा है।

### बचाव पक्ष की ये थी दलील

विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदू ने ईडी की सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। बचाव पक्ष ने दावा किया था कि अभियोजन पक्ष के पास आप नेता को दोषी ठहराने के लिए कोई सबूत नहीं है।

## वंदे भारत के खाने को लेकर बवाल

# यात्री को सब्जी में मिला मरा हुआ 'कॉकरोच'



**भोपाल।** भोपाल से आगरा जा रहे वंदे भारत के यात्री ने खाने को लेकर शिकायत की है। यात्री का आरोप है कि उन्हें ट्रेन के खाने में मरा हुआ कॉकरोच मिला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी शिकायत रेलवे को की है। यात्री ने अपने खाने की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है, जो अब वायरल हो गई है।

### रेलवे ने लगाया जुर्माना

इस पोस्ट के वायरल हो जाने के बाद आईआरसीटीसी ने खाना मुहैया कराने वाले पर जुर्माना लगाया है। आईआरसीटीसी ने एक्स पोस्ट करते हुए खेद व्यक्त किया और कहा, यात्रा के दौरान इस अनुभव के लिए हम क्षमा चाहते हैं।

## संस्थान ने लगाया 1.2 लाख रुपए का जुर्माना

# आईआईटी बॉम्बे के छात्रों ने नाटक में किया राम व सीता का अपमान



आरोपी छात्रों को होस्टल सुविधाओं से भी बाहर किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आईआईटी बॉम्बे में ओपन-एयर थिएटर में नाटक के दौरान भगवान राम और देवी सीता का अपमान करने का मामला सामने आया है। इस मामले में संस्थान की ओर से सख्त कार्रवाई करते हुए छात्रों पर 1.2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि एक सेमेस्टर की फीस के बराबर है। बता दें कि मार्च में छात्र ने 'राहोवन' नामक नाटक में भाग लिया था, जो कि रामायण पर आधारित है। इस नाटक में हिंदू धर्म के साथ-साथ राम और सीता के प्रति अपमानजनक है।

## मोबाइल चलाने से रोका था मां ने

# मां की डांट से नाराज होकर 9वीं छात्रा ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

आजकल बच्चों की मोबाइल में गेम की लत से उनकी जिंदगी तक बर्बाद हो रही है। मां की डांट से नाराज एक 9वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा की पहचान 14 वर्षीय आरुषि सिंह के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक, घटना गढ़ा थाना क्षेत्र गुप्ता नगर की है। इस इलाके में रहने वाली 9वीं क्लास की छात्रा ने महज इस बात पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने फोन चलाने से मना कर दिया था। जिसके कारण वह आहत थी और यह कदम उठा लिया।

पुलिस उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि मृतक की मां सरकारी अस्पताल में स्टाफ नर्स हैं, गुरुवार सुबह जब वह काम से घर लौटीं तो उन्हें उनकी बेटी पंखे से लटकी मिली। जब मां ने अपनी बेटी को पंखे से लटकता देखा तो उनके होश उड़ गए। रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए और बच्ची को फंदे से नीचे उतारा।



### कोविड में पिता का निधन हो गया था

आरुषि के पिता का निधन कोरोना काल में ही हो गया था। वह अपनी मां की इकलौती बेटी थी। बेटी के इस कदम के बाद मां सदमे में है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अरब सागर में सक्रिया बढ़ी, अभी तो सभी परिस्थितियां अनुकूल

## आधे प्रदेश में आज मध्यम बारिश का अलर्ट,पारा फिर चढ़ा

# छत्तीसगढ़ में आगे बढ़ा मानसून बालाघाट से लेगा प्रदेश में 'एंट्री'

### आज भोपाल सहित पश्चिमी और पूर्वी मप्र में होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गुरुवार को सुबह से शाम तक बारिश में कमी रही। धूप और बादलों के बीच पारा 3 से 4 डिग्री तक बढ़ गया, जिससे गर्मी और उमस ने परेशान किया। लेकिन दो दिन बाद प्रदेश में मानसून की झमाझम शुरू हो जाएगी। इससे पहले पूर्वी मप्र में गर्मी का असर ज्यादा बढ़ा।

खजुराहो, सागर, सतना, दमोह, नौगांव में पारा 4 डिग्री तक बढ़ा, जो औसतन 41 डिग्री रहा। सर्वाधिक तापमान खजुराहो में 41.6 डिग्री रहा। भोपाल में तापमान एक डिग्री बढ़कर 39 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3 डिग्री अधिक है।

सर्वाधिक तापमान खजुराहो में 41.6 डिग्री रहा



### आज यहां गिरेंगे ओले

शुक्रवार को सिंगरौली, अनुपपुर, शहडोल, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्ना आदि जिलों में बारिश के साथ ओले गिरेंगे। साथ ही भोपाल, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, देवास, शाजापुर, अगरमालवा, सीधी व उमरिया आदि जिलों में तेज हवाओं के साथ गरज चमक और बौछारें पड़ेंगी।



# 'उसने मेरी जिंदगी बदल दी' : करण

**नई दिल्ली।** करण सिंह ग्रोवर बॉलीवुड में आने से पहले टीवी की दुनिया के चहेते सितारे थे। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत सुपरहिट टीवी सीरियल 'दिल मिल गए'से किया था। इसके बाद 'कबूल है'जैसे हिट शो में काम कर दर्शकों पर छा गए थे। उन्होंने अपने करियर में तीन बार शादी रचाई है। उनकी तीसरी शादी बिपाशा बसु संग हुई है। 2016 में इन्होंने धूमधाम से शादी की और आज कपल एक बेटी 'देवी' के माता-पिता हैं। अब शादी और पिता बनने के बाद करण ने अपनी लाइफ को लेकर बातें की। उन्होंने बताया कि बिपाशा ने उनकी लाइफ बदल दी। वह इसके लिए उनके शुक्रगुजार हैं।

लाइफ Style



# स्वरा छलका दर्द: 'मैं अछूत हूं...वे डरते हैं'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वरा भास्कर का कहना है कि वह फैंस के लिए बेबाक हैं, उनका दिल काफी साफ सुधरा है। लेकिन बॉलीवुड उन्हें 'अछूत' मानता है। जब वह अपने मन की बात करती हैं तो उन्हें उसका भारी खमियाजा भी भुगतना पड़ता है। उनके हाथ में आए प्रोजेक्ट उनके हाथ से छीन लिया जाता है। उनका नाम सुनते ही स्टूडियो वाले फिल्मों में लेने से मना कर देते हैं।


हाल ही में स्वरा भास्कर ने कहा कि उनका ट्विटर अकाउंट एक्स उनके लिए सबसे महंगी चीज़ है, क्योंकि इसकी वजह से उनका करियर बर्बाद हो गया। उनका कहना है कि अब फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी उन्हें कास्ट नहीं करना चाहता। विवाद के डर से, भले ही वे ' स्वरा भास्कर जैसी अदाकारा' चाहते हों। उन्होंने यह भी बताया कि उनके चाहने वालों का मानना है कि 'उन्होंने खुद ही अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली' और अपना करियर 'तबाह' कर लिया। स्वरा ने कहा कि जब लोग उन्हें सड़कों पर रोकते हैं या एयरपोर्ट पर उनसे बात करते हैं तो बहुत से लोग उनका समर्थन करते हैं और वह उस समर्थन से ताकत पाती हैं। हालांकि बहुत से लोग हैं, जिनमें से कुछ उनके शुभचिंतक भी हैं, जो महसूस करते हैं कि उन्होंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। स्वरा आगे कहती हैं- बहुत से लोग हैं जो कहते रहते हैं कि 'तुमने गलत काम किया है, तुमने अपना करियर बर्बाद कर लिया, तुमने ऐसा क्यों किया? यह तुम्हारी बहुत बड़ी बेवकूफी थी', जिसमें आपकी अपनी टीम भी शामिल होती है। जो लोग आपसे प्यार करते हैं और वे चिंता की जगह से आते हैं। वे आपके शुभचिंतक हैं इसलिए उन्हें आपको देखकर बुरा लग रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# थिएटर में शो के दौरान गिरे

**लॉस एंजिलिस।** इयान मैकेलेन को हॉलीवुड के प्रॉमिनेंट एक्टर्स में से गिना जाता है। वे 6 दशक से फिल्में कर रहे हैं। हाल ही में एक थिएटर में प्ले के दौरान एक्टर स्टेज पर गिर गए जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया और शो को बीच में ही बंद कर दिया गया। एक्टर 85 साल के हैं और फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। एक्टर की हेल्थ को लेकर अपडेट भी आ गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर थिएटर में एक फाइट सीन कर रहे थे।



# अमेरिका में रिलीज होगी 'मेगालोपोलिस'

**लॉस एंजिलिस।** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लायंसगेट और फिल्म की निर्माता कंपनी के बीच यह वितरण सौदा हुआ है। निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला ही इस फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म अमेरिकन जोएट्रोप के बैनर तले बनी है। दिलचस्प बात यह है कि लायंसगेट की एक और फिल्म उसी दिन रिलीज होने वाली है। इस हॉरर फिल्म का नाम नेवर लेट गो है। वहीं, यूनिवर्सल द वाइल्ट रोबोट और पैरामाउंट इंटरस्टेलर की दसवीं सालगिरह पर इसे दोबारा रिलीज करने जा रही है। स्टूडियो पहले से ही कोपोला के अमेरिकन जोएट्रोप बैनर के साथ व्यापारिक रिश्ते रहे हैं। स्टूडियो ने फिल्मकार की कई फिल्मों के डायरेक्टर्स कट जैसे एपोकैलिप्स नाउ फाइनल कट, द कन्वर्सेशन, द कॉटन क्लब एनकोर, टकरः द मैन एंड हिज ड्रीम, और वन फ्रॉम द हार्टः रिप्राइज को रिलीज किया है।



# अजीज दोस्त ने किया था हेरीफेरी...

**नई दिल्ली।** मार्च 2022 में रिमी सेन ने अपने दोस्त रौनक व्यास के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन पर 4.14 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। उस समय दायर किए गए कागजात के अनुसार, जतिन व्यास ने रिमी को एलईडी लाइटिंग से जुड़ी अपनी नई फर्म में निवेश करने पर काफी मुनाफा देने का वादा किया था। जब जतिन ने उनकी कॉल का जवाब देना बंद कर दिया और पैसे वापस करने से इनकार कर दिया, तब अभिनेत्री को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। एक इंटरव्यू में रिमी कहा, 'वह एक ठग है। वह किसी शहर में जाकर बस जाएगा और लोढ़ा जैसे बिल्डर की आलीशान रिहायशी सोसायटी में फ्लैट किराए पर लेगा। वह एक शानदार कार खरीदेगा और कुलीन क्लबों और जिम का सदस्य बन जाएगा।



# 175 दिन बाद सेट पर लौटे वरुण तेज

**मुंबई।** अभिनेता वरुण तेज एक बार फिर से फिल्म के सेट पर लौट आए हैं और अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद वरुण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। उनकी नई फिल्म का नाम 'मटका' है, जिसका निर्देशन करुणा कुमार कर रहे हैं। वरुण तेज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो साझा किया है, जिसमें एक शख्स अपने हाथ में पुराने जमाने का एक टेलीफोन पकड़कर खड़ा हुआ है। इसे शेयर करते हुए वरुण तेज ने कैप्शन में लिखा, '175 दिनों के बाद नई ऊर्जा और आकांक्षाओं के साथ सेट पर वापस आ गया हूं। 'मटका' के रेट्रो जादू को जीवंत करने के लिए तैयार हूं!' 'मटका' फिल्म की कास्ट की बात करें तो इसमें वरुण तेज के साथ-साथ मीनाक्षी चौधरी और नोरा फतेही भी अभिनय करती हुई दिखाई देंगी।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से एक और एक्टर होने जा रहा बाहर

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो का हर किरदार घर-घर फेमस है। इस शो को काफी पसंद भी किया जाता है और सालों से यह शो टीवी पर सबका दिल जीत रहा है। हालांकि पिछले कुछ समय से कई पुराने एक्टर्स इस शो को छोड़कर चले गए हैं। शो में टप्पू तो 2 बार बदल ही चुका है, लेकिन अब इस टप्पू सेना के एक और एक्टर के शो छोड़ने की खबर आ रही है जिसे सुनकर फैंस को बड़ा झटका लगेगा। दरअसल, यहां जिसकी बात हो रही है वो है गोली। गोली का किरदार कुश शाह निभा रहे हैं। अब हाल ही में एक फैन ने कुश के साथ फोटो शेयर की सोशल मीडिया पर। फोटो शेयर कर फैन ने बताया कि वह कुश को न्यू यॉर्क में मिला। फैन ने बताया कि कुश ने उन्हें बताया कि उन्होंने शो छोड़ दिया है और न्यू यॉर्क में अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद फैंस काफी दुखी हो गए हैं। कोई कमेंट कर रहा है कि गोली को बचपन से देख रहे हैं इस शो में और यहां उसे बड़ा होते हुए देखा है, अगर वह भी चला जाएगा तो मजा नहीं आएगा। कुश का इस शो से जाना सच है कि नहीं यह बात तो खुद कुश और शो के प्रोड्यूसर ही बता सकते हैं।

# कल्पना से परे, रहस्य से घिरा हुआ है इस बार 'बिग बॉस' का सेट...

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' की धमाकेदार शुरुआत होने वाली है। इस बार सब बदल जाएगा। शो के होस्ट अनिल कपूर हैं और उन्होंने शो में अब तक का सबसे दमदार मजा देने का वादा किया है, जिसके लिए प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शो 21 जून को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है, लेकिन उससे पहले प्रशंसकों के लिए खास तोहफा है। 'बिग बॉस ओटीटी 3' के सेट की झलक फैंस को दिखाई गई है, जो बेहद शानदार और हर बार से ज्यादा भव्य है।



# सोनाक्षी की शादी के जश्न में 'मामा' संग हंसते दिखे शत्रुघ्न

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के संग शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 23 जून वे मुंबई में शादी करेंगी। इसके साथ ही अटकलें लगाई जा रही हैं कि होने वाली इस शादी में उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा शामिल नहीं होंगे। इतना ही सिन्हा फैमिली से कोई सदस्य इस शादी का हिस्सा नहीं बनेगा।



हालांकि, इन खबरों को खारिज करते हुए सोनाक्षी के 'मामा' पहलाज निल्हानी कहा कि वे अपनी लाडली की शादी में जरूर शामिल होंगे। लगता है कि पहलाज निल्हानी की ये बातें सच साबित हो गई हैं। सोशल मीडिया के जरिए शत्रुघ्न सिन्हा की एक फोटो सामने आई है, जिसमें वे सोनाक्षी के 'मामा'के संग मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि शत्रुघ्न सिन्हा हल्दी कार्यक्रम में मेहमानों के बीच शामिल रहे. फोटो में शत्रुघ्न ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। इस फोटो को भारतीय एस प्रधान ने अपने ट्विटर पर शेयर की हैं। उन्होंने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- दुल्हन के पिता के साथ शत्रुघ्न सिन्हा, और सोनाक्षी के 'मामा' पहलाज निल्हानी से थोड़ी देर पर पहले चैंबर पर मुलाकात हुई। फोटो के आखिरी लाइन में उन्होंने लिखा 'सिन्हा परिवार में जश्न का समय है!' सोनाक्षी-जहिर इकबाल की शादी तैयारियों और विवादों के बीच शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार मुस्कुराते हुए देखा गया है। फोटो में शत्रुघ्न का लुक काफी शानदार दिख रहा है।

# मिर्जापुर 3 का ट्रेलर जारी, दिखेगी छल-कपट की झलक

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो की चर्चित वेब सीरीज 'मिर्जापुर' को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। इस शो में नजर आए सभी किरदारों को पसंद करने वाले फैंस की अपनी एक अलग सूची है। फैंस लंबे वक्त से इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। हाल में ही इसके तीसरे सीजन के रिलीज डेट की घोषणा की गई थी, जिसमें बताया गया था कि इसे 5 जुलाई 2024 को रिलीज किया जाएगा। अब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख दर्शकों को वापस से पुरानी वाइब मिल रही है। ट्रेलर के जबर्दस्त डायलॉग सुन आप सीरीज देखने के लिए और ज्यादा उत्साहित हो जाएंगे। पिछले सीजन के क्लाइमैक्स के बाद तीसरा सीजन उसी कहानी को आगे बढ़ाएगी। पूर्वांचल के अपराध और सत्ता पाने की लालच में सीरीज के सारे कलाकार एक-दूसरे के साथ खून खराबा करते नजर आ रहे हैं।




***सोशल मीडिया पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया :*** सीरीज में गुड्डू पंडित यानी कि अली फजल का डायलॉग लोगों को बताने का, कालीन भैया गॉन और गुड्डू पंडित ऑन। दर्शकों की विशेष सराहना बटोर रहा है। मिर्जापुर की गद्दी पाने की लड़ाई में गुड्डू पंडित कालीन भैया पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख अब सीरीज देखने की चाह बढ़ गई है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'गुड्डू पंडित का भौकाल कायम है। अब कालीन भैया का पलटवार देखने के लिए उत्साहित हूं।'

## इन कलाकारों से सजी है मिर्जापुर 3

'मिर्जापुर' सीरीज में कई नामचीन कलाकार नजर आए हैं। सीरीज में पंकज त्रिपाठी को 'कालीन भैय्या' और अली फजल को 'गुड्डू पंडित' की भूमिका में काफी पसंद किया गया है। इनके अलावा दिव्येंदु शर्मा भी 'मुन्ना त्रिपाठी' के किरदार में सीरीज के पहले दो सीजन के लिए काफी महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुए थे। इन कलाकारों के अलावा इस सीजन में श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, हर्षिता गौर, विजय वर्मा, अंजुम शर्मा, शीबा चड्ढा ,राजेश तैलंग आदि भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लिस्ट में शाहिद कपूर की दो मूवीज भी शामिल

# शराब और नशे की लत को दर्शाती हैं ये हिंदी फिल्में

***मुंबई।*** *हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के फिल्मकार समाज की अच्छी और बुरी चीजों को अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए लोगों के सामने पेश करते हैं। मौजूदा समय में देश में बड़ी संख्या में युवा नशे के आदि बनते जा रहे हैं। बॉलीवुड में भी युवाओं की इस कठोर वास्तविकता को फिल्मों के माध्यम से कई बार दिखाया जा चुका है। आइए ऐसी फिल्मों के बारे में जानते हैं जो इस विषय को सटीक रूप से चित्रित करती हैं।*



**उड़ता पंजाब :** शाहिद कपूर की बेहतरीन फिल्मों में उड़ता पंजाब का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। फिल्म में उनके साथ दिलजीत दोसांझ, अलिया भट्ट और करीना कपूर खान ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया था। फिल्म में पंजाब के युवाओं में बढ़ते नशीली दवाओं की लत को दिखाने की कोशिश की गई थी। यह फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई थी।



**फैशन :** मधुर भंडारकर के निर्देशन में बनी फिल्म फैशन को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म की कहानी फैशन मॉडलों की जिंदगी की कहानी बयां करती नजर आई थी। फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के नशीली दवाओं के दुरुपयोग और ओवरडोज जैसे नकारात्मक पहलुओं पर इस फिल्म के जरिए प्रकाश डालने की कोशिश की गई थी। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, कंगना रणौत और मुग्धा गोडसे ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थीं। ओटीटी पर इसे नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।



**दम मारो दम :** दम मारो दम का निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया था। यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर थी। इसकी कहानी ड्रग तस्करों और अंतरराष्ट्रीय अपराधियों की गिरफ्तारी और उसकी जांच पर केंद्रित थी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु, राणा दग्गुबाती, आदित्य पंचोली, प्रतीक बब्बर और गोविंद नामदेव जैसे कलाकारों ने काम किया था।



**शैतान :** बिजॉय नाम्बियार के निर्देशन में बनी शैतान में राजीव खंडेलवाल, कल्कि केकलां, गुलशन देवैया, शिव पंडित, नील भूपालम, कीर्ति कुल्हारी, रजित कपूर, पवन मल्होत्रा और राजकुमार राव जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म की कहानी मादक पदार्थों के सेवन करने वालों के एक समूह की है जो एक हिट-एंड-रन दुर्घटना को छिपाने की कोशिश करते हुए आपराधिक गतिविधियों में उलझ जाते हैं। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

**देव डी :** फिल्म देव डी को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में अभय देओल, माही गिल और कल्कि केकलां मुख्य भूमिका में थे। अनुराग कश्यप के निर्देशित में बनी यह फिल्म बंगाली उपन्यास देवदास पर आधारित थी, जिसे नए अंदाज से लोगों के सामने पेश किया गया था। फिल्म में एक युवक को अपने बचपन के प्यार को खोने के बाद ड्रग्स और शराब की लत में पड़ते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो स्ट्रीम किया जा सकता है।



**कबीर सिंह :** इस लिस्ट में शाहिद कपूर की एक और फिल्म का नाम शामिल है। फिल्म कबीर सिंह ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। संदीप रेड्डी वंगा ने निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक युवक को अपनी प्रेमिका को खोने के बाद शराब का जमकर सेवन करते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

## आज से निजी स्कूलों में शुरु होगा अध्ययन-अध्यापन

# कलेक्टर की समझाईश के बाद स्कूलों में लौटेगी रौनक



जबलपुर। जबलपुर मे निजी स्कूलो और प्रशासन के बीच खिंची तलवार आज से वापस मयान मे जाने की संभावना है। नियमानुसार चल रहे स्कूलो को कलेक्टर ने भरोसा दिलाया है कि प्रशासन उनके साथ है। नियम विरुध्द चल रहे स्कूलो से कहा गया है कि आपको अपनी गलती स्वयं सुधारने का पूरा मौका दिया जाएगा। वही भ्रष्टाचार कर रहे स्कूलो को चेतावनी दी गई है कि अब भी समय है संभल जाएं, वर्ना जेल जाने के लिये तैयार रहें। कुल मिलाकर प्रशासन और स्कूलो के बीच चल रही तकरार खत्म हो चुकी है। प्रशासन के आश्वासन के बाद आज से सभी छोटे बड़े निजी स्कूल खुल जाएंगे। गौरतलब है कि बीते दिनो कलेक्टर जबलपुर ने शहर के टॉप स्कूलो पर हुई ताबड़तोड़ कार्यवाही के बाद पूरे हिन्दुस्तान के शिक्षा जगत की चर्चा का केन्द जबलपुर बन गया था। 18 जून से स्कूलो का नया सत्र शुरु होना था, लेकिन जबलपुर के बड़े स्कूलो ने अघोषित हड़ताल की स्थिति बनाकर प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास किया। जिसके बाद प्रशासन हरकत मे आया और स्कूलो से चर्चा की और मध्य मार्ग निकालने का सफल प्रयास किया गया। कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियें ने सभी स्कूल संचालको और प्रचार्यो और स्टॉफ की आशंकाओ का समाधान किया और सभी को विश्वास मे लेने का सफल प्रयास किया। जिसके नतीजे मे आज से स्कूलो के दरवाजे खुल जाएंगे और नया शैक्षणिक सत्र शुरु हो जाएगा। गौरतलब है कि जबलपुर में 18 जून से स्कूल खुलने थे लेकिन लेकिन जबलपुर में निजी स्कूलों ने एक साथ स्कूल खोलने से मना कर दिया था. निजी स्कूल के नहीं खुलने से अभिभावक व बच्चे इस भ्रम में थे कि स्कूल कब खुलेंगे. हालांकी स्कूल संचालको की तरफ से किसी तरह की कोई हड़ताल की बात नही कही गई थी। लेकिन सब जान रहे थे कि स्कूलो का न खुलना प्रशासन की विगत दिनो हुई कार्यवाही से जुड़ा है। अब उम्मीद की जा रही है कि प्रशासन के साथ बैठक और कलेक्टर के आश्वासन के बाद स्कूलो और प्रशासन बीच चल रही तकरार खत्म होगी।

### यहां सख्ती...

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने स्कूलो को स्पष्ट किया है कि स्कूलों को नियमानुसार ही चलना होगा. पुस्तकों की मोनोपोली खत्म करनी ही होगी. शासन ने जो फीस के नियम बनाए है, उसका सख्ती से पालन करना होगा. जो स्कूल इस मामले मे गफलत या मनमानी करेंगे, उन्हे कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा।

### यहां नरमी...

वही प्रशासन ने यह भी कहा है कि किसी भी बड़ी कार्यवाही से पूर्व स्कूलो को विधिवत सूचित किया जाएगा। उन्हे गलतियो और गड़बड़ियो को सुधारने का पूरा मौका दिया जाएगा। इसलिय किसी को डरने की जरुरत नही है।

### एनसीआरटी पुस्तक अनिवार्य करने की मांग

वही दूसरी तरफ किताबों पर हो रही फर्जीवाड़े को लेकर स्कूल संचालक नमन जैन ने सरकार से मांग की है कि सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तक अनिवार्य कर दिया जाए. जिससे कि पुस्तक फर्जावाड़ा पूरी तरह से रुक जाएगा। एकरूपता आने से मोनोपोली की समस्या खत्म हो जाएगी। स्कूल संचालकों का अनिश्चितकालीन जैसा हड़ताल करने का कोई भी प्लान नहीं था। हमारा सोचना सिर्फ इतना था कि भीषण गर्मी के चलते बच्चे परेशान न हो क्योकि इससे पहले भी राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी गर्मी के कारण छुट्टी की गई थी।

## नौनिहालों के भविष्य से संगठित होकर किया गया गंभीर अपराध

### अदालत ने तल्ख टिप्पणी के साथ निरस्त की इंदुरख्या बंधुओं की जमानत अर्जियां

**जबलपुर**। सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश शशि भूषण शर्मा की अदालत ने जबलपुर के बहुचर्चित अवैध फीस वसूली व पाठ्यपुस्तक घोटाले के आरोप के मामले में आरोपित स्कूल पाठ्य सामग्री विक्रेता इंदुरख्या बंधुओं आलोक कुमार व श्रीराम की जमानत अर्जियां निरस्त कर दीं। अदालत ने अपने आदेश में आरोपितों द्वारा नौनिहालों के भविष्य से संगठित होकर अपराध करने की तल्ख टिप्पणी भी की। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह के गंभीर अपराध के जरिये बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने का अनुचित व निंदनीय प्रयास किया गया। इस तरह की हरकतों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो सकता है। इस प्रकरण में आरोपितों की औपचारिक गिरफ्तारी की गई है। उनके विरुद्ध दो अन्य अपराध दर्ज हैं। अनुसंधान जारी है। लिहाजा, वर्तमान परिस्थिति में जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपितों पर गंभीर प्रकृति का आरोप है। अतः जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। आरोपितों ने कुछ पाठ्यपुस्तकें दिल्ली से खरीदकर लाई जाती थीं। इसके बाद उनके आईएसबीएन नंबर के आधार पर स्वयं के द्वारा बहुत सारी पुस्तकें छापी जाती थीं। साथ ही अनुचित मूल्य पर विक्रय की जाती थीं। यह रवैया कूटरचना की कोटि में आता है। इसीलिए अजय उमेश जेम्स, एलएम साठे, एकता पीटर, साजी थामस, ललित सोलोमन, आलोक इंदुरख्या व श्रीराम इंदुरख्या को धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत आरोपित बनाया गया।

## निरीक्षण दल ने किया अमझर स्थित क्रेशर प्लांट का निरीक्षण



**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा गठित निरीक्षण जांच दल ने कुंडम के अमझर स्थित क्रेशर प्लांट का निरीक्षण किया। अनुभाग कुंडम के राजस्व अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती मोनिका बाघमारे ने बताया कि उन्हें उक्त क्रेशर के आस-पास ब्लास्टिंग की शिकायतें प्राप्त होने पर निरीक्षण दल क्रेशर प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान क्रेशर प्लांट वैल्जी रत्ना सोराठिया के पक्ष में भंडारण अनुज्ञप्ति एवं अस्थाई अनुज्ञा स्वीकृत होना पाया गया। स्वीकृत स्थलों की जांच करने पर स्वीकृत रकबा के अतिरिव्त क्षेत्र में अवैध रूप से गिट्टी का भंडारण होना पाया गया। जिसकी लगभग मात्रा 50 हजार घनमीटर आंकलित की गई। जिस पर कार्यवाही करते हुए प्रकरण बनाया गया। वीआरएसआई कंपनी द्वारा खसरा क्रमांक 16 शासकीय चारागाह मद भूमि में अस्थाई कैंप, आवास एवं ऑफिस बनाया गया। जिसकी कोई अनुमति प्राप्त नहीं की गई। कंपनी द्वारा रिंग रोड निर्माण के एलाइनमेंट एरिया में ब्लास्टिंग की गई है, जिसकी कोई अनुमति नहीं ली गई है। उव्त अनियमितता के कारण कंपनी पर मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता के तहत कलेक्टर जबलपुर के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। उव्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग कुंडम, तहसीलदार कुंडम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुंडम, पुलिस बल थाना ख़म्हरिया, खनि निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी व स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सूने मकान का ताला तोड़कर 4 लाख के जेवर व नगदी चोरी

**जबलपुर**। माढोताल थाना अतंर्गत शारदा नगर माढोताल में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 4 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर सहित नगदी 25 हजार रुपए चोरी कर ले गए। बताया गया है कि माढोताल निवासी दुबे परिवार अपनी बहन के यहां अमरकंटक गया था। 14 से 18 जून के बीच सूने घर में अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। माढोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शारदा नगर माढोताल निवासी 38 वर्षीय आनंद कुमार दुबे गत 14 जून को घर पर ताला लगाकर अपने माता पिता को लेकर अपनी बहन के घर अमरकंटक गया था। जहां से गत 19 जून को दिन में 2 बजे अपने घर वापस आया तो देखा कि मेन दो दरवाजों के ताले टूटे थे। अंदर रखी अलमारी का लॉकर भी टूटा था। जिसमें रखे सोने के गले के दो हार, 5 नाक की लोंग, दो नथनी, तीन गिन्नी, 4 जोड़ी कान के बाले, 4 जोड़ी अंगूठी एवं सात जोड़ी चांदी की पायल, 10 जोड़ी बिछिया, 7 जोड़ी पायलें, पुरानी प्लेटनियम की 1 अगूंठी तथा नगदी 25 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

## मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा बलिदान दिवस कार्यक्रम

### प्रमुख सचिव जनजातीय कल्याण ने तैयारियों को लेकर की बैठक



**जबलपुर**। प्रमुख सचिव जनजातीय कल्याण विभाग डॉ. ई.रमेश की अध्यक्षता में वीरांगना रानी दुर्गावती के 500 वें बलिदान दिवस को यादगार व अक्षुण्य बनाये रखने के लिये 24 जून को होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में कलेक्ट्रेट में बैठक की। इस दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुख्य आतिथ्य में वेटरनरी ग्राउंड में बलिदान दिवस का गरिमामय कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा व तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी की समाधि स्थल नरई नाला में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जाना प्रस्तावित है, जहां वे वीरांगना रानी की समाधि स्थल पर श्रद्धांजली अर्पित करेंगे। उन्होंने समाधि स्थल के कार्यक्रमों के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक के पूर्व उन्होंने नरई नाला जाकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण कर साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, पौधा रोपण करनें तथा शहीद वीर नारायण व वहां स्थित धार्मिक स्थल तक जाने के रास्ते को व्यवसथित करने के आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीती यादव, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक पूर्व सभी अधिकारियों ने वेटरनरी ग्राउंड पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों से किया संवाद

**जबलपुर**। तीन दिवसीय स्कूल चले हम अभियान के तीसरे और अंतिम दिन गुरुवार को जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बच्चों से संवाद किया तथा उन्हें बेहतर भविष्य बनाने के लिये प्रेरित किया। पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री अजय विश्नोई ने स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम शिरकत की। श्री विश्नोई ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें भविष्य में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीएम राइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करोंदी ग्राम में भविष्य से भेंट कार्यक्रम में विधायक श्री अशोक रोहाणी शामिल हुये। उन्होंने शाला के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें मन लगाकर पढ़ने और बड़े होकर परिवार और शाला का नाम रोशन करने प्रेरित किया। श्री रोहिणी ने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना भी की। एसडीएम रांझी रघुवीर सिंह मरावी ने भी इस शाला में बच्चों से अपने अनुभव साझा किये।महाराजपुर एकीकृत माध्यमिक शाला में पनागर विधानसभा के विधायक माननीय सुशील तिवारी इंदु भविष्य से भेंट कार्यक्रम में उपस्थित हुये। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को रोचक सवाल-जबाब के माध्यम से बेहतर भविष्य गढ़ने की प्रेरणा दी। सीएम राइज विद्यालय कुंडम में विधायक श्री संतोष बरकड़े, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बच्चों को पाठय़ पुस्तक वितरण किया और उनसे अपने अनुभव साझा किये। राइट टाउन स्थित एमएलबी स्कूल में आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम में विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने शाला की छात्राओं का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया तथा पाठय़पुस्तक प्रदान की। इस अवसर पर विधायक डॉ पांडे ने कक्षा 12वीं की जीव विज्ञान संकाय की छात्राओं से अपने अनुभव साझा करते हुए रसायन विज्ञान विषय की आवर्त सारणी से संबंधित प्रश्न भी विद्यार्थियों से पूछे। उन्होंने विद्यालय में पौधारोपण भी किया तथा छात्राओं से अपने जन्म दिवस पर एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विद्यालय की मेधावी छात्राओं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं डीपीसी योगेश शर्मा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोटिया ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सालीवाडा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अपनी उपस्थिति प्रदान की और बच्चों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। स्कूल चलें हम अभियान के समापन दिवस पर आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी जिले के विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया।

## जल प्लावन रोकने नगर निगम तैयार: निगमायुक्त

**जबलपुर**। वर्षाऋतु के दौरान पूरे शहर में कहीं पर भी जल प्लावन की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए निगमायुव्त श्रीमती प्रीति यादव ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि अभी से कमर कस लें। निगमायुव्त श्रीमती प्रीति यादव ने कहा कि पूरा स्वास्थ्य अमला सामान्य साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ नाला-नालियों एवं कंजरवेंसियों की साफ-सफाई पर पूरा फोकस रखें कहीं पर भी नाला-नालियों चोक न हों और वर्षा जल सुगमतापूर्वक निकल सके और कहीं से किसी प्रकार की कोई शिकायत न आए। शहर में संभावित जलप्लावन के लिए चिहिन्त क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी की सारी व्यवस्थाएँ दुरूस्त रखें। निगमायुव्त ने मुख्यालय के अग्नि शमन विभाग के साथ सभी संभागीय कार्यालयों में भी बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना और उसमें नामजद अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी लगाकर तीन शिफ्टों में 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित करने अधिकारियों को भी निर्देश दिये। निगमायुव्त श्रीमती प्रीति यादव ने कहा कि बारिश के दौरान कहीं पर अचानक कोई शिकायत आती है ।



## हाईकोर्ट के निर्देश पर ट्रांसपोर्ट नगर के अतिक्रमण हटाए गए

**जबलपुर**। हाई कोर्ट के निर्देश पर चंडालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरु की गई। पहले दिन सी 1 से सी 10 तक के एवं सी 26 व सी 37 के अतिक्रमण हटाए गए। ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष बबलू अग्रवाल द्वारा हाईकोर्ट मं याचिका दायर की गई थी, जिसमें न्यायालय के निर्देश के बाद नायब तहसीलदार अधारताल द्वारा सीमांकन कराया गया जिसमें खसरा नंबर 153, 154 के अंश भाग पर अवैध निर्माण पाए गए। जिसके बाद हाईकोर्ट ने भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित किए। हाईकोर्ट के आदेश के पालन में जिला कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम अधारताल द्वारा नगर निगम के सहयोग से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान तमाम अधिकारी और पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## एफआईआर से भड़के भाजपाई, धरने पर बैठे

# कोतवाली में चकाजाम, विद्युत अधिकारी पर मुकदमे की मांग



जबलपुर।

विजय नगर विद्युत संभाग के कार्यपालन यंत्री इमरान खान और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बुधवार को हुये विवाद ने एफआईआर के बाद तूल पकड़ लिया। गुरुवार को सुबह से ही तनातनी का माहौल बना रहा और विजय नगर बिजली दफ्तर में पुलिस बल तैनात रहा। सुबह शिव सैनिकों ने हो हल्ला मचाया और कार्यपालन यंत्री इमरान खान की कार्यवाही को भेदभाव पूर्ण बताया शाम होते होते भाजपा भी आक्रोशित हो गई। कोतवाली थाने के सामने भाजपा नेता और कार्यकर्ता धरने पर बैठ गये। घटना की जानकारी मिलते ही तमाम भाजपाई कोतवाली की तरफ रुख करने लगे, वहीं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गये। भाजपाई इस बात से नाराज थे की जब बुधवार को दोनों पक्षो के बीच सुलह करा दी गई थी। फिर एफआईआर दर्ज क्यों कराई गई। अब एफआईआर इमरान खान के खिलाफ भी दर्ज की जाए। वे जनता के काम नहीं करते, भ्रष्टाचार के आरोप हैं, जन शिकायतों को लेकर जनप्रतिनिधि उनके पास पहुंचते हैं तो अभद्रता की जाती है। इन्हीं हालातों को लेकर विवाद की स्थिति बनी। देर शाम भाजपाईयों ने धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। कोतवाली थाने के सामने जाम की स्थिति लग गई। धरना प्रदर्शन में भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, विधायक अभिलाष पाण्डे, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अजय विश्नोई, पूर्व राज्यसमंत्री शरद जैन, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, नगर मंत्री पंकज दुबे, भाजपा नेता संदीप जैन, भाजपा के सभी पार्षद मंडल अध्यक्ष और नगर पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे। थाने के सामने सड़क पर धरने पर बैठ गये। भाजपा नेताओं का यही कहना था कि जन समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधि अगर अधिकारियों के पास पहुंचते हैं तो उन्हें बहाने बनाने के बजाए। समस्याएं सुननी चाहिये और उनका समाधान करना चाहिये। इमरान खान ने ऐसा नहीं किया लगातार मीटिंग होने का बहाना बनाते रहे। उनकी शिकायत पुलिस थाने में पहले दी गई लेकिन पुलिस ने उसपर एफआईआर दर्ज नहीं की और उनकी शिकायत पर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। भाजपा नेताओं का कहना था कि गहमा गहमी के दौरान हुई घटना को लेकर दोनों पक्षों के बीच सोहाद्र पूर्ण वातावरण में चर्चा कराकर समझौता करा दिया गया। फिर एफआईआर कराकर एक तरह से जनप्रतिनिधियों को चुनौती दी गई। वहीं उनका अपमान भी किया गया। चक्का जाम की जानकारी मिलने पर चार थानों का पुलिस बल और एडीशनल एसपी समर वर्मा मौके पर पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा नेताओं से चर्चा की। भाजपा नेताओं ने कार्यपालन यंत्री इमरान खान के खिलाफ भी एफआईआर रखने की मांग रखी। इमरान खान पर एफआईआर क आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। दो घंटे से अधिक समय तक कोतवाली थाने में हंगामे की स्थिति चलती रही। चकाजाम के कारण कोतवाली के दोनों तरफ लम्बा जाम लग गया।

**भौतिक स्थिति के संबंध में विभिन्न कोणों से फोटोग्राफ डिजिटल रूप से तिथि व समय दर्शाते हुए पेश करने के निर्देश**

# वादग्रस्त मकान में वादी के आधिपत्य पर हस्तक्षेप न करने का आदेश



**जबलपुर।** प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड प्रियम कुमार सक्सेना की अदालत ने वादग्रस्त मकान में वादी के आधिपत्य पर हस्तक्षेप न करने का आदेश सुनाया। साथ ही भौतिक स्थिति के संबंध में विभिन्न कोणों से फोटोग्राफ डिजिटल रूप से तिथि व समय दर्शाते हुए पेश करने के निर्देश भी दिए। वादी घोड़ा नक्काश, हनुमानताल निवासी प्रमिला शर्मा की ओर से अधिवक्ता विनोद सिसोदिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वादी वृद्धा विगत 70 वर्ष से वादग्रस्त मकान में किरायेदार की हैसियत से रह रही है। प्रतिवादी दिलीप कुमार चड्डा उनका पड़ौसी है, जिसने वादी को नोटिस दिए बिना वादग्रस्त मकान क्रय कर लिया। वादी का तर्क है कि उसके द्वारा नगर निगम, जबलपुर को नियमित रूप से किराया अदा किया जा रहा है। नगर निगम की भवन शाखा से वादग्रस्त मकान के जर्जर होने की स्थिति में मरम्मत के लिए भी स्वतंत्र किया था। जिसके आधार पर मरम्मत कराकर नगर निगम को अवगत करा दिया गया। इसके बावजूद प्रतिवादी नगर निगम व दिलीप कुमार चड्डा मकान खाली करने दबाव बना रहे हैं। यही नहीं मकान को जर्जर निरूपित कर तोड़ने की कोशिश की जा रही है। इससे वादी के बेघर होने की आशंका बन गई है। वृद्धावस्था में यह उचित नहीं होगा।

## हाई कोर्ट से स्मैक तस्करी के आरोपित को जमानत

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने स्मैक तस्करी के आरोपित नरसिंहपुर निवासी पुरुषोत्तम लोधी की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। न्यायमूर्ति देव नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने कहा अपने आदेश में साफ किया कि आवेदक 11 नवंबर, 2023 से जेल में बंद है और ट्रायल समाप्त होने में समय लगेगा। लिहाजा, जमानत का लाभ दिया जाता है। हालांकि कोर्ट ने आवेदक को नियत तिथि पर ट्रायल कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश भी दिए हैं। आवेदक नरसिंहपुर निवासी पुरुषोत्तम लोधी की ओर से अधिवक्ता रोहित रजक ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि तेंदूखेड़ा पुलिस ने आवेदक के विरुद्ध एनडीपीएस व अन्य धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। उस पर समैक तस्करी का आरोप है। आवेदक की ओर से दलील दी गई कि पुलिस को उसके कब्जे से कोई नशे की वस्तु नहीं मिली है। मामले में बनाए सह आरोपित के कब्जे से पुलिस ने समैक जब्त की थी, जबकि वह तो वहां खड़ा था। पुलिस ने शक के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दलील दी गई कि मामले की ट्रायल पूरी होने में बहुत वक्त लगेगा, इसलिए उसे जमानत दी जाए।



# दिव्यांगों और ग्रामीण बच्चों ने किया योग

**जबलपुर।** ग्राम नतवारा में ग्रामीण बच्चों और दिव्यांग बच्चों ने समाज सेवी श्रद्धा मालपाणी द्वारा आयोजित योग दिवस के पूर्व सभी ने एक साथ योगा किया, इसमें योग के विविध प्रकार का प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया गया। आयोजन मुख्य अतिथि पूर्व महापौर डॉ. स्वाति गोडबोले के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, इस अवसर पर स्व. मधुसूदन दास मालपाणी द्वारा किये विकास कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीकान्त अग्निहोत्री, सीमा खत्वानी, तरंग ग्रोवर, डॉ. मानसी चपुस चन्पुरिया एवं कमला देवी मालपाणी, प्रवीण सिंह उपस्थित थे।



# "स्वयं और समाज के लिए योग" वार्षिक थीम पर किया संगठित योगाभ्यास

**जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। उसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय संस्थान के सेवा केंद्र शिव स्मृति भवन नेपियर टाउन जबलपुर में विभिन आसनों और प्राणायाम के अभ्यासो को करा कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसी के साथ पूरी सभा ने राजयोग का भी अभ्यास किया। सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी भावना दीदी ने कहा कि राजयोग "स्वयं और समाज के लिए योग" विषय इस प्राचीन राजयोग के अभ्यास के सार को पूरी तरह से दर्शाता है। योग केवल व्यक्तिगत कल्याण के बारे में नहीं है, यह आंतरिक आत्म और बाहरी दुनिया के बीच संबंध को बढ़ावा देता है।डॉ पुष्पा पांडेय गीता विद एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बताया की हर साल 21 जून को पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए एक साथ आता है। यह वैश्विक परिघटना प्राचीन भारतीय योग पद्धति तथा शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण पर इसके गहन प्रभाव को मान्यता देती है।

**मानवकुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला रहा उपविजेता**

# बंगाली कालीबाड़ी के खिलाड़ियों ने 23 स्वर्ण, 10 रजत, 4 कांस्य पदक जीते



**जबलपुर।** बंगाली कालीबाड़ी प्रेमनगर मार्शल आर्ट एकेडमी के संस्थापक राजकुमार यादव एवं आयोजक सचिव जयराज चौधरी ने बताया कि मानव क्रीड़ा एवं कला अकादमी ऑफ इंडिया एवं जबलपुर ताइक्वांडो यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय ग्रीष्मकालीन जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024 का आयोजन रॉक फोर्ड फाउंडेशन स्कूल मदन महल जबलपुर में सम्पन्न कराई गई जिसमें मुख्य रूप से प्रेमनगर बंगाली कालीबाड़ी मार्शल आर्ट एकेडमी, मानकुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला, बिलहरी मार्शल आर्ट एकेडमी, श्रीजानकी रमण महाविद्यालय मार्शल आर्ट एकेडमी के 65 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मिलन मुखर्जी अध्यक्ष प्रेमनगर बंगाली कालीबाड़ी समिति, उत्कर्ष गुप्ता, नीरज कुमार स्पोर्ट्स डायरेक्टर, एस. मसीह संचालक मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला, ई.एस.जोसवा प्राचार्या मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला, जोसना मुखर्जी, कैप्टन आलोक त्रिवेदी, लवकेश उपाध्याय थाना प्रभारी मंचासीन रहे। उक्त प्रतिस्पर्धा में बंगाली कालीबाड़ी मार्शल आर्ट ने 23 स्वर्ण पदक, 10 रजत पदक, 4 कांस्य पदक अर्जित कर ओवरऑल टीम चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया, वहीं मानवकुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सुश्री शिवानी बेन, मोहित यादव, मानवराज यादव, अशिता रॉय, वैष्णवी उपाध्याय, अभिषेक पटेल ने निभाई। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राजकुमार यादव एवं आयोजक सचिव जयराज चौधरी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया।



# बुजुर्गों की पेंशन ना रोकी जाए

**जबलपुर।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉक्टर अखिलेश खंडेलवाल के निर्देशानुसार झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जबलपुर ग्रामीण जिला संयोजक बाबू सिंह ठाकुर ने सहायक अधीक्षक अंकिता जैन को ज्ञापन सोपते हुए बताया कि आधार अपडेशन के बाद बुजुर्गों की पेंशन अचानक रोक ली गई है जिससे पात्र पेंशनधारी परेशान हो रहे हैं। उनके बीच भ्रामक भ्रांति भी फैल रही है कि कहीं हमारी पेंशन हमेशा के लिए रोक न दी जाए। एक लाख पेंशनधारी बुजुर्गों का पुन पंजीयन कराकर उनकी पात्रता परीक्षण के उपरांत पुन पेंशन प्रारंभ किए जाने की बात अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इस विषयक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेशभर में जिला मुख्यालय पर कलेक्टर का ध्यानाकर्षण करवाएगा। प्रकोष्ठ के बाबू सिंह ठाकुर ने बताया कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि बुजुर्गों की पेंशन जल्द से जल्द चालू की जाएगी। इस दौरान भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दीपक नाहर,जिला संयोजक ठाकुर बाबू सिंह,जिला सह संयोजक अनंत पाण्डे,अरुण बंशकार,आदर्श ठाकुर,अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगर निगम द्वारा निर्मित स्कूल बिल्डिंग सर्वसुविधायुक्त हो

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि नगर निगम द्वारा शासकीय शालाओं में अध्ययनरत बच्चों के लिए प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं की जो भी बिल्डिंग तैयार की गई हैं उसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नई बिल्डिंग सर्वसुविधायुक्त होनी चाहिये। स्कूल बिल्डिंग में लाईट, पंखा, पानी, टेबल, कुर्सी, डेक्स, बाउंड्रीवॉल के साथ ही पूर्ण सुविधायुक्त वातावरण होना चाहिए, जिससे बच्चे सकारात्मक वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकें। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्ररहीम, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, रऊफ भाई, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह, सुधीर अवधिया, एनोस विक्टर, आसाराम झारिया, फिलिप एंथोनी, गोपी साह, मनीष मिश्रा, रामेश्वर प्रसाद दुबे, संतोष चौरसिया, रेवा प्रसाद चौबे, दीपेश जैन, लक्ष्मी प्रसाद कुसवाहा, खुशी लाल झरिया, आशीष कोरी आदि ने नगर निगम कमिश्नर से मांग की है की सभी नवनिर्मित स्कूल बिल्डिंग सर्वसुविधायुक्त हों।



# श्रीमहावीर जिनालय में भव्य कलशारोहण 22-23 जून को

**पाटन।** आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज जी महाराज के परम आशीर्वाद से बाजार स्थित दिगंबर श्री महावीर जिनालय बड़ी दाई मंदिर मै भव्य कलशारोहण कायॅकम का आयोजन दिनांक 22 एवं 23 जून को आचार्य श्री के परम शिष्य वात्सल्य मूर्ति श्री 108 निर्यापक मुनि प्रसाद सागर महाराज मुनि पदमा सागर महाराज मुनि शीतल सागर महाराज के परम सानिध्य में प्रथम दिन याग मंडल विधान एवं द्वितीय दिवस भव्य स्वर्ण कलशारोहण का आयोजन किया गया है वर्तमान आचार्य परम योगी 108 समय सागर महाराज के आशीर्वाद से संपन्न होगा सकल जैन समाज ने सभी से उपस्थित की अपील की है।

# सहायक संचालक ने किया स्कूल का निरीक्षण



**पाटन।** राज्य शासन के निर्देशानुसार भविष्य भेंट के अंतर्गत विकासखंड पाटन के सहायक संचालक शिक्षा गौतम बरबे मैं शासकीय हाई स्कूल थाना का निरीक्षण किया सहायक संचालक स्वयं कक्षा में पढ़ने गए और बच्चों से रूबरू हुए उनकी कठिनाइयां परेशानियों को जाना और दूर करने की सुझाव दिए बच्चों में गुणवत्ता साहित्य शिक्षा देने का निर्देश दिया शासन की योजनाओं के लाभ बच्चों तक पहुंचे उसकी जानकारी ली छात्रवृत्ति साइकिल गणवेश निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण आदि की जानकारी प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सुजाता यादव से प्राप्त कर निर्देश दिए गए स्मरण रहे कि इस हाई स्कूल में कोई भी शिक्षक न होने के कारण प्राथमिक विभाग के शिक्षकों से अध्यापन कार्य कराया जा रहा है इस संबंध में सहायक संचालक ने शिक्षकों की पूर्ति करने हेतु ठोस प्रयास करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर उमेश कुमार चौहान पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर रामकुमार ठाकुर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर शेख आरिफ मंसूरी उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय में स्नातक चतुर्थ वर्ष हेतु विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**सिहोरा।** नए शिक्षा सत्र में छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए पहली बार स्नातक पाठ्यक्रम में चौथे वर्ष की पढ़ाई शुरू होने वाली है। प्राचार्य एवं जिला एन.ई.पी. एम्बेसडर डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक तृतीय वर्ष के बाद विद्यार्थी चौथे साल में रिसर्च या ऑनर्स की डिग्री हेतु प्रवेश ले सकते हैं या परम्परागत तरीके से स्नातकोत्तर की भी पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी जो स्नातक चतुर्थ वर्ष (ऑनर्स) में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में स्नातक तृतीय वर्ष में 120 क्रेडिट अर्जित करना होगा। ऐसे विद्यार्थियों को 7.5 सीजीपीए की अनिवार्यता नहीं होगी। ऐसे विद्यार्थी जो स्नातक चतुर्थ वर्ष (ऑनर्स विथ रिसर्च) में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं उन्हें 7.5 सीजीपीए अर्जित करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही विद्यार्थी को स्नातक तृतीय वर्ष में 120 क्रेडिट अर्जित करना होगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के परिप्रेक्ष्य में जारी अध्यादेश के अनुसार विद्यार्थी द्वारा स्नातक चतुर्थ वर्ष (ऑनर्स) में निर्धारित क्रेडिट अर्जित करने पर मेजर विषय में ऑनर्स की उपाधि प्राप्त कर सकेंगे। इसी प्रकार विद्यार्थी द्वारा स्नातक चतुर्थ वर्ष (ऑनर्स विथ रिसर्च) में निर्धारित क्रेडिट अर्जित करने पर मेजर विषय में ऑनर्स विथ रिसर्च की उपाधि प्राप्त कर सकेंगे। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने स्नातक चतुर्थ वर्ष में निर्धारित क्रेडिट अर्जित कर उत्तीर्ण किया हो उन्हें एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश की पात्रता होगी। वे विद्यार्थी जो स्नातक तृतीय वर्ष के पश्चात दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं उन्हें मेजर विषय में निर्धारित क्रेडिट अर्जित करना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम के आयोजन में आई . क्यू,ए,सी.संयोजक डॉ. सुनु आर.के.मैथ्यू, डॉ श्रीकृष्ण तिवारी,डा राजेश वाहने का विशेष योगदान रहा। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने वाला पहला राज्य है। नए सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और पंजीयन चल रहे हैं।




**श्रीमती दमयंती देवी-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री केशव प्रसाद महात्मा की धर्मपत्नी श्रीमती दमयंती देवी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम किशन चौधरी-** ब्यौहारबाग निवासी श्री राम किशन चौधरी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक कुमार राबारी-** गोल बाजार निवासी श्री अशोक कुमार राबारी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई सोंधिया-** लालमाटी चाचा किराना के पास निवासी श्री छुनमुन लाल सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई सोंधिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लीला गोंटिया-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री गोविंद गोंटिया की धर्मपत्नी श्रीमती लीला गोंटिया (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूक्मणी पटेल-** छोटी ओमती निवासी श्री बहोरी लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रूक्मणी पटेल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीपक गोंटिया-** छापर रामपुर निवासी श्री लल्ला प्रसाद गोंटिया के पुत्र श्री दीपक गोंटिया (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गा प्रसाद सेन-** भानतलैया खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री दुर्गा प्रसाद सेन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधा बाई पासी-** बगीचा नं. 2 सदर भैंसासुर मार्ग निवासी श्री सुख लाल पासी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई पासी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजा चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री राम सेवक चौधरी के पुत्र श्री राजा चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिलीप बेन-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री दिलीप बेन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# वेतन में लेट लतीफी से नाराज़ सफाई कर्मचारियों ने की काम बन्द हड़ताल

## सड़कों पर फैली गंदगी आमजन परेशान

**सिहोरा।** शाशन द्वारा हर माह चुंगी छतिपूर्ती जारी करने में हो रही लेट लतीफी का हर्जाना नगर पालिका के कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। आधा महीना से अधिक गुजर जाने के बाद भी वेतन न मिलने से सफाई कर्मचारियों के धैर्य का बांध फुट गया नाराज कर्मचारियों ने काम बंद हड़ताल का ऐलान करते हुए नगर पालिका कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित नगर पालिका अध्यक्ष की विरोध में जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना है कि महंगाई के इस दौर में मुश्किल से परिवार का पालन पोषण कर पा रहे हैं ऐसे में हर माह वेतन में हो रही लेटलतीफी से कर्मचारी कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है।विदित हो विगत डेढ़ साल से नगर पालिका की बिगड़ी माली स्थिति के पूरी तरह से पटरी पर नहीं आने के कारण हर माह वेतन भुगतान विलंब से हो रहा है। इस माह भी 20 दिन गुजर जाने के बाद पालिका के नियमित विनिमय कर्मचारियों का वेतन नहीं हो सका।

### 1 दिन की हड़ताल से ही बिगड़े हालात

गुरुवार को सफाई कर्मचारियों के काम पर ना आने का असर नगर में सड़कों पर फैले कचरे के रूप में देखने को मिला। जगह-जगह लगा कचरे का ढेर दिन भर वातावरण प्रदूषित करता रहा वहीं दोपहर में हुई बारिश से कचरा नालियों में जाने के कारण नालिया चौक हो गई और गन्दा पानी सड़क से बहता रहा।

### सफाई कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस पार्षद दल के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने अनुविभागी अधिकारी सिहोरा के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंप कर मांग की कर्मचारियों को प्रत्येक माह को 1 से 6 तारीख तक वेतन दिया जाये।नगर की बढ़ती आबादी को देखते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती की जाये।सभी कर्मचारियों का बकाया एरीयर्स देते हुए हर महिने कर्मचारियों का पी.एफ.जमा करे एवं शासन द्वारा कर्मचारी को दिया जाने वाला मंहगाई भत्ता 2225 रूपये दिया जाये। ज्ञापन सौपते समय कांग्रेस पार्षद दल के राजेश चौबे,आलोक पांडे,ममता गोटिया, रमेश पटेल अलावा संघ के अध्यक्ष राजा नहर सहित अनेक सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.कं./0383 / अ-6 / 2024-24
जबलपुर, दिनांक 12/06/24

**// आम इश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्रीमति त्रिशला देवी जैन पति स्व. विनोद कुमार जैन एवं अन्य, निवासी 198 समदडिया ग्रीन सिटी जैन मंदिर के पास जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा माढोताल खसरा नं. 103/4, रकवा 774 वर्गफिट भूमि पर फौत स्व. विनोद कुमार जैन पिता सुखलाल जैन का निधन दिनांक 04.03.2020 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु फौति के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

ततसंबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 28/06/24 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है । समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 12/06/024
पेशी दिनांक : 28/06/2024

नायब तहसीलदार
तहसील अधारताल जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.कं./0382 / अ-6 / 2024-24
जबलपुर, दिनांक 12/06/24

**// आम इश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति त्रिशला देवी जैन पति स्व. विनोद कुमार जैन एवं अन्य निवासी 198 समदडिया ग्रीन सिटी जैन मंदिर के पास जबलपुर म.प्र. के द्वारा मौजा माढोताल खसरा नं. 110/1, रकवा 208 वर्गफिट भूमि पर फौत स्व. विनोद कुमार जैन पिता सुखलाल जैन का निधन दिनांक 04.03.2020 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु फौति के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

ततसंबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 28/06/24 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है । समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 12/06/024
पेशी दिनांक : 29/06/2024

नायब तहसीलदार
तहसील अधारताल जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15430545M RANK-HAV/ORA NAME PATIL BHUSHAN SAMBHAJI S/O SAMBHAJI SHIVAJI PATIL OF UNIT MH, JABALPUR (M.P.),R/O VILL- SAMNER, POST-SAMNER, TEH- PACHORA, DIST-JALGAON, STATE- MAHARASHTRA, PIN-425115. I state that in my Father, Aadhar card my Father (SAMBHAJI SHIVAJI PATIL) date of birth 03/04/1958 which is true and correct but in my Army service Record my Father Name is recorded SAMBHAJI Which is incorrect.I state that the true and correct Name of my Father, is SAMBHAJI SHIVAJI PATIL and same Name shall be corrected in my Army service Record.

CORRECT NAME
SAMBHAJI SHIVAJI PATIL
INCORRECT NAME-SAMBHAJI

**CHANGE NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY No. 15430545M RANK- HAV/ORA NAME PATIL BHUSHAN SAMBHAJI S/O SAMBHAJI SHIVAJI PATIL OF UNIT MH, JABALPUR (M.P.), R/O VILL- SAMNER, POST- SAMNER, TEH-PACHORA, DIST-JALGAON, STATE- MAHARASHTRA, PIN-425115. I state that in my Mother, Aadhar card my Mother (INDIRA SAMBHAJI PATIL) date of birth 01/01/1968 which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name and date of birth is recorded INDIRABAI AND 08/02/1962 Which is incorrect. I state that the true and correct Name and date of birth of my Mother, is INDIRA SAMBHAJI PATIL and 01/01/1968 and same date of birth shall be corrected in my Army service Record.

CORRECT NAME
INDIRA SAMBHAJI PATIL
INCORRECT NAME-INDIRABAI
CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1968
INCORRECT DATE OF BIRTH-08/02/1962


## खबर संक्षेप

### ताप बिजली संयंत्रों के पास कोयला भंडार बढ़ा



**नई दिल्ली।** ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) में कोयला भंडार 16 जून को सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4.5 करोड़ टन हो गया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। कोयला मंत्रालय ने कहा कि टीपीपी को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वह लगातार प्रयासरत है।

### डीजीसीए ने समुद्री विमान के लिए नियम किए आसान



**मुंबई।** विमानन नियामक डीजीसीए ने सरकार की प्रमुख क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' के तहत समुद्री विमान परिचालन से जुड़े नियमों को आसान बना दिया है। नागर विमानन महानिदेशालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि संशोधित मानदंड बुनियादी ढांचा प्रक्रियाओं, पायलट प्रशिक्षण जरूरतों और विनियामक अनुपालन को सुव्यवस्थित करेंगे।

### एलाइड ब्लेंडर्स का आईपीओ 25 जून को खुलेगा




**नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स का 1,500 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 जून को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसके लिए मूल्य दायरा 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया। कंपनी ने घोषणा करते हुए कहा कि आईपीओ 25 से 27 जून तक खुला रहेगा।

### वारी एनर्जीज को मिला महिंद्रा सस्टेन से ठेका

WAAREE
One with the Sun

**नई दिल्ली।** वारी एनर्जीज को महिंद्रा सस्टेन को 280 मेगावाट सौर मॉड्यूल की आपूर्ति का ठेका मिला है। वारी एनर्जी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि इन मॉड्यूल की आपूर्ति दिसंबर, 2024 से की जाएगी। इन्हें महिंद्रा सस्टेन की महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए डिजायन किया गया है।

### एफआईयू ने बाइनेंस पर लगाया जुर्माना




**नई दिल्ली।** वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने धन शोधन रोधक कानून का कथित उल्लंघन करने के लिए दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज में से एक बाइनेंस पर 18.82 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आदेश जारी कर एक्सचेंज पर धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक रिपोर्टिंग इकाई के रूप में काम नहीं करने का आरोप लगाया।

### द्विवेदी ने संभाला बीएचईएल के निदेशक वित्त का कार्यभार

बी एच ई एल
BHEL

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजेश कुमार द्विवेदी ने कंपनी के निदेशक (वित्त) का पदभार ग्रहण कर लिया है। बीएचईएल ने बयान में कहा कि इससे पहले द्विवेदी कंपनी में कॉरपोरेट वित्त के महाप्रबंधक और प्रमुख रह चुके हैं। द्विवेदी (56) भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के प्रतिष्ठित फेलो सदस्य हैं और उनके पास एमबीए डिग्री है। बयान के अनुसार, द्विवेदी 1992 में बीएचईएल में कार्यकारी प्रशिक्षु (वित्त) के रूप में शामिल हुए।

# स्विस बैंकों में भारतीयों का धन चार साल के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ज्यूरिख

■ 70 प्रतिशत घटकर 9771 करोड़ रुपए पर

स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन, 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है।

स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है। यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था।

## स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से जारी आंकड़े

### स्विस बैंकों की कुल देनदारियां 104 करोड़ स्विस फ्रैंक थी

एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'बकाया राशियों' के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताए गए हैं। इनमें ग्राहक जमा में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक (2022 के अंत में 39.4 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 42.7 करोड़ स्विस फ्रैंक (111 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) रहे।

***2006 में सर्वाधिक 6.5 अरब स्विस फ्रैंक राशि थी***

*एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6.5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। इसके बाद 2011, 2013, 2017, 2020 और 2021 सहित कुछ वर्षों को छोड़कर यह ज्यादातर नीचे की ओर ही रही है।*




### स्विस बैंकों के बताए अधिकृत आंकड़े हैं

ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है।

### गिरावट का कारण धन में तेज गिरावट

गिरावट का मुख्य कारण बांड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है।

### न्यास व ट्रस्टों की राशि भी जमा थी

न्यासों या ट्रस्टों के माध्यम से एक करोड़ स्विस फ्रैंक (2.4 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) और बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के रूप में ग्राहकों को देय अन्य राशियों के रूप में 30.2 करोड़ स्विस फ्रैंक (189.6 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) शामिल हैं।

## विदेश व्यापार महानिदेशालय ने जारी की अधिसूचना

# सरकार ने अफ्रीकी देशों को 2,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कुछ देशों के अनुरोध पर सरकार ने निर्यात की अनुमति दी
- निर्यात की अनुमति एनसीईएल के माध्यम से दी गई
- घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने 20 जुलाई 2023 से लगा है प्रतिबंध

सरकार ने दो अफ्रीकी देशों - मलावी और जिम्बाब्वे को 2,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा है कि निर्यात को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से अनुमति दी गई है।

हालांकि घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन अनुरोध पर कुछ देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा दी गई अनुमति के आधार पर निर्यात की मंजूरी है। मलावी दक्षिण-पूर्वी अफ्रीका में एक स्थलरुद्ध देश है, जबकि जिम्बाब्वे एक दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्र है।

### गैर-बासमती चावल निर्यात की अनुमति

अधिसूचना के अनुसार, दोनों देशों को 2,000 टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी गई। डीजीएफटी ने कहा, 'एनसीईएल अधिसूचना के माध्यम से मलावी और जिम्बाब्वे को गैर-बासमती सफेद चावल का निर्यात की मंजूरी।

### इन देशों के लिए दी गई अनुमति

भारत ने पहले भी नेपाल, कैमरून, कोट डी आइवर, गिनी, मलेशिया, फिलीपींस और सेशेल्स जैसे देशों को ऐसे निर्यात की अनुमति दी है। एनसीईएल एक बहु-राज्य सहकारी समिति है। इसे देश की कुछ प्रमुख सहकारी समितियों द्वारा संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जाता है।



### ये समितियां शामिल

इन समितियों में गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ), भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको), कृषक भारती सहकारी लिमिटेड (कृभको), और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) हैं। जीसीएमएमएफ को अमूल के नाम से जाना जाता है।

### कुछ जड़ाऊ स्वर्ण आभूषणों पर आयात प्रतिबंध नहीं



सरकार ने स्पष्ट किया है कि कुछ प्रकार के जड़ाऊ स्वर्ण आभूषणों के आयात पर प्रतिबंध लगाने का उसका निर्णय विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में स्थित इकाइयों पर लागू नहीं होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 11 जून को एक अधिसूचना के माध्यम से इंडोनेशिया और तंजानिया जैसे देशों से इन वस्तुओं के आयात को कम करने के लिए प्रतिबंध लगाए थे।

### डीजीएफटी ने नीति परिपत्र जारी किया

डीजीएफटी ने एक नीति परिपत्र में कहा, "यह स्पष्ट किया जाता है कि विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) इकाइयों (मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्रों के अलावा) द्वारा किए गए आयात इस अधिसूचना के दायरे से बाहर हैं।"डीजीएफटी ने कहा है कि उसे एसईजेड इकाइयों से ज्ञापन मिले हैं, जिनमें इस अधिसूचना के कारण उनके समक्ष आ रही समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है।

### एसईजेड प्रमुख निर्यात केंद्र है


प्रतिबंधित श्रेणी के सामान के लिए सरकार से लाइसेंस/अनुमति की जरूरत होती है। एसईजेड प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में एक तिहाई से अधिक का योगदान दिया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें व्यापार और सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है।

### घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध

इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध है। वित्त वर्ष 2023-24 में इन क्षेत्रों से निर्यात चार प्रतिशत से अधिक बढ़कर 163.69 अरब डॉलर हो गया। सरकार ने ऐसे 423 क्षेत्रों को मंजूरी दी है।

# गेहूं की कीमत स्थिर रखने के लिए सरकार करेगी नीतिगत हस्तक्षेप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ सहकारिता मंत्री शाह ने अधिकारियों को कड़ी नजर रखने कहा

सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह देश में उपभोक्ताओं के लिए गेहूं की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा कि उसने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में दो रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है। आंकड़े दर्शाते हैं कि, 20 जून तक गेहूं का औसत खुदरा मूल्य 30.99 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो एक साल पहले 28.95 रुपये था, जबकि गेहूं के आटे की कीमत पिछले साल 34.29 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 36.13 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। मंत्रियों ने बैठक के दौरान गेहूं के स्टॉक और कीमतों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा, 'केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया कि गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखी जाए और देश के उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप किए जाएं।'

### केंद्रीय पूल के लिए 2.66 करोड़ टन गेहूं खरीदा

इस साल 18 जून तक, सरकार ने एक अप्रैल से शुरू हुए 2024-25 रबी विपणन वर्ष में केंद्रीय पूल के लिए 2.66 करोड़ टन गेहूं खरीदा था, जो पिछले वर्ष के 2.62 करोड़ टन से थोड़ा अधिक है।

# आईपीओ शेयरों के 'कॉल ऑप्शन' सत्र के लिए नए निगरानी उपाय जारी

■ मकसद सत्र में एफएंडओ में सत्र का दुरुपयोग रोकना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) वाले शेयरों की सूचीबद्धता के पहले के कॉल ऑप्शन (खरीद अनुबंध) सत्र में दुरुपयोग रोकने के मकसद से बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों के लिए अतिरिक्त निगरानी उपाय पेश किए। आईपीओ वाले शेयर की बाजार में सूचीबद्धता के दिन का शुरुआती एक घंटा कॉल ऑप्शन सत्र का होता है।

यह शेयर की शुरुआती कीमत का पता लगाने का एक तरीका है। सेबी ने कहा कि सूचीबद्धता के पहले का कॉल ऑप्शन सत्र सुबह नौ बजे से शुरू होकर 60 मिनट तक का होगा।

इसमें से 45 मिनट ऑर्डर को दर्ज करने, संशोधन और निरस्त करने के लिए, 10 मिनट ऑर्डर के मिलान एवं सौदा पुष्टि के लिए और बाकी पांच मिनट सामान्य कारोबारी सत्र की दिशा में बढ़ने की बफर अवधि होंगे। ऑर्डर दर्ज करने के आखिरी दस मिनट यानी 35वें और 45वें मिनट के बीच कभी भी कॉल ऑप्शन सत्र बंद हो जाएगा।



■ शेयर बाजारों के लिए अतिरिक्त निगरानी उपाय पेश

### सत्रों के लिए पर्याप्त निगरानी तंत्र रखने का निर्देश

सेबी ने अपने परिपत्र में कहा कि यह आकस्मिक बंदी प्रणाली से संचालित होगी। सेबी ने शेयर बाजारों को आईपीओ के पूर्व-कॉल ऑप्शन सत्रों के लिए पर्याप्त निगरानी तंत्र रखने का निर्देश दिया है ताकि किसी भी तरह की हेराफेरी से बचा जा सके।

# सोना 120 रुपए तेज और चांदी 900 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 120 रुपये मजबूत होकर 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,430 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 900 रुपये की तेजी के साथ 92,300 रुपये प्रति किलो हो गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं। यह पिछले बंद भाव से 120 रुपये अधिक है।' अंतरराष्ट्रीय जिंस बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,332 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से पांच डॉलर अधिक है।

# सेंसेक्स नए शिखर पर, निफ्टी का नया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 141 अंक चढ़कर नये शिखर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में स्थिरता ने भी पूंजी बाजार को समर्थन दिया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 141.34 अंक की बढ़त के साथ नई ऊंचाई 77,478.93 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 51 अंक बढ़त के साथ रिकॉर्ड 23,567 अंक पर बंद हुआ।मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले तीन दिन से शुद्ध लिवाल रहे।



■ बीएसई 141 अंक और निफ्टी 51 अंक चढ़ा

■ रिलायंस, एचडीएफसी बैंक में रही खरीदी

***इन शेयरों में रहा लाभ :*** *सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।*

***ये शेयर रहे नुकसान में :*** *दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, एनटीपीसी, विप्रो, भारतीय स्टेट बैंक और पावर ग्रिड शामिल हैं।*

## अप्रैल में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 1.2 अरब पार ...



**नई दिल्ली।** देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या दूसरी बार 1.2 अरब के पार पहुंच गई है। नए ग्राहकों की संख्या और कुल ग्राहक आधार दोनों ही मामलों में रिलायंस जियो सबसे आगे है। दूरसंचार नियामक ट्राई ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की मासिक ग्राहक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में कुल दूरसंचार ग्राहकों का आधार अप्रैल के अंत में 0.16 प्रतिशत बढ़कर 120.12 करोड़ हो गया। यह संख्या मार्च, 2024 में 119.92 करोड़ थी। इससे पहले मई, 2017 में कुल ग्राहक आधार 1.2 अरब का आंकड़ा पार कर गया था। कुल ग्राहक आधार में मोबाइल फोन ग्राहकों का दबदबा बना हुआ है। इनकी संख्या अप्रैल माह में 116.54 करोड़ रही। रिलायंस जियो ने इस अवधि में 26.8 लाख नए ग्राहक जोड़कर मोबाइल फोन सेवा खंड में बढ़त हासिल की। इसके साथ जियो का कुल ग्राहक आधार 47.24 करोड़ हो गया।

# पूंजी विशेषज्ञों ने बजट में कर प्रोत्साहन देने की वकालत की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ विसंगतियों को दूर करने का भी आग्रह किया

वित्तीय और पूंजी बाजार के विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को बाजार को व्यापक बनाने के लिए आगामी 2024-25 के पूर्ण बजट में कर प्रोत्साहन देने की वकालत की। यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट पूर्व बैठक में क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों ने सरकार से कर कानून और दरों में विसंगतियों को दूर करने का भी आग्रह किया। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि यह बजट पेश होने से पहले दूसरी परामर्श बैठक थी।

इसमें आगामी आम बजट 2024-25 के संबंध में वित्तीय और पूंजी बाजार क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट अगले महीने संसद में पेश किये जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री के साथ दो घंटे की बैठक के बाद मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी के प्रबंध निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख (कंट्री हेड) अरुण कोहली ने कहा कि कर नीतियों को स्थिर और दीर्घकालिक बनाये जाने की जरूरत है।

### जीएसटी को लेकर स्पष्टता की मांग

अग्रवाल ने कहा कि एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) ने सामूहिक रूप से दिये जाने वाले कर्ज और सेवा शुल्क पर जीएसटी को लेकर स्पष्टता की मांग की। उन्होंने कहा कि परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों ने गिफ्ट सिटी से जुड़े मुद्दों और देश के भीतर पूंजी बनाए रखने के तरीकों पर भी चर्चा की।

## आरबीआई के गवर्नर दास ने किया सम्मेलन को संबोधित

# असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न करने से होगी समस्या

एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से 'बड़ी समस्या' पैदा हो सकती है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर आरबीआई की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है। यहां आरबीआई के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि असुरक्षित ऋण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है।

### क्रेडिट कार्ड खंड में वृद्धि घटकर 23 फीसदी हुई

दास ने कहा कि क्रेडिट कार्ड खंड में वृद्धि आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30 प्रतिशत से घटकर अब 23 प्रतिशत हो गई है, जबकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बैंक ऋण देने की वृद्धि पहले के 29 प्रतिशत से घटकर अब 18 प्रतिशत हो गई है।



**ऋण पर जोखिम भार बढ़ा दिया गया था**

पिछले वर्ष 16 नवंबर को आरबीआई ने गैर-जमानती ऋण और एनबीएफसी को दिए जाने वाले ऋण पर जोखिम भार बढ़ा दिया था, जिससे बैंकों को ऐसी परिसंपत्तियों पर अधिक मात्रा में पूंजी रखनी होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है।

***ऋण वृद्धि को धीमा करना बेहतर:*** *गवर्नर ने कहा, 'हमने सोचा कि अगर इन कमजोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए, हमने सोचा कि पहले से ही कार्रवाई करना और ऋण वृद्धि को धीमा करना बेहतर है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि आरबीआई की कार्रवाई का वांछित प्रभाव पड़ा है, क्योंकि असुरक्षित ऋण में वृद्धि वास्तव में धीमी हो गई है।*

### मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे

दास ने कहा कि कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं, लेकिन मानकों में ढील, उचित मूल्यांकन का अभाव और कुछ ऋणदाताओं के बीच असुरक्षित ऋण को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के 'स्पष्ट सबूत' हैं।

### वित्तीय तंत्र मजबूत स्थिति में

भारतीय वित्तीय तंत्र अब बहुत मजबूत स्थिति में है, जिसकी विशेषता मजबूत पूंजी पर्याप्तता, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का निम्न स्तर और बैंकों व गैर-बैंकिंग ऋणदाताओं की स्वस्थ लाभप्रदता है।

# ओला इलेक्ट्रिक और एमक्योर फार्मा को आईपीओ लाने मंजूरी




**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक और दवा कंपनी एमक्योर फार्मास्युटिकल्स को वित्त जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। दोनों ही कंपनियों के आईपीओ संबंधी दस्तावेजों के मसौदे को 10 जून को स्वीकृति मिल गई है। इसका मतलब है कि अब दोनों ही कंपनियां अपने-अपने आईपीओ लाने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। ओला इलेक्ट्रिक के प्रस्तावित आईपीओ में 5,500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करने के अलावा प्रवर्तकों एवं निवेशकों के पास मौजूद 9.52 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश की जाएगी।

चिंतन

# गर्मी से हो रही मौतें, बढ़ रहे जलवायु परिवर्तन के खतरे

तो क्या भीषण गर्मी जलवायु परिवर्तित होने की दस्तक है। अभी विकसित देशों के संगठन जी-7 की बैठक हुई, लेकिन जलवायु परिवर्तन के खतरे और तापमान में कमी लाने के विषय पर कोई गंभीर चर्चा नहीं हुई, जबकि पेरिस क्लाइमेट करार के तहत कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए विकासशील देशों की लागत की भरपाई विकसित देशों को ही करनी है। पर विकसित देश लगातार अपनी जिम्मेदारी से मुंह चुरा रहे हैं। भारत समेत अन्य विकासशील देश कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए सभी देशों को एकजुट होने की बात कर रहे हैं, पर विकसित देश अपना योगदान करने में आनाकानी कर रहे हैं। इस बार भारत समेत अनेक एशियाई देश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका जैसे शीत देशों में भी मौसम चक्र बदल रहा है, वहां का भी तापमान बढ़ रहा है, अंटार्कटिका पर ग्लेशियर पिघलने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये सभी वायुमंडल में तापमान बढ़ने के संकेत हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत के एक बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी की वजह से इस वर्ष 1 मार्च से लेकर 18 जून तक कम से कम 114 लोगों मौत हुई है और 40,984 लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, गर्मी से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है जहां लू और तापघात से करीब 37 लोगों की मौत हई है। इसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई है। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में हैं, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली ने उच्च तापमान 52 डिग्री सेल्सियस का रिकार्ड बनाया। एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ रही है। पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, मालदीव, मलेशिया, सेशेल्स व पूर्वी एशिया के कई देशों में भीषण गर्मी पड़ी है, गर्मी जनित रोग बढ़े हैं, लू चली हैं, लोगों की मौतें हुई हैं। कई देशों में हाल ही में अत्यधिक गर्म मौसम देखा गया है, इससे कहा जाने लगा है कि क्या पृथ्वी लोगों के जीवित रहने के लिए बहुत गर्म हो रही है? क्या इसके लिए तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार है? गर्मी के संपर्क में अत्यधिक समय तक रहना स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकता है। चाहे वह बिजली संयंत्र में कोयला हो या वाहन में गैसोलीन- यह कार्बन डाइऑक्साइड बनाता है। यह अदृश्य गैस वायुमंडल में बनती है और सूर्य की गर्मी को पृथ्वी की सतह के पास रोक लेती है। कोयला, तेल या गैस का हर टुकड़ा जो कभी जलाया जाता है, तापमान में थोड़ा और इजाफा करता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, खतरनाक रूप से गर्म और आर्द्र मौसम अधिक स्थानों पर फैलने लगा है। जलवायु परिवर्तन सिर्फ गर्म, पसीने वाले मौसम की तुलना में बहुत अधिक समस्याएं पैदा करता है। हम अगर पृथ्वी को गर्म होने से बचाना चाहते हैं, तो कार्बन उत्सर्जन के हर स्त्रोत को बंद करना होगा या न्यूनतम करना होगा। ग्रीन एनर्जी को अपना चाहिए, क्वालिटी विकास पर ध्यान देना होगा। दुनिया को कार्बन उत्सर्जन रोकने की दिशा में तत्काल कदम उठाना चाहिए।



योग दिवस
अखिलेश आर्येन्दु

# योग से स्वस्थ भारत का सपना

योग दिवस के जरिये दुनिया वालों को भारत की आध्यात्मिक शक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक व सांस्कृतिक शक्ति का परिचय मिला। 2014 में केंद्र सरकार के जरिये जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र में योग की महत्ता का प्रतिपादन कर उसे दुनिया के लिए वरदान के रूप में पेश किया गया उसका ही परिणाम है कि आज दुनिया में योग के जरिये भारत की एक अलग पहचान हुई है। निश्चित ही मोदी के नेतृत्व ने पिछले दस सालों में भारत की जो प्रतिष्ठा दुनिया भर में दिलवायी है उसमें योग को मान्यता दिलाना भी एक है। बढ़ती समस्याएं, संकट और बीमारियों के दौर में योग दिवस उन समस्याओं, संकटों और दुष्वारियों से छुटकारा दिलाने का सबसे सस्ता साधन है।

पिछले दो दशक में आध्यात्मिक कहे जाने वाले ज्ञान के बारे में पश्चिमी दुनिया के आमोखास की धारणा बदली है जिसमें योग भी एक है। दुनिया के तमाम देशों में वर्षों पहले भारत से गए योग के जानकारों ने योग का प्रसार कर दिया था, लेकिन 11 दिसम्बर 2011 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के भारत के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सबसे पहले 21 जून 2015 को इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का प्रस्ताव पारित होने से योग की सर्वजन उपयोगिता को माना गया। तब से उन देशों में आम जनता में योग की लोकप्रियता लगातार बढ़ती गई जो भारत को मदारियों वाला पिछड़ा देश घोषित कर चुके थे। आज दुनिया के तकरीबन 200 देशों के लोगों में योग के प्रति दिलचस्पी बढ़ी है। उन पश्चिमी देशों में भी जहां भारत के बारे में उलटी धारणाएं थीं, वहां भी योग आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। दुनिया अब मानने लगी है कि जिंदगी को सुखी बनाने या कर्म (कार्य) करने की कुशलता जिससे आए उस तरीके को योग के जरिये सीखा जा सकता है।

आधुनिक विज्ञान अब धीरे-धीरे यह मानने लगा है कि आत्मा, प्राण, मन, बुद्धि और चित्त के जरिये ही इस अत्यंत जटिल मानव शरीर से ब्रह्मांड से जुड़ने का कोई तरीका हो सकता है। यह ब्रह्मांड जिसके निर्माण का रहस्य समझने में आज के वैज्ञानिक लगे हुए हैं, भारत के वैज्ञानिक जिसे ऋषि-महर्षि कहा जाता है को अरबों साल पहले समझ चुके थे। गौरतलब है ब्रह्मांड के रहस्य को वेदों में उद्घाटित किया गया है। वहीं शरीर विज्ञान को समझना हो तो नस-नाड़ियों, चक्रों, चेतना की स्थितियों, प्राणों का संतुलन और कार्य, मन की स्थितियों और कार्य और आत्मा के जरिये खुद का और परमात्मा की पड़ताल का विज्ञान रहस्यमय और सूक्ष्म है। योग के मुताबिक मानव शरीर में सात चक्र होते हैं। ये हैं- सहस्त्रार चक्र आज्ञा, अनाहत, विशुद्धि, मणिपूरक, मूलाधार एवं स्वाधिश्ठान चक्र। इन चक्रों का संबंध नाड़ी प्रणाली एवं एन्डोक्राइन ग्लैंड से होता है। शरीर में स्थित ये सातों चक्र वातावरण से ऊर्जा ग्रहण करते हैं। नर्वस सिस्टम एवं एन्डोक्राइन ग्लैंड एक लय से ऊर्जा एवं विद्युत चुम्बकीय ऊर्जा को सही दिशा में प्रवाहित करते हैं तो मानव सेहतमंद बना रहता है, लेकिन यदि इसमें रुकावट आ जाए तो शरीर में कई तरह की बीमारियां पैदा हो जाती हैं। हम गौर करें तो पता चलता है, हमारा शरीर कई तरह की ऊर्जाओं को वातावरण से लेता है। इसमें कुछ ऊर्जा तो शरीर में खर्च हो जाती है और कुछ ऊर्जा संग्रहित होती है। हमारे शरीर में बारह अलग-अलग प्रकार के मुख्य मेरीडियन हैं, जिसके द्वारा शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक ऊर्जा प्रवाहित होती है। जिन हिस्सों में ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है, वह हिस्सा सेहतमंद रहता है और जिस हिस्से में ऊर्जा का प्रवाह कम या ज्यादा होता है या इनमें रुकावट हो जाती है उस हिस्से में बीमारी पैदा हो जाती है। यह ऊर्जा का प्रवाह समुचित मात्रा में है या नहीं या रुकावट पूरी तरह से है इसे बायोफीड बैक ऊर्जा मापने वाले यंत्र द्वारा मापा जाता है। साथ ही ऊर्जा प्रवाह को इस यंत्र द्वारा संतुलित भी किया



जा सकता है। इन सभी तरह की क्रियाओं को योग के जरिये बेहतर तरीके से समझा जा सकता है।

आज विश्व में योग से संबंधित अनगिनत योग पद्धतियां प्रचलित हैं, लेकिन इसके बावजूद इनका लक्ष्य सबको सुखी करना, सभी को निरोग करना और आत्म तथा ईश्वर साक्षात्कार करना नहीं बदला है। अनेक बदलावों के बावजूद योग आज विश्व स्तर पर भारत की पहचान के साथ जुड़ा हुआ है। योग का उद्भव वेदों से हुआ इसलिए इसके मूल स्वरूप को जानने के लिए वेदों से जुड़ना जरूरी है। वेद का अर्थ ज्ञान होता है। योग का अर्थ जोड़ना होता है। यदि दोनों को मिला दिया जाये तो योग ज्ञान के जरिये स्वयं को जानने का बेहतरीन तरीका सिखाने का कार्य योग करता है। तमाम लोग तप, ध्यान और आत्म-साक्षात्कार को योग मानते हैं। मुनि पतंजलि चित्त वृतियों के निरोध को योग कहते हैं। इसी तरह आत्मचिंतन, आत्म-साक्षात्कार, ईश्वर साक्षात्कार और साधना को वेद-शास्त्रों में योग बताया गया है। इसे हम इस प्रकार भी कह सकते हैं कि जीवन की ऐसी सभी क्रियाएं जो सांसारिक और अलौकिक दोनों को सफल बनाएं उसे योग कहा जा सकता है।

योग की शुरुआत सबसे पहले खुद से जुड़ने से होती है। फिर अभ्यास के जरिये हम अपने श्वास, प्राण और हृदय से जुड़ते हैं फिर शरीर, मन और चित्त से जुड़ जाते हैं। यह जुड़ना बिना किसी विशेष प्रयास से भी हो सकता है और किसी के मार्गदर्शन में भी, लेकिन इसके लिए धैर्य, साहस, शक्ति और उत्साह की हर पल जरूरत होती है। जिसमें सद्गुण पहले से ही भरा होता है, वह योग के मार्ग पर बहुत ही सहजता के साथ बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ जाता है। योग एक जीवन पद्धति, एक शरीर विज्ञान और जीवनधर्म-सूत्र तो है ही यह सहज जीवन विद्या भी है। इस विद्या को समझने के लिए योग दिवस के जरिये दुनिया को उत्साहित करने का कार्य किया गया। जिसका असर अब दुनिया भर में दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए और बेहतर जीवन विज्ञान परक बनाने की जरूरत है। इससे हर तरह के जहां रोग खत्म होंगे वहीं पर जीवन जीने का लक्ष्य ठीक समझ में आने लगेगा। योग दर्शन के मुताबिक जीवन का लक्ष्य या मकसद सबसे पहले खुद कों सेहतमंद रखते हुए दूसरों को भी सेहतमंद और सुखी रखने का होना चाहिए। यह तभी संभव है जब हमारा मन, चित्त, हृदय और आत्मा सभी पवित्र और शक्तिशाली होंगे। योग दोनों को पवित्र भी बनाता है और शक्तिशाली भी बनाता है। आत्म साक्षात्कार यानी आत्मा को जानने व समझने के बाद उस परम सत्ता के साथ जुड़ने का तरीका यदि किसी के जरिये जाना जा सकता है तो वह योग साधना का ही तरीका है। यह ऐसा तरीका है जिसमें सबसे पहले खुद को संतुलित करने के बाद ही देश दुनिया को साधने की सामर्थ्य पैदा हो पाती है।

योग दिवस के जरिये दुनिया वालों को भारत की आध्यात्मिक शक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक व सांस्कृतिक शक्ति का परिचय मिला। 2014 में केंद्र सरकार के जरिये जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र में योग की महत्ता का प्रतिपादन कर उसे दुनिया के लिए वरदान के रूप में पेश किया गया उसका ही परिणाम है कि आज दुनिया में योग के जरिये भारत की एक अलग पहचान हुई है। निश्चित ही मोदी के नेतृत्व ने पिछले दस सालों में भारत की जो प्रतिष्ठा दुनिया भर में दिलवायी है उसमें योग को मान्यता दिलाना भी एक है। दुनिया में बढ़ती समस्याएं, संकट और बीमारियों के दौर में योग दिवस उन समस्याओं, संकटों और दुष्वारियों से छुटकारा दिलाने का सबसे बेहतरीन व सब के उपयोग का सबसे सस्ता साधन व तरीका है। आज हम दस साल बाद यह कहने की हालत में हैं कि दुनिया को निरोग और सुखी बनाने की भारत की योग के जरिये की गई पहल से दुनिया को बगैर किसी दवा के सेवन से सेहतमंद बनाने का कार्य किसी वरदान से कम नहीं है।

(लेखक आध्यात्मिक विषयों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
हर्षवर्धन पाण्डे



# वृत्तियों को रोकने का नाम योग

दुनिया में हर कोई अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति प्राप्त करना चाहता है। योग के बारे में कहा गया है कि माया से बढ़कर कोई बंधन नहीं होता और ज्ञान से बढ़कर कोई बंधु नहीं होता। अहंकार से बढ़कर कोई शत्रु नीर होता और योग से बढ़कर कोई बल नहीं होता। एक सामान्य अर्थ में भी योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। भारतीय मनीषी तो सम्पूर्ण विश्व को परिवार घोषित करते हैं। यह अवसर हमें दुनिया को करीब से समझने-समझाने में मदद कर सकता है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेश ही नहीं देशभर से योग के प्रति लोगों की रुचि अब बढ़ रही है। हमारे ऋषियों ने मानवता के हित में विश्व को योग विद्या दी थी, लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने वाले बाबा रामदेव भी अभिनंदन के पात्र हैं। आज सारी दुनिया योग के महत्व को समझते हुए उसे अपनी दिनचर्या का अंग बना रही है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने पुष्टि की है कि योग से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि दीर्घकाल तक कई फायदे होते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो देश सदियों से योग विद्या का साक्षी रहा है उस देश के अधिकांश युवा आज तथाकथित आधुनिक जीवन शैली और खान पान की खराब आदतों के कारण बहुत कम आयु में ही मधुमेह और ब्लड प्रेशर, कैंसर जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं। उन्हें इंटरनेट, स्मार्टफोन, सोशल मीडिया ने इतना व्यस्त कर दिया है कि वे अपने कर्तव्यों को तो भूले ही हैं, स्वयं अपने आप तक को भूल रहे हैं। मौजूदा दौर में शारीरिक श्रम लगातार कम हो रहा है। ऐसे में मन और बुद्धि सक्रिय होते हुए भी शरीर की निष्क्रियता बोझ बन रही है। ऐसे में योग कारगर साबित हुआ है। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से त्रस्त थी तब उसे मात देने के लिए योग रामबाण साबित हुआ। हाल के वर्षों में हुए कई वैज्ञानिक अध्ययन भी इस बात को साबित करते हैं योग बीमारियों का उपचार है तो जांच भी है। सामान्य सांस लेने में हम 500 एमएल ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं,जबकि इस प्राणायाम को करने से 500 से 10,000 एमएल ऑक्सीजन हमारे शरीर को प्राप्त होती है। दिनभर अपने आसपास निगेटिव समाचार सुन-सुन कर हम सभी तनाव या अवसाद से घिर रहे हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए हमें प्राणायामों के साथ योग नियमित करना चाहिए। जब हमारे आसपास नकारात्मकता महसूस होने लगे तो अपने इष्टदेव के मंत्रों का जाप रोज योग और मेडिटेशन करते हुए करें। भारतभूमि अनादिकाल से पूरे विश्व में योग भूमि के रूप में विख्यात रही है, जिसका लाभ अब सम्पूर्ण विश्व को मिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2015 से हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा के बाद पूरी दुनिया योग की महत्ता जान चुकी है। स्वयं की स्वयं के माध्यम से स्वयं तक पहुंचने की यात्रा का नाम योग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयत्नों से आज भारत के योग का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। निश्चित ही यह सम्पूर्ण मानवता के लिए एक शुभ संकेत है। योग मनुष्य में सकारात्मकता और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। योग के पथ पर अविराम गति से वही साधक आगे बढ़ सकता है, जो चित्त की पवित्रता एवं निर्मलता के प्रति पूर्ण जागरूक हो, क्योंकि निर्मल चित्त वाला व्यक्ति ही योग की गहराई तक पहुंच सकता है। योग कोई धार्मिक कर्मकांड नहीं है। गीता 'योग क्षेम वहाम्यहं' का उद्घोष करती है जिसका अर्थ है- अप्राप्त को प्राप्त करना और प्राप्त की रक्षा करना। दुनिया में ऐसा कौन है जो अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति प्राप्त न करना चाहते हो। यह कामना रखना अथवा इसके लिए प्रयास करना किसी एक धर्म के लोगों के लिए आरक्षित नहीं हो सकता। एक सामान्य अर्थ में भी योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेश ही नहीं देशभर से योग के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। हजारों वर्षों पूर्व हमारे ऋषियों ने मानवता के हित में विश्व को यह योग विद्या दी थी लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने वाले भी अभिनंदन के पात्र हैं। आज सारी दुनिया योग के महत्व को समझते हुए उसे अपनी दिनचर्या का अंग बना रही है। योग कला, विज्ञान और दर्शन आज दुनिया को भारतबोध करा रहा है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी इस बात की पुष्टि की है कि योग से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि दीर्घकाल तक कई फायदे होते हैं। प्राचीन भारतीय पद्धतियां शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों की जरूरतों का संपूर्ण उत्तर है। पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में योग की महत्व बढ़ रहा है तो इसके लिए हर भारतीय को प्रसन्न ही होना चाहिए। महर्षि पतंजलि के अनुसार, 'योगश्चित्त वृत्तिनिरोधः'' अर्थात चित्त की वृत्तियों को रोकने का नाम योग है। हम सभी को भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने चित्त से सुदीर्घ जीवन के लिए प्रयास करने चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

# हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। इतना ही संत कबीर दास ने तो गुरु का दर्जा भगवान से बढ़कर बताया है। उन्होंने लिखा है गुरु गोबिंद दोऊ खड़े काके लागू पाय। बलिहारी गुरु आपने जिन गोबिंद दियो बताये अर्थात मैं अपने गुरु के बलिहारी जाता हूं, जिन्होंने मुझे भगवान से मिलवा दिया। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### टूटते परिवारों के लिए जिम्मेवार कौन?

दुनियाभर में परिवार के महत्व को समझाने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र जनरल एसेंबली ने सन 1993 को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाने की घोषणा की थी। बेशक इस दिवस की शुरुआत विदेश से हुई है, लेकिन हमें दूसरे देशों की अच्छी बातों को ग्रहण करने में कंजूसी नहीं करनी चाहिए और न ही यह तर्क देना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमारे देश की परंपरा नहीं है। परिवार का महत्व क्या है, इसकी अहमियत हमारे देश में बहुत ज्यादा है। हमारे देश में तो सारी पृथ्वी को अपना परिवार समझा जाता है, तभी तो हमारे देश में कहा जाता है 'वसुधैव कुटुम्बकम।' संयुक्त परिवार क्यों टूट रहे हैं, इस पर चिंतन की जरूरत है। – *विनोद देवांगन, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# द. कोरिया ने रूस-उ. कोरिया समझौते की आलोचना की

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच हुए उस समझौते की निंदा की जिसमें युद्ध की स्थिति में आपसी रक्षा सहयोग की बात कही गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह यूक्रेन को आपूर्ति को सीमित करने की अपनी नीति पर पुनर्विचार करेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह टिप्पणी की। इससे पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को प्योंगयांग में अपने शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच हुए समझौते की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि यह समझौता दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए



खतरा है और इसका रूस–दक्षिण कोरिया संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि दक्षिण कोरिया इसके जवाब में यूक्रेन को रूसी हमले से लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा। दक्षिण कोरिया एक उभरता हथियार निर्यातक है और उसके पास अमेरिका समर्थित एक सुसज्जित सेना है। दक्षिण कोरिया ने रूस के खिलाफ अमेरिकी नेतृत्व वाले आर्थिक प्रतिबंधों में शामिल होने के दौरान यूक्रेन को मानवीय और अन्य सहायता प्रदान की है।

## ऑफ बीट

# क्या पृथ्वी का वातावरण अब ज्यादा गर्म हो रहा

बोइज़, इडाहो के 12 वर्ष के जोसेफ का कहना है, 'मेरे माता–पिता ने कहा कि लोगों के रहने के लिहाज से ग्रह अत्यधिक गर्म हो रहा है। उन्होंने इसे



जलवायु परिवर्तन बताया। इसका क्या मतलब है?' कई देशों में हाल ही में अत्यधिक गर्म मौसम देखा गया है, लेकिन अधिकांश बसे हुए विश्व में, यह कभी भी 'लोगों के रहने के लिए बहुत गर्म' नहीं होने वाला है, खासकर अपेक्षाकृत शुष्क जलवायु में। जब बाहर शुष्क स्थानों में गर्मी होती है, तो अधिकांश समय हमारा शरीर पसीने के रूप में हमारी त्वचा से पानी और गर्मी को वाष्पित करके ठंडा हो सकता है। हालाँकि, ऐसे स्थान भी हैं जहाँ कभी–कभी खतरनाक रूप से गर्म और आर्द्र हो जाता है, विशेषकर जहाँ गर्म रेगिस्तान गर्म महासागर के ठीक बगल में होते हैं। जब हवा नम होती है, तो पसीना जल्दी से वाष्पित नहीं होता है, इसलिए पसीना हमें उस तरह ठंडा नहीं करता है जैसा शुष्क वातावरण में होता है। मध्य पूर्व, पाकिस्तान और भारत के कुछ हिस्सों में, गर्मियों में गर्मी की लहरें समुद्र से आने वाली आर्द्र हवा के साथ मिल सकती हैं, और यह संयोजन वास्तव में घातक हो सकता है। उन क्षेत्रों में करोड़ों लोग रहते हैं, जिनमें से अधिकांश के पास इनडोर एयर कंडीशनिंग तक पहुंच नहीं है।

## ट्रेंड

### मिट्टी कैफे का उद्घाटन



समावेशी वातावरण बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति संपदा में मिट्टी कैफे का उद्घाटन किया। कर्मचारियों के साथ अपना जन्मदिन मनाया जो राष्ट्रपति से मिलने और उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए उत्साहित थे।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### द्विदलीय समर्थन को महत्व दें



हाउस फॉरेन जीओपी के अध्यक्ष रिपमैक कॉल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी कांग्रेस के मित्रों के साथ विचारों का बहुत अच्छा आदान-प्रदान हुआ। भारत अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को द्विदलीय समर्थन को महत्व दें।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### रोज़ाना लीक होता पर्चा



कैसी "परीक्षा पे चर्चा", जहां रोज़ाना लीक होता पर्चा! मोदी सरकार ने देश की शिक्षा व भर्ती प्रणाली को तहस-नहस कैसे किया है-नीट, यूजीसी-नेट, सीयू ईटी में पेपर लीक, धांधली और घोर अनियमितताओं का अब पर्दाफ़ाश हो चुका है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अपराधियों के हौसले बुलंद



बिहार में सरकारी अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि जब पीएम और सीएम दोनों सीएम के गृह जिला नालंदा में थे उसी वक्त सरकारी गुंडे स्कूल में घुस मुख्य अध्यापक को गोली मार तांडव मचा रहे थे।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## बजट पूर्व संवाद में विषय विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

# मप्र की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से गतिशील बनाए रखने बन रहीं रणनीतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से गतिशील हो गई है। पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ रहा है। अधोसंरचनात्मक विकास की गति को निरंतर बनाए रखने के लिए रणनीतियां बनाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूर्ण करने में मप्र का उल्लेखनीय योगदान होगा। उप मुख्यमंत्री देवड़ा बुधवार को प्रशासन अकादमी में प्रदेश के बजट निर्माण के लिए विषय-विशेषज्ञों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बजट को नागरिकों की अपेक्षा के अनुसार बनाने और उनकी विकास योजनाओं को पूरी करने के उद्देश्य से समाज के सभी वर्गों से बजट निर्माण के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। देवड़ा की पहल पर बजट पूर्व संवाद की परंपरा शुरू हुई थी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव वित्त मनीष सिंह, सचिव वित्त अजीत कुमार, संचालक बजट बक्की कार्तिकेएन, उप सचिव राजीव रंजन मीना, उप सचिव फ्रैंक नोबेल एवं वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।





### ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत बनाने विशेषज्ञों से मांगे सुझाव

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने ऊर्जा क्षेत्र को और ज्यादा मजबूत बनाने इसके लिए विशेषज्ञों से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने कहा कि डायनामिक वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को फिर से वित्त मंत्रालय का दायित्व मिलना प्रदेश के लिए यह शुभ संकेत है। समय-समय पर उनसे मिले मार्गदर्शन से मध्य प्रदेश का वित्तीय प्रबंधन बेहतर साबित हुआ है। संवाद सत्र में भाग ले रहे विशेषज्ञों और विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश के बजट निर्माण के लिए उपयोगी सुझाव दिए।

### डिजिटल साक्षरता जरूरी

रिजर्व बैक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक हेमंत सोनी ने जलवायु जोखिम, पर्याप्त भंडारण स्थान, किसानों और छात्रों के लिये वित्तीय और डिजिटल साक्षरता पर जोर देने की आवश्यकता बताई। क्लस्टर स्तर पर न्यूनतम बुनियादी ढ़ाचा बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए बजट में प्रावधान ज्यादा होना चाहिए। नंदू जे. नाइक उप महा प्रबंधक नाबार्ड ने सिंचाई के क्षेत्र में फोकस करने की आवश्यकता बताई।

### पूंजीगत व्यय बढ़ाना होगा

प्रो. सी. प्रताप रंजन जैना नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एण्ड पॉलिसी नई दिल्ली ने विभिन्न क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय बढ़ाने का सुझाव दिया । उन्होंने कहा कि राज्य की जीडीपी बढ़ाने वाले सभी क्षेत्रों में निवेश को आगे ले जाने की आवश्यकता है। सुश्री कान्ता सिंह डिप्टी काउंट्री रिप्रेजेन्टेटिव यूएन वूमेन इंडिया ने कहा कि मप्र ने जेंडर बजट के लिए बहुत बढ़िया कार्य किया है। महिलाओं की सेफ्टी और केयर वेल्डिंग इकॉनॉमिक्स पर ज्यादा राशि देनी चाहिए।

### जलवायु परिवर्तन पर फोकस

प्रो. योगेश दुबे भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल ने वनों एवं जल के लिए अलग से वातावरण के हिसाब से बजट बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वाइल्ड लाइफ एवं पर्यावरण और क्लायमेट चेंज को ध्यान में रखा जाना चाहिए। ट्रायबल वेलफेयर एवं वाटर मेनेजमेंट, नदियों को स्वच्छ बनाना, मध्यप्रदेश टूरिज्म, विलेज टूरिज्म पर ध्यान देने के साथ फॉरेस्ट फायर होने के बाद उस जगह पर प्लांटेशन करवाना की आवश्यकता पर जोर दिया। केवी प्रताप सीनियर इकोनॉमिक एडवाइजर गृह मंत्रालय भारत सरकार ने सुझाव दिया कि अधोसंरचना के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए बजट की अतिरिक्त व्यवस्था करनी चाहिए। संचालक वित्त बक्की कार्तिकेएन ने आभार प्रदर्शन में कहा कि विषय-विशेषज्ञों ने जो सुझाव दिए उस पर विचार किया जाएगा।

### बच्चों के विकास के लिए बजट और देना चाहिए

सुश्री ह्यून ही बेन चीफ सोशल पॉलिसी यूनिसेफ इंडिया ने मप्र सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि महिलाओं के विकास के लिए मध्यप्रदेश ने बहुत अच्छा काम किया है। बच्चों के विकास के लिए बजट और देना चाहिए। क्लायमेट चेंज पर भी ध्यान देना होगा। स्कूलों में हेल्थ के लिए बजट बढ़ाया जाना चाहिए। प्रो. सिद्धार्थ चतुर्वेदी एक्स चेयरमेन सीआईआई ने कहा कि उद्योग के लिए स्टाम्प ड्यूटी पर सब्सिडी पर सरकार को विचार करना चाहिए। सर्विस सेक्टर, टेक्सटाइल में टेक्नॉलॉजी डेवेलपमेंट इंफ्रास्ट्रकचर में रोजवेज, लॉजिस्टिक, एयरपोर्ट का विकास, ड्रोन सेवाओं, सोलर एनर्जी, डिफेंस, ईव्ही पर अतिरिक्त राशि की व्यवस्था होना चाहिए। इसके साथ महिलाओं के लिए स्टार्ट-अप, महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से व्यवस्था आदि पर विचार होना चाहिए।

## सीएम ने समत्व भवन में हुई उच्च स्तरीय बैठक में परियोजना पर चर्चा के बाद दिए निर्देश

# किसानों के हित में खरीफः 2024 से लागू करें डिजिटल क्रॉप सर्वे परियोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खरीफ-2024 से कृषक हित में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना का क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में किया जाए। इस परियोजना में किसान बंधु नवीन तकनीक से अपनी गिरदावरी को देख सकेंगे। यही नहीं फसल नुकसान की दशा में किसानों को बीमा राशि भी अविलंब प्राप्त हो जाएगी। परियोजना में सैटेलाइट इमेज से संभावित फसल की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी। इससे किसानों को उपार्जन में सहायता मिलेगी साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड भी तत्काल स्वीकृत करने में आसानी होगी।



### डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना : एक नजर में

इस परियोजना में ग्राम में उपलब्धि स्थानीय युवा के माध्यम से नवीन तकनीक (जियो फेंस) का उपयोग कर कराया जाएगा। खेत में फसल का फोटो खींचने की प्रक्रिया आसानी से पूर्ण हो जाएगी। सर्वेयर की फ्रोटो की जियो टैगिंग भी होगी। ऐसे में खेत में जाकर क्रॉप सर्वे करना होगा और साक्ष्य के रूप में फसल की फ्रोटो भी उपलब्ध रहेगी।

### विसंगति पर जांच की कार्रवाई की जाए

सैटेलाईट इमेज से भी संभावित फसल की जानकारी प्राप्त कर उसका तुलनात्माक अध्ययन किया जाएगा एवं विसंगति पाई जाने पर जांच की कार्रवाई शासकीय सेवकों की ओर से की जा सकेगी। फसल की सटीक जानकारी प्राप्त कर बेहतर पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की केंद्रीय मंत्रियों से सौजन्य भेंट

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्रियों से उनके मंत्रालयों से संबंधित प्रदेश से जुड़े विविध विषयों पर चर्चा कर सहयोग की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से उनके आवास पर सौजन्य भेंट की।

### पीएमकेवाय में 17वीं किस्त की राशि जारी

भोपाल । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएमकेवाय) में केन्द्र सरकार ने मंगलवार को मप्र के किसानों के खाते में 17वीं किस्त की राशि जारी की गई। किसानों को लाभान्वित करने में प्रदेश की जनसंख्या के मान से हितग्राही पंजीयन संख्या अनुसार मप्र का देश में दूसरा स्थान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से मप्र के 80 लाख से अधिक हितग्राही किसानों के खाते में एक हजार 643 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। पीएमकेवाय में योजना के प्रारंभ वर्ष 2019-20 से लेकर अब तक 25 हजार 320 करोड़ रुपए की राशि मध्यप्रदेश के हितग्राही किसानों के खाते में अंतरित की जा चुकी है।

हितग्राही पंजीयन में मप्र का देश में दूसरा स्थान

## सोम डिस्टिलरीज का लाइसेंस सस्पेंड

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कलेक्टर-एसपी को लिखा पत्र, 48 घंटे में मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

रायसेन जिले के सेहतगंज में संचालित मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा की गई छापामार कार्यवाही और इस दौरान यहां से नाबालिग बच्चों के मिलने के मामले में राष्ट्रीय बाल आयोग अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने रायसेन कलेक्टर और एसपी को पत्र लिखकर 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट तलब की है। इसके साथ ही आयोग ने रेस्क्यू किए गए बच्चों को गायब करने के संबंध में एफआईआर दर्ज करने की बात कही है। इसी बीच बुधवार शाम को मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड सेहतगंज जिला रायसेन को स्वीकृत आसवनी अनुज्ञप्ति, विदेशी मदिरा बॉटलिंग अनुज्ञप्ति, देशी मदिरा बॉटलिंग अनुज्ञप्ति तथा देशी मदिरा थोक प्रदाय अनुज्ञप्ति मप्र आबकारी अधिनियम के तहत आगामी 20 दिन अथवा श्रम विभाग से प्रतिवेदन प्राप्त होने, जो भी बाद में आये तक निलंबित की गई है। इस संबंध में आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने आदेश जारी किया है।

### संदेह कि कुछ बच्चे आश्रम से भी लाए गए

आयोग ने अपने पत्र में बताया है कि परिसर का निरीक्षण करते समय, अधिकारियों की टीम ने डिस्टिलरी के भवन के बगल में एसओएम आश्रम के नाम से संचालित एक आश्रम देखा। इससे यह संदेह और बढ़ गया है कि क्या उक्त आश्रम से कुछ बच्चे भी लाए गए थे। इसलिए, इस संबंध में आयोग का विचार है कि कलेक्टर-एसपी द्वारा इस बात की गहन जांच की जाए कि क्या उक्त परिसर में कोई नाबालिग बच्चा रहता है या नहीं और यदि पाया जाता है। रहते हैं तो किशोर न्याय अधिनियम एवं नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कुछ बच्चों का दाखिला कंपनी के ही स्कूल में

बाल आयोग अध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा है कि निरीक्षण में शराब कंपनी सोम डिस्टिलरीज में 59 बच्चों को काम करते हुए पाया गया था। इसके बाद, टीम ने बच्चों की पहचान की और बातचीत में दिखाई गई मार्कशीट के आधार पर 20 लड़कियों में से 18 वर्ष से अधिक उम्र की एक लड़की मिली। इस दौरान पता चला कि उन्हें एसओएम हाई की स्कूल में देशी शराब बनाने लाया गया था। यह स्कूल सोम द्वारा चलाया जाता है। इसके अलावा, डिस्टिलरी में काम करने वाले कुछ बच्चों ने अपने फोन पर अपनी मार्कशीट भी दिखाई, जिसमें पता चला कि उक्त नाबालिगों का दाखिला एसओएम हाई स्कूल, रायसेन में हुआ था। इसलिए यह आशंका है कि यहां पाए गए नाबालिगों को बच्चों को स्कूल ले जाने या खेलने की आड़ में परिसर में लाया गया होगा।

### अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं

बाल आयोग ने कहा है कि संबंधित एसडीएम के गैर-जिम्मेदाराना और गैर-पेशेवर कृत्य के कारण पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर सकी और आयोग को देर रात सूचना मिली कि सभी 39 नाबालिग लड़कों को परिसर से गायब कर दिया गया है। सूचना मिलने पर एनसीपीसीआर अध्यक्ष के नेतृत्व में एनसीपीसीआर की टीम देर रात थाने पहुंची, लेकिन रात 12 बजे तक जिला प्रशासन द्वारा गायब किए गये बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला। आयोग ने पूछा है कि जेजे एक्ट धारा 78 को एफआईआर में क्यों नहीं लागू किया गया और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई जो किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की प्रासंगिक धारा को लागू करने में विफल रहे।

## जिला स्तरीय कार्यक्रमों में उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्री होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग के साथ होगा श्रीअन्न संवर्धन अभियान का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ 21 जून को प्रदेश स्तर पर वृहद रूप में किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्री जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। राज्य शासन द्वारा उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्री को जिले आवंटित किए गए हैं।

■ उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्री को जिले आवंटित

इसमें डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा मंदसौर, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल रीवा, मंत्री कुं. विजय शाह खंडवा, कैलाश विजयवर्गीय इंदौर, प्रहलाद सिंह पटेल नरसिंहपुर, मंत्री राकेश सिंह जबलपुर, करण सिंह वर्मा सीहोर, मंत्री उदय प्रताप सिंह नर्मदापुरम, मंत्री सम्पतिया उइके मण्डला, मंत्री तुलसीराम सिलावट देवास, मंत्री एदल सिंह कंषाना श्योपुर, मंत्री निर्मला भूरिया झाबुआ, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सागर, मंत्री विश्वास सारंग विदिशा, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ग्वालियर, मंत्री नागर सिंह चैहान अलीराजपुर, मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुना, मंत्री राकेश शुक्ला भिण्ड, मंत्री चेतन काश्यप रतलाम, मंत्री इंदर सिंह परमार शाजापुर एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर हरदा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी छिंदवाड़ा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल अनूपपुर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल राजगढ़, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन सिंह पटैल दमोह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार बैतूल, राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल रायसेन, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी सतना, राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार छतरपुर और राज्य मंत्री राधा सिंह सिंगरौली में शामिल होंगे। इसके अलावा सभी जिलों के कलेक्टरों को आदेश दिए गए हैं कि वह सुनिश्चित करेंगे कि जन-प्रतिनिधियों की सहभागिता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा अन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ व्यापक स्तर पर आयोजित हो।

## घर में रखे अनाज खाने के साथ हाथियों ने घरेलू सामान को भी नष्ट कर दिया

# पहाड़ी कोरवाओं की बस्ती में घुसे हाथी ने 10 घर तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सरगुजा और रायगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में जमे हाथियों के दल ने बुधवार की रात मैनपाट वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत उड़मकेला के आश्रित गांव मोहनाडीहारी को तबाह कर दिया। पहाड़ी कोरवाओं की इस बस्ती में रात 10 बजे घुसे हाथियों ने एक-एक कर लगभग 10 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

सुबह पांच बजे तक हाथी बस्ती में ही विचरण करते रहे। सारी रात आबादी क्षेत्र में विचरण करने के बाद भोर में हाथी नजदीक के जंगल में चले गए।सुबह जब प्रभावित



परिवारों के लोग वापस अपने-अपने घरों में पहुंचे तो कुछ भी नहीं बचा था। घर में रखे अनाज खाने के साथ हाथियों ने घरेलू उपयोग के सारे सामान भी नष्ट कर दिए थे।

प्रभावित परिवारों के समक्ष अब आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।ग्रामीणों ने बताया कि शाम से ही हाथी आबादी क्षेत्र के आसपास विचरण कर रहे थे। रात लगभग 10 बजे जब हाथी बस्ती की ओर आने लगे तो लोगों ने घर खाली कर दिया। रात में प्रभावित परिवारों के लिए शासकीय छात्रावास में व्यवस्था की गई थी।

शासकीय छात्रावास में कटा रात वन विभाग के कर्मचारी हाथियों की निगरानी में लगे हुए थे। बताते चलें कि जंगल में चारा- पानी की उपलब्धता नहीं होने के कारण ही हाथियों का प्रवेश लगातार आबादी क्षेत्र में हो रहा है। प्रभावित परिवार के सदस्य क्षतिग्रस्त मकानों के आसपास प्रशासनिक मदद की आस लिए पड़े हुए हैं. हाथियों का दल अभी भी नजदीक के जंगल में ही है. वन कर्मचारियों द्वारा क्षति का आकलन किया जा रहा है।

## वारदात के समय पत्नी और बच्चे रायगढ़ गए हुए थे

# सूने मकान में चोरों का धावा, सोने-चांदी के गहने समेत नगदी भी चोरी; सीसीटीवी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में नगर पालिका वार्ड नंबर 18 शंकर नगर में सूने मकान से अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के गहने और 50 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी किए गए गहने और नकदी की कुल रकम पांच लाख रुपये बताई जा रही है। ताला तोड़ते वक्त सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हुए हैं।

धीरेंद्र राठौर ने बताया कि भाई की शादी होने वाली है। उसकी पत्नी और बच्चे रायगढ़ गए हुए हैं और वह बुधवार को रायपुर गया हुआ था। रायपुर



से आने के बाद अपने गांव सारागाव खेती किसानी का काम देखने के लिए चला गया और रात को वहीं रुक गया। गुरुवार की सुबह घर में काम करने वाली बाई जब आई तो देखा की दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। उसने फोन कर घटना की जानकारी दी। गांव से अपने मकान पर पहुंचा तो कमरे में सामान बिखरा हुआ था। वहीं, अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने जिसकी कीमत लगभग चार लाख पचास हजार रुपये और 50 हजार नकद रुपये गायब मिले। आशंका है कि चोरी करने के बाद घर के पीछे के दरवाजे से भाग निकले होंगे। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम साइबर टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। आसपास के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में तलाशी लेने पर दो अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मकान का ताला तोड़ते हुए नजर आ रहे हैं।

## दंतेश्वरी मंदिर पहुंच कर पूरा किया प्रण

# हेमंत नेताम ने की 22 किमी की दंडवत यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

चुनाव के दौरान भाजपा की जीत और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर बस्तर से जगदलपुर दंतेश्वरी मंदिर तक दंडवत यात्रा का संकल्प लेने वाले हेमंत नेताम ने बुधवार को 22 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर जगदलपुर के दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे। भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने उनका पुष्पाहार और मिठाई खिलाकर कर हेमंत नेताम का स्वागत किया। इस दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप भी दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे और युवक का स्वागत करते हुए उसे जूस पिलाकर संकल्प पूर्ण करवाया। इससे पहले हेमंत नेताम ने दंतेश्वरी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर माता दंतेश्वरी के समक्ष अपने संकल्प के पूर्ण होने की घोषणा की। नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर आम जनता बेहद संवेदनशील है।

# मालवाहक वाहन खाई में गिरा, दो जवान की मौत

» घटना पुंदाग और भुताही गांवों के बीच हुई

» एक जवान और ड्राइवर हुए घायल अस्पताल में कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में छोटे मालवाहक वाहन के खाई में गिरने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के दो पुलिस जवानों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में सीएएफ का एक जवान और वाहन चालक घायल हुए हैं। बलरामपुर जिले के पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि यह घटना बुधवार देर शाम झारखंड राज्य की सीमा से लगे पुंदाग और भुताही गांवों के बीच हुई। उम्मेद सिंह ने बताया कि सीएएफ की 10वीं बटालियन की 'डी' कंपनी को जिले के रामचंद्रपुर से पुंदाग स्थानांतरित किया गया है। इस प्रक्रिया में सुरक्षा कर्मियों, सामान और अन्य सामग्रियों को बसों और ट्रकों के जरिये शिविर के नए स्थान पर स्थानांतरित किया जा रहा था।

### मोड़ पर ड्राइवर ने खोया नियंत्रण



उम्मेद सिंह ने बताया कि जब शिविर को स्थानांतरित किया जा रहा था तब परिवहन में लगा एक बड़ा ट्रक बंदरचुआ गांव से आगे नहीं जा सका। तब वहां से ट्रक में लदे सामान को शिविर स्थल तक पहुंचाने के लिए एक छोटा मालवाहक वाहन भेजा गया। सिंह ने बताया कि एक बार सामान ढोने के बाद जब वाहन दूसरी बार सामान ले जा रहा था तब वाहन चालक ने पहाड़ी के एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया और वाहन खाई में गिरकर एक पेड़ से टकरा गया।

### घायलों का स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में उत्तर प्रदेश के निवासी हवलदार फतेह बहादुर और छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के निवासी आरक्षक नारायण प्रसाद की मौत हो गई तथा आरक्षक प्रताप सिंह और वाहन चालक घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि घायलों की स्थिति स्थिर है। वहीं घटना स्थल पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सीपत कुकदा से आमानारा के बीच हुआ हादसा

# अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार कार पलटी, हादसे में शिक्षक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा


हरदी बाजार गांधी नगर निवासी नवीन अनंत (35), अरविंद पैगोर (43), संतोष भारद्वाज (40) और उतरदा निवासी लल्लू श्रीवास (35) चारों कार में सवार होकर बिलासपुर गए हुए थे, जहां से देर रात वापस लौटते समय सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में शिक्षक नवीन अनंत की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन लोग घायल हो गए, जिसमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

ये हादसा बिलासपुर से वापस लौटते समय सीपत कुकदा से आमानारा के बीच पुल से पहले हुआ है। बताया जा रहा है कि अंधा मोड़ होने की वजह से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार की रफ्तार तेज थी। सड़क से लगभग 100 मीटर दूर जाकर पलटी खाते



सड़क के नीचे जा गिरी। हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नवीन अनंत पाली ब्लॉक के डिंडोलभाटा प्राथमिक शाला में शिक्षक के पद पर था। इस घटना के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। पोस्टमार्ट के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। नवीन अनंत का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम अकलतरा समीप परसदा में किया गया

# पहली बार दौड़ी विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब पुल से ट्रेन



## संगलदान और रियासी के बीच चली मेमू ट्रेन

उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना के तहत ट्रेन के जरिए कश्मीर जाने वालों का सपना पूरा होने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। यह सपना धीरे-धीरे वास्तविकता के और करीब आता जा रहा है। गुरुवार को संगलदान से रियासी के लिए दस डिब्बों वाली रेलगाड़ी का ट्रायल किया गया, जो कि पूरी तरह से सफल रहा।

### सफल ट्रायल पर गूंजे भारत मां के जयघोष

गुरुवार को बारह बजे के करीब ट्रेन संगदान से रियासी के लिए निकली। दोपहर दो बजे के करीब ट्रेन रियासी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में परियोजना पर काम करने वाले कर्मचारियों को बिठाया गया था। इसके अलावा रेलवे के अधिकारी भी उसमें मौजूद रहे। ट्रेन के रियासी रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही भारत माता की जय के जयघोष गूंज उठे। मौके पर स्थानीय लोग इन पलों का साक्षी बनने के लिए उपस्थित रहे। बताया गया है कि रियासी से कश्मीर तक ट्रेन को जल्द ही चलाया जा सकता है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज (आर्च) से गुरुवार को पहली ट्रेन का संचालन हुआ। भारतीय रेलवे ने 8 कोच मेमू ट्रेन की को चला कर ट्रायल किया। मेमू ट्रेन ने रामबन जिले के संगलदान और रियासी के बीच करीब 46 किमी। की दूरी तय की। इस दौरान ट्रेन की स्पीड 40 किमी प्रति घंटे की रही। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वयं एक्स के माध्यम से इसकी जानकारी दी।

भारतीय रेलवे के अनुसार ट्रेन संगलदान से 12:35 बजे चली और 14:05 बजे रियासी पहुंची। इस दौरान रास्ते में ट्रेन 9 सुरंगों से होकर गुजरी, जिनकी कुल लंबाई 40.787 किमी है। इसके साथ ही सबसे लंबी सुरंग टी-44 11.13 किमी लंबी थी। पहली पूर्ण ट्रेन चिनाब नदी पर दुग्गा और बक्कल स्टेशनों के बीच प्रतिष्ठित पुल को पार कर गई, जो दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च रेलवे पुल है। रियासी, बक्कल, दुग्गा और सावलकोटे स्टेशन जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित हैं। इस खंड पर विद्युतीकरण कार्य भी किया गया है। 48.1 किमी लंबे बनिहाल-संगलदान खंड सहित यूएसबीआरएल परियोजना का उद्घाटन 20 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। 118 किमी लंबे काजीगुंड-बारामूला खंड को कवर करने इस परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन अक्टूबर 2009 में किया गया था। जून 2013 में 18 किमी लंबे बनिहाल-काजीगुंड खंड और जुलाई 2014 में 25 किमी लंबे उधमपुर-कटरा खंड का उद्घाटन किया गया था और आज चिनाब ब्रिज से ट्रेन का सफल संचालन किया गया।



### ट्रेन चलने के बाद व्यापार में वृद्धि होगी

संगलदान से रिसासी तक रेल चलाने के सफल ट्रायल के बाद से लोगों, खासकर युवाओं में खुशी की लहर है। रविवार को ट्रैक के निरीक्षण के लिए पहली बार रियासी स्टेशन तक विद्युत चलित इंजन सीटियां बजाता हुआ पहुंचा था। इसे देखने के लिए युवाओं की भीड़ भी रियासी स्टेशन पर एकत्रित हुई थी। युवाओं का कहना है कि इस ट्रैक पर ट्रेन चलने के बाद व्यापार में वृद्धि होगी।



---

रक्षा मंत्रालय का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों व नियोक्ताओं को जोड़ना

### जॉब ऑफर करेंगी 40 कॉर्पोरेट कंपनियां

# पूर्व सैनिकों के लिए आज लगेगा रोजगार मेला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीब 40 कॉरपोरेट कंपनियां पूर्व भारतीय सैनिकों को जॉब ऑफर करेंगी। इस पहल में रक्षा मंत्रालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह कॉरपोरेट कंपनियां पूर्व सैनिकों को नौकरी देने के लिए वायुसेना स्टेशन पहुंच रही हैं। रक्षा मंत्रालय का पुनर्वास महानिदेशालय 21 जून को उत्तर प्रदेश के हिंडन (गाजियाबाद) स्थित वायुसेना स्टेशन के ऑडिटोरियम में पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेले का आयोजन कर रहा है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इसका उद्देश्य पूर्व सैनिकों और नियोक्ताओं को जोड़ना है, ताकि पूर्व सैनिकों (ईएसएम) को रोजगार का दूसरा अवसर मिल सके। रक्षा मंत्रालय का मानना है कि देश भर से तीनों सेनाओं के पूर्व सैनिक इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। मेले में लगभग 40 कॉरपोरेट कंपनियों के भाग लेने की उम्मीद है, जो पूर्व सैनिकों को फील्ड जॉब, प्रशासनिक कार्य, डेस्क जॉब, संस्थागत सुरक्षा और संबंधित कार्यों जैसी विभिन्न नौकरियों की पेशकश करेंगी।


DIRECTORATE GENERAL RESETTLEMENT
MINISTRY OF DEFENCE
Job Fair : Hindon (Ghaziabad)
21 June 2024 - 07:00 AM onwards
(Registration till 10:00 AM)
Venue : Station Auditorium, Air Force Station, Hindon (Ghaziabad) UP
Documents Required
ESM I card and five copies of latest CV/Bio Data with photograph
BENEFITS FOR ESM JOB SEEKERS
Interact with Recruiters from Top PSUs/Corporates (Employers)
Hassle Free Recruitment Process
No cost access to Multiple Job Opportunities
BENEFITS FOR EMPLOYERS
Free access to Veterans talent pool
Register online & book your company's stall at www.dgrindia.gov.in
Allotment on first-come-first serve basis

### सुबह 7 से 10 बजे तक पंजीकरण

रोजगार मेला स्थल पर सुबह 7 से 10 बजे तक पंजीकरण हो सकेगा। पंजीकरण के लिए पूर्व सैनिकों को अपना पहचान पत्र और नवीनतम बायो-डेटा की पांच प्रतियां फोटो के साथ लानी होंगी। मेले में बाधा रहित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न नौकरियों के अवसर मिल सकेंगे।

### संपर्क के लिए मोबाइल व टेलीफोन नंबर जारी

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस संबंध में पूछताछ और सहायता के लिए वारंट अधिकारी एसके. सिंह से 9311720898 और जूनियर वारंट अधिकारी यूसी. मोहंता से 7030595754 मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। दूसरी ओर नौकरी देने की इच्छुक कंपनियां या कॉर्पोरेट्स अथवा नियोक्ता **www.dgrindia.gov.in** पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस पंजीकरण के उपरांत ही नियोक्ता कंपनियां एयर फोर्स स्टेशन पर अपने स्टॉल बुक कर सकती हैं। किसी भी अन्य पूछताछ के लिए वे संयुक्त निदेशक (एसई और सीआई), पुनर्वास महानिदेशालय पश्चिम ब्लॉक आईव्ही, आरके. पुरम, नई दिल्ली-110066 से 011- 20862542 टेलीफोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## पूर्व पीएम इमरान खान के पीए का अपहरण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लाहौर में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार गुलाम शब्बीर का अपहरण किया गया। वे इस्लामाबाद की यात्रा पर थे। उनके बेटे बिलाल ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। पाकिस्तान के लाहौर में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार गुलाम शब्बीर के अपहरण की खबर सामने आई है। इस मामले में लाहौर के काहना पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।

---

### भारत-अमेरिका अंतरिक्ष साझेदारी एक मील का पत्थर साबित होगी

# भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को तैयार करेगा नासा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने की तैयारी

नासा प्रमुख नेल्सन ने कहा कि यूएस अंतरिक्ष एजेंसी भारत के साथ सहयोग का विस्तार करेगी। उन्होंने कहा है कि नासा एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईआईएस) पर मिलकर काम करेगा।


पूर्व में वैज्ञानिकों से मिले पीएम मोदी।
फाइल फोटो



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की स्पेस एजेंसी अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने सबसे खास मिशन गगनयान की तैयारियों में लगी है। इस मिशन में दुनिया की सबसे दिग्गज अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा भी भारत की मदद करेगी। खुद नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख बिल नेल्सन ने इसकी पुष्टि की है। नासा के प्रशासक नेल्सन ने कहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी भारत के साथ सहयोग का विस्तार करेगी। उन्होंने कहा है कि नासा एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मिलकर काम करेगा। नेल्सन की टिप्पणी ऐसे समय में आई है।

**भारत और अमेरिका रणनीतिक हित के हिस्से**

डोभाल ने मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन की उपस्थिति में कहा कि भारत और अमेरिका को बड़े रणनीतिक हित के हिस्से के तहत महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास में सबसे आगे रहना चाहिए। डोभाल की यह टिप्पणी उनके और सुलिवन द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, उन्नत दूरसंचार और रक्षा क्षेत्र के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को गहरा करने के लिए परिवर्तनकारी पहलों का अनावरण करने के एक दिन बाद आई है।

### साथ मिलकर उभरती टेक्नोलॉली पर आगे बढ़ रहे

नासा चीफ ने कहा कि पिछले साल भारत की मेरी यात्रा के बाद, नासा मानवता के लाभ के लिए महत्वपूर्ण और उभरती हुई टेक्नोलॉजी पर अमेरिका और भारत की पहल को आगे बढ़ा रहा है। हम साथ मिलकर अंतरिक्ष में अपने देशों के सहयोग का विस्तार कर रहे हैं, जिसमें इसरो अंतरिक्ष यात्री के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर एक संयुक्त प्रयास शामिल है।

### अंतरिक्ष यात्रा के पहले संयुक्त प्रयास पर चर्चा

दोनों देशों के एनएसए ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में नासा और इसरो के अंतरिक्ष यात्रियों के बीच पहले संयुक्त प्रयास पर भी चर्चा की। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भारत और अमेरिका के संयुक्त अंतरिक्ष अन्वेषण में मील का पत्थर साबित होगा।

---

## खबर संक्षेप

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन वियतनाम पहुंचे



**हनोई।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वियतनाम दौरे पर हैं। उत्तर कोरिया का दौरा समाप्त कर गुरुवार को राष्ट्रपति पुतिन हनोई के नोई बाई एयरपोर्ट पर पहुंचे। रूसी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाया गया। वियतनाम के उप प्रधानमंत्री ट्रान हॉन्ग हा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विभाग सीपीवी केंद्रीय समिति के प्रमुख ली होआई ट्रंग और वियतनाम के डिप्टी विदेश मंत्री ले थी थू हैंग ने रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात की।

### अंतरिक्ष में 'फंसी' विलियम्स वापसी की तारीख बढ़ी

**नासा।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी 6 जून को अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचे थे।



वहां पहुंचने के बाद सुनीता और उनके क्रू के 8 सदस्यों कई मुश्किलें हुईं। तब (एनएसएसए) ने अनुमान लगाया था कि वे एक सप्ताह तक यहां रहेंगे, उसके बाद वापस आ जाएंगे, लेकिन हीलियम लीक होने और सुपरबग के खतरे के कारण काफी सवाल खड़े हुए।

---

चीनी सेना ने अब एक और पड़ोसी पर किया गलवान जैसा हमला

# फिलीपींस के सैनिकों पर चाकू तलवार व भाले से किया अटैक

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन दुनिया में एक ऐसा देश है, जिसका उसके लगभग सभी पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद चल रहा है। भारत के साथ गलवान घाटी में चीन ने लड़ाई की थी। अब कुछ इसी तरह की हरकत चीन ने अपने पड़ोसी फिलीपींस के साथ की है। समुद्र में चीन और फिलीपींस के सैनिकों के बीच विवादित दक्षिण चीन सागर में लड़ाई देखी गई। फिलीपींस के कमांडर ने कहा कि चीन के सैनिक तलवारों, भालों और चाकुओं के साथ लैस थे, जिनका मुकाबला फिलीपींस के सैनिकों ने सिर्फ हाथों से किया।

### नावों को चीनी सैनिकों ने किया बर्बाद

जनरल ब्राउनर ने कहा कि सैनिकों ने चीनी तट रक्षकों को चाकुओं, भालों और तलवार से लैस देखा। यह पहली बार है जब फिलीपींस के सैनिकों ने क्षेत्र में चीनियों को इस प्रकार के हथियार का इस्तेमाल करते देखा है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।



जनरल ने कहा, 'वीडियो में चीनी सैनिकों को हमारे सैनिकों की ओर चाकू दिखाते देखा जा सकता है।' चीनी कर्मियों ने कई बंदूकें जब्त कर लीं और नाव की मोटरों सहित अन्य वस्तुओं को नष्ट कर दिया।

### हथियार वापस देने की मांग

वीडियो में देखा जा सकता है कि हवा भरी नावों को चीनी कर्मी पंचर कर रहे हैं। जनरल ने इस घटना को चोरी की तरह बताया। उन्होंने कहा, 'उनके पास हमारे ऑपरेशन को हाईजैक करने और हमारे विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर चल रहे फिलीपीन जहाजों को नष्ट करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।' फिलीपींस के सैन्य प्रमुख ने बुधवार को मांग की है कि चीन जब्त की गई राइफल और उपकरणों को लैटाए और हमले में हुए नुकसान की भरपाई करे।

---

### 2 हफ्ते की पुलिस रिमांड पर भेजा

# कुवैत में आग मामले में 3 भारतीय समेत 8 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ कुवैत

कुवैत की इमारत में लगी भीषण आग के मामले में अधिकारियों ने 3 भारतीय, 4 मिस्र के नागरिक और 1 कुवैती को गिरफ्तार किया है। 12 जून को तड़के 6 मंजिला बिल्डिंग में लगी आग में कुल 50 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें 45 लोग भारतीय थे। इस बिल्डिंग में 196 कामगार रहते थे, जिनमें से ज्यादातर भारतीय थे। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए 8 लोगों को 2 हफ्ते की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।



### शॉर्ट सर्किट के चलते लगी थी आग

कुवैत ने मामले की जांच के लिए एक टीम भी बनाई है। इसे आग लगने का कारण ढूंढने का काम सौंपा गया है। कुवैत के समयानुसार यह हादसा बुधवार (12 जून) सुबह करीब 4:30 बजे हुआ। कुवैती फायर फोर्स के मुताबिक यह आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी थी।

---

### सेना का खुलासा

# जम्मू कश्मीर: लश्कर से जुड़े थे मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी

एजेंसी ▶▶ जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी थे और लश्कर ए तैयबा (एलईटी) से जुड़े हुए थे। सेना के राष्ट्रीय राइफल्स सेक्टर पांच के कमांडर ब्रिगेडियर दीपक देव ने गुरुवार को राफियाबाद में संवाददाताओं को बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान उस्मान और उमर के रूप में हुई है और दोनों ही पाकिस्तानी मूल के हैं। दोनों ही एलईटी से जुड़े हुए थे। बारामूला जिले में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया था और दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बारामूला के वाटरगाम इलाके में सुबह घेराबंदी कर खोज अभियान शुरू किया था। आतंकवादियों के सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाने के बाद खोज अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया। ब्रिगेडियर ने कहा कि उस्मान वर्ष 2020 से कश्मीर घाटी में सक्रिय था। सेना के अधिकारी ने बताया कि अभियान के बाद बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

---

### भारतीय स्टार्टअप अग्निकुल ने दुनिया में भारत का सिर गर्व से ऊंचा किया

# 3-डी प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए बनाया पूरा रॉकेट इंजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्निकुल कॉस्मॉस नाम की एक भारतीय स्टार्टअप है। स्पेस इंडस्ट्री अग्निकुल द्वारा किए गए काम की तरंगों को अच्छे से महसूस कर रही है। कंपनी ने एक ऐसा काम कर दिखाया है, जो अभी तक असंभव लगता था। इस काम से स्पेस इंडस्ट्री में कंपनी के नाम का तो डंका बजा ही है, साथ ही भारत का सिर भी गर्व से ऊंचा हुआ है। दरअसल, अग्निकुल ने 3-डी प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए रॉकेट इंजन बनाया है। 30 मई 2024 को इसे लॉन्च किया गया। इसकी खासियत यह है कि यह सिंगल पीस इंजन है। अभी तक बनने वाले सभी इंजनों के अलग-अलग पार्ट्स में बनते थे। पहली बार ऐसा हुआ है कि पूरा इंजन एक बार में 'छाप' दिया गया।



### कंपनी ने बनाया पहला कस्टमाइज रॉकेट

अग्निबाण रॉकेट कंपनी ने पहला रॉकेट यही बनाया था। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया था कि इसे किसी भी तरीके से कस्टमाइज किया जा सके। यह क्राफ्ट 100 किलोग्राम वजन तक का भार लेकर लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) तक जा सकता है। कम लागत से तैयार यह रॉकेट सेटेलाइट लॉन्चिंग के लिए इस्तेमाल किये जाने के लिए अच्छा ऑप्शन है।

**टेक्नोलॉजी को पेटेंट करवाया**

अग्निकुल ने अभी जो 3डी प्रिंटिंग से रॉकेट के इंजन का निर्माण किया है, उसे पहले ही पेटेंट करवा लिया गया था। इस नई खोज से रॉकेट का इंजन 3-4 दिनों में बन जाएगा, जबकि पहले कई हफ्ते का समय लगता था।

### कई हफ्तों का काम 3 दिन में

3-डी प्रिंटिंग प्रोसेस के माध्यम से इंजन बनाने की लागत के साथ-साथ तैयार करने के समय में भी कमी आई है. अग्निकुल को 3-डी प्रिंटिंग का इस्तेमाल करते हुए रॉकेट इंजन तैयार करने में केवल 75 घंटे का समय लगा। पुराने ट्रेडिशनल तरीके से रॉकेट इंजन बनाने में 10 से 12 सप्ताह तक का समय लगता है। पूरी स्पेस इंडस्ट्री इसे लेकर खुश है और उन्हें लग रहा है कि रॉकेट बनाने में कम समय लगेगा, और पैसा भी खूब बचेगा। बता दें कि अग्निकुल कॉस्मॉस भारतीय एयरोस्पेस स्टार्सअप है, जो छोटे सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल बनाता है। कंपनी लगभग 7 साल पहले 2017 में शुरू हुई थी। फाउंडर श्रीनाथ रविचंद्रन और मोइन एसपीएम हैं।

---

# नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस को एक और साल की जेल की सजा सुनाई गई

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान की जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को उनकी सामाजिक कार्यकर्ता के कारण एक और साल की जेल की सजा सुनाई गई है, उनके वकील ने यह जानकारी दी। मोहम्मदी के वकील मुस्तफा नीली ने कहा कि उनके मुवक्किल को व्यवस्था के खिलाफ दुष्प्रचार करने के आरोप में दोषी ठहराया गया है। नीली ने कहा कि यह सजा तब दी गई जब सुश्री मोहम्मदी ने मतदाताओं से ईरान के हालिया संसदीय चुनाव का बहिष्कार करने का आग्रह किया, यूरोप के सांसदों को पत्र भेजे और एक अन्य ईरानी पत्रकार और राजनीतिक कार्यकर्ता द्वारा झेली गई यातना और यौन उत्पीड़न के बारे में टिप्पणी की।

# इलेक्ट्रिक चेतक ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया



**अब कीमत 95,998/- रुपये से शुरू**

**पुणे।** दुनिया की सबसे मूल्यवान 2-व्हीलर और 3-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड, की शुरुआत के साथ अपने लोकप्रिय इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक 2901 पोर्टफोलियो के साथ के विस्तार की घोषणा की। किफायती चेतक में मजबूत धातु बॉडी और उन्नत तकनीकी जैसे विशिष्ट फायदे हैं। इसके फीचर्स ने इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में खुद को मजबूती से स्थापित कर लिया है। नए फीचर से भरपूर स्कूटर इलेक्ट्रिक चेतक स्कूटरों की अपनी रेंज तक पहुंच, जो इसे आईसीई वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन सवार दोनों के लिए एक आकर्षक पेशकश बनाती है। इसका उद्देश्य उन उपभोक्ताओं को आकर्षित करना है जो सुरुचिपूर्ण, टिकाऊ और को महत्व देते हैं। अतिरिक्त विशेषताएं: चेतक 2901 में रंगीन डिजिटल कंसोल, अलॉय व्हील्स और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसी अतिरिक्त विशेषताएं हैं, जो राइडर के आराम और सुविधा को बढ़ाती हैं। ग्राहक टेकपैक के साथ इन सुविधाओं को अपग्रेड करना चुन सकते हैं। टेकपैक में हिल होल्ड, रिवर्स, स्पोर्ट और इकोनॉमी मोड, कॉल और म्यूजिक कंट्रोल, फॉलो मी होम लाइट और ब्लूटूथ ऐप कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएँ हैं।

चेतक पोर्टफोलियो चेतक का विस्तारित पोर्टफोलियो ग्राहकों की पसंद की एक विस्तृत श्रृंखला को पूरा करता है। यह दोनों को आकर्षित करता है, एक राइडर जो एक विश्वसनीय दैनिक आवागमन (चेतक 2901) चाहता है या एक तकनीक-जागरूक राइडर जो पूरी तरह से लोडेड इलेक्ट्रिक स्कूटर (चेतक प्रीमियम) चाहता है। इसके अतिरिक्त, चेतक पोर्टफोलियो के सभी वेरिएंट को टेकपैक की खरीद के साथ और भी बेहतर बनाया जा सकता है। यह ऐड-ऑन ऐप कनेक्टिविटी, कॉल मैनेजमेंट, म्यूजिक कंट्रोल, सुरक्षा के लिए जियो-फेंसिंग और राइड मोड तक पहुंच जैसी शानदार कार्यक्षमताओं को अनलॉक करता है, जो आपकी ज़रूरतों को पूरा करने वाले चेतक के साथ शानदार सवारी का अनुभव देता है। बजाज ऑटो की नवीनतम पेशकश पर चर्चा करते हुए, बजाज ऑटो लिमिटेड के अध्यक्ष (शहरी व्यवसाय) एरिक वास ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, "हमें चेतक डीलरशिप को चेतक 2901 की शिपमेंट शुरू करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। चेतक 2901 को उन ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन, स्पेक और कीमत दी गई है जो वर्तमान में पेट्रोल स्कूटर खरीद रहे हैं या एक उचित पूर्ण आकार के मेटल बॉडी इलेक्ट्रिक स्कूटर जो बिना उनकी जेब पर बोझ डाले पेट्रोल स्कूटर से मेल खा सकता है और उससे बेहतर हो सकता है।"

## पॉडकास्ट एपिसोड: परिपूर्णता के साथ निपटना

**गुरुग्राम।** 2024 के 9 जून को, अमिता देवनानी, एक प्रमुख परामर्श अध्यापिका और लाइफ कोच ने परिपूर्णता के प्रयास से होने वाले तनाव पर एक नया पॉडकास्ट एपिसोड जारी किया। उन्होंने महिला राहत पसंद विशेषज्ञ श्रीमती अंबिका वारियर के साथ बातचीत की, जो एक पुनर्वास पसंद विशेषज्ञ हैं।




इस एपिसोड में, जिसका नाम 'परिपूर्णता के साथ निपटना' है, अमिता देवनानी और अंबिका वारियर ने बताया कि परिपूर्णता के प्रयास क्यों किए जाते हैं और इसका जीवन पर कैसा असर पड़ता है। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सुनने वालों को परिपूर्णता से होने वाले तनाव को कैसे प्रबंधित किया जाए और जीवन में एक स्वस्थ तंत्र बनाया जा सके। मुख्य बातें- परिपूर्णता के मानसिक मूल और प्रकटन, हमेशा परिपूर्ण होने का गुप्त नुकसान, परिपूर्णता से आई तनाव को कम करने के तरीके, वास्तविक जीवन के उदाहरण और मामले, खुद से कृपाशीलता बढ़ाने और वास्तविक लक्ष्यों की स्थापना करने के लिए युक्तियाँ, अमिता देवनानी का पॉडकास्ट विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर बात करता है, जिससे सुनने वालों को व्यक्तिगत विकास और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त सलाह मिलती है। इस एपिसोड को उनके यूट्यूब चेनल एवं सोशल मीडिया पर उपलब्ध किया जाएगा।

## पुणे जैसा एक और मामला
# राज्यसभा सांसद की बेटी ने युवक को बीएमडब्लू से रौंदा

एजेंसी ▸▸| चेन्नई



पुणे पोर्शे हादसा केस अभी शांत नहीं हुआ था कि अब ऐसे ही लग्जरी कार से एक्सिडेंट की एक और घटना सामने आई है। वाईएसआर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव की बेटी ने फुटपाथ पर सो रहे 22 साल के एक शख्स को कुचल दिया और इसके बाद वह विवादों में घिर गईं। उन्हें गिरफ्तार करने के बाद थाने से जमानत पर छोड़ दिया गया। यह घटना चेन्नई के कलाक्षेत्र कॉलोनी के पास टाइगर वरदाचारी रोड पर हुई। पुलिस के मुताबिक, ओडैकुप्पम के रहने वाले पेंटर सूर्या का सोमवार रात को शराब पीने के बाद अपनी पत्नी वनिता से झगड़ा हुआ था। इसके बाद अपने घर से करीब 2 किलोमीटर वरदराज सलाई के पास वह फुटपाथ पर सोने के लिए चला गया। थोड़ी देर के बाद उसे उसकी पत्नी ढूंढने के लिए निकली और सूर्या फुटपाथ पर लेटा हुआ मिला। वह मदद के लिए रिश्तेदारों को बुला रही थी। उसी दौरान, राज्यसभा सांसद की बेटी माधुरी की कार सड़क से उतर गई और सूर्या को कुचल दिया।

■ **पुलिस स्टेशन से ही मिल गई जमानत**

प्रत्यशदर्शियों और सूर्या की पत्नी के बयान के मुताबिक, हादसे के बाद कार कुछ देर के लिए ठहरी और उसमें से दो महिलाएं उतरीं। उन्होंने एंबुलेंस को कॉल कर बुलाया। हालांकि, भीड़ के इकट्ठा होने की वजह से वह हादसे वाली जगह से चली गईं।

# शख्स ने की अजीबोगरीब शादी, बीवी के साथ साली फ्री

**चाहकर भी नहीं रह पाएगा पत्नी संग अकेले!**

एजेंसी ▸▸| न्यूयार्क

शादी एक ऐसा बंधन है, जो जिंदगीभर साथ चलता है। ऐसे में लोग अपने लिए बेहतर पार्टनर तलाशते हैं। कभी कोई खुद अपने लिए जीवनसाथी चुनता है, तो कभी घरवाले ऐसा करते हैं। लेकिन कुछ लोगों के लिए शादी करना बेहद मुश्किल होता है। लेकिन जब उनकी शादी होती है, तो पूरे दुनिया में चर्चा होने लग जाती है। आज हम आपको एक ऐसी ही अजीबोगरीब शादी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक शख्स ने तो अपनी पत्नी से शादी कर ली, लेकिन उसके साथ-साथ उसे साली भी मिल गई। ऐसे में चाहकर भी वो अपनी बीवी के साथ जिंदगीभर अकेले नहीं रह पाएगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि शख्स की पत्नी और उसकी बहन दोनों का सिर तो अलग-अलग है, लेकिन शरीर एक है। मामला अमेरिका में मिनेसोटा के कार्वर काउंटी का है। जन्म से एक-दूसरे से जुड़ी इन महिलाओं का नाम एबी हेंसेल तथा ब्रिटनी हेंसेल है।



### तस्वीरें की शेयर

ब्रिटनी ने इन तस्वीरों को ऑनलाइन शेयर करते हुए लिखा, 'हमेशा.' एक अन्य तस्वीर में जुड़वां बहनें, जोश और उसकी आठ साल की बेटी इसाबेला, कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में जोश ग्रे रंग का सूट पहने हुए है और अपनी बाहें बहनों की कमर पर डाले प्यार से अपनी पत्नी एबी को देख रहा है।

### 2021 में ही गुपचुप रचा ली थी शादी

हाल ही में एबी हेन्सल के जोश बॉलिंग से विवाह कर लिया। इनकी शादी की तस्वीर को ब्रिटनी ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। चूंकि अक्सर लोग इन बहनों पर शादी के बाद रोमांटिक लाइफ को लेकर तंज कसते थे। अभद्र टिप्पणियां करते थे। हालांकि, हाल ही में ब्रिटनी शादी की तस्वीरें शेयर की, लेकिन एबी और जोश की ने साल 2021 में ही गुपचुप शादी रचा ली थी। तस्वीर शेयर करते हुए ब्रिटनी ने लिखा है कि कई लोगों को लगता है कि वे हमें जानते हैं। लेकिन असल में वो लोग हमारी मुश्किलों को नहीं जानते।

**देश के दिग्गज लोगों का है बसेरा!**

# लुटियंस जोन का नाम कैसे पड़ा? जहां हैं 400 करोड़ तक के बंगले

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जब अंग्रेज दिल्ली का निर्माण कर रहे थे, तो उनके दिमाग में ये बात तय थी कि उन्हें कई हिस्से ऐसे बनाने हैं जो सिर्फ बड़े अंग्रेज अधिकारियों और अंग्रेज रईसों के लिए बनेंगे। इन इलाकों में भारतीयों के आने पर रोक लगी होती थी। इसी में लुटियंस दिल्ली का भी इलाका शामिल है। आज के वक्त में ये इलाका दिल्ली की बड़ी मार्केट दिग्गज लोगों या राजनेताओं पर तंज कसना होता है, तो वो लुटियंस दिल्ली के तौर पर उन लोगों को संबोधित करते हैं। क्या आपने सोचा है कि आखिर ये लुटियंस है क्या और ऐसा अजीब नाम पड़ने का क्या कारण है।

### कितने की है प्रॉपर्टी?

अब बात करते हैं कि आखिर ये इलाका कितना महंगा है। लुटियंस दिल्ली की वेबसाइट पर यहां के प्रॉपर्टी के दाम बताए गए हैं। लुटियंस बंगलों जोन, कस्तूरबा गांधी मार्ग पर एक 10 बीएचके बंगला बिक रहा था। ये केजी मार्ग, वकील लेन, मंडी हाउस पर स्थित था। इस बंगले की कीमत 110 करोड़ रुपए लगाई गई थी। इसके अलावा एक 12 कमरों का घर फिरोजशाह रोड में बिक रहा था, जिसकी कीमत 500 करोड़ रुपए (5,50,00,00,000) लगाई गई है।



### सर एडविन लुटियंस के नाम पर पड़ा इस जगह का नाम

1911 में ब्रिटिश सरकार ने भारत की राजधानी को कोलकता से शिफ्ट कर के दिल्ली कर दिया था। बस उसी के बाद से दिल्ली का सौंदर्यीकरण शुरू हो गया था। ब्रिटिश आर्किटेक्ट सर एडविन लुटियंस को दिल्ली में एक ऐसा इलाका बनाने की जिम्मेदारी दी गई, जो बेहद पॉश हो और सबसे अनोखी हो। इस इलाके को लुटियंस बंगलों जोन या लुटियंस जोन के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने आर्किटेक्ट्स की टीम को लीड किया और शहर के बीचोंबीच वॉयसरॉय हाउस बनाया, जिसे आज हम राष्ट्रपति भवन के रूप में जानते हैं।

### कैसे नाम पड़ा लुटियंस दिल्ली?

यहीं पर ऑल इंडिया वॉर मेमोरियल बनाया गया। वहां से वॉयसरॉय हाउस तक की रोड बनी, जिसे किंग्स वे का नाम दिया गया। अब वॉर मेमोरियल को इंडिया गेट के नाम से जाना जाता है और किंग्स वे को राजपथ और फिर कर्तव्य पथ के नाम से जाना जाने लगा। कनॉट प्लेस, जनपथ, प्रधानमंत्री कार्यालय, नेशनल म्यूजियम, आदि जैसी जगहें इस इलाके में आती हैं। लुटियंस के नाम पर ही पूरे इलाके का नाम लुटियंस दिल्ली रखा गया। यहीं पर सांसदों से लेकर लोकसभा स्पीकर, उपराष्ट्रपति, और अन्य अहम सरकारी कार्यालयों के हेड, मंत्रियों के बंगले मौजूद हैं। इसका निर्माण 1931 में पूरा हुआ, जब इसका ऑपचारिक उद्घाटन किया गया था।

*यूनिसेफ ने जारी की रिपोर्ट, दुनिया भर में 81 लाख लोगों की मौत*

# वायु प्रदूषण का कहर, 23 लाख ने गंवाई भारत में जान

## दुनियाभर के लिए समस्या बन रहा प्रदूषण, अब पर्यावरण की फिक्र

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अगर 21वीं सदी को विकास के लिहाज से एशिया की सदी कहा जाता है तो इसे समस्याओं की सदी कहना भी गलत नहीं होगा। खासकर जब बात पर्यावरण, प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं की हो तो। आज प्रदूषण की समस्या से भारत जैसे विकासशील देश जूझ रहे हैं। इसकी गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि दुनियाभर में साल 2021 में वायु प्रदूषण के कारण 81 लाख लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी।

### इतने बच्चों को लीला

यूनिसेफ के साथ साझेदारी में अमेरिका स्थित एक स्वतंत्र शोध संगठन हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट (एचईआई) ने बुधवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि तीन साल पहले चीन में 21 लाख और भारत में 23 लाख लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण के चलते हुई। वहीं, वायु प्रदूषण का कहर बच्चों पर भी बरपा था। भारत में पांच साल से कम उम्र के 1,69,400 बच्चों की मौत हुई थी। इसके बाद नाइजीरिया में 1,14,100, पाकिस्तान में 68,100, इथोपिया में 31,100 और बांग्लादेश में 19,100 बच्चों की जान गई थी।

**ये हैं मुख्य कारण**


रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि दक्षिण एशिया में जान जानें का प्रमुख कारण वायु प्रदूषण है। इसके बाद हाई ब्लड प्रेशर, आहार और तंबाकू जैसे कारक मौत का कारण बन रहे हैं। साल 2021 में किसी भी पिछले वर्ष के अनुमान की तुलना में वायु प्रदूषण से जुड़ी अधिक मौतें देखी गईं। एक अरब से अधिक आबादी वाले भारत और चीन दोनों मिलकर कुल वैश्विक रोग भार का 54 प्रतिशत हिस्सा हैं।



रिपोर्ट में बताया गया कि पीएम 2.5 और ओजोन से होने वाले वायु प्रदूषण के कारण 2021 में 81 लाख मौतें होने का अनुमान है - जो कुल वैश्विक मौतों का लगभग 12 प्रतिशत है। वैश्विक वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों में से 90 प्रतिशत से अधिक यानी 78 लाख लोगों की जान पीएम 2.5 वायु प्रदूषण के कारण जाती है, जिसमें परिवेशी पीएम 2.5 और घरेलू वायु प्रदूषण भी शामिल है। ये सूक्ष्म कण, जिनका व्यास 2.5 माइक्रोमीटर से भी कम है, इतने छोटे होते हैं कि वे फेफड़ों में रह जाते हैं और रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे कई अंग प्रणालियां प्रभावित होती हैं और वयस्कों में हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, फेफड़ों का कैंसर और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी गैर-संचारी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

**78 लाख लोगों की जान का कारण पीएम 2.5**

# मोदी कैबिनेट में शामिल मंत्री ठाकुर नहीं लिख पाईं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

केंद्र की मोदी सरकार में राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा सही नहीं लिख पाईं। उन्होंने जो लिखा वह चर्चा का विषय बन गया है। इसे लेकर कांग्रेस ने भी सांसद पर हमला बोला है। दरअसल, धार जिले में आयोजित तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर को बुलाया गया था। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करने के बाद शिक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करना था। इससे पहले रथ पर लगे फ्लैक्स पर सावित्री ठाकुर को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्लोगन लिखना था। लेकिन, उन्होंने- बेढी पडाओ बच्चाव लिख दिया।

### कांग्रेस ने बोला हमला

मंत्री सावित्री का वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस से जिला पंचायत सदस्य मुकाम सिंह अलावा ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- लोकसभा चुनाव जीतीं धार-महू लोकसभा सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्लोगन लिखना था। लेकिन, वह भी लिखते नहीं आ रहा है, बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण विषय है।

# हजारों साल पहले एलियंस करने वाले थे हमला, बचने के लिए बना ये इलाका

एजेंसी ▸▸| न्यूयार्क

क्या कभी पुरातन मानव भी एलियंस से बचने के लिए कुछ चीजों और खास जगहों को बनाया करते थे? यह सवाल तब से सुर्खियों में आया है, जब एक विशेषज्ञ ने दावा किया कि स्कॉटलैंड के प्राचीन पत्थर के घेरे बाहरी आक्रमण यानी एलियन्स के हमलों को रोकने के लिए बनाए गए थे। यह असामान्य संरचना काफी रहस्यमयी है जिसके अध्ययन के बाद इस एक्सपर्ट ने इस तरह का दावा किया है।

बताया जा रहा है कि स्कारा ब्रे बस्ती और मेशोवे जैसी साइटें, मुख्य भूमि ऑर्कनी पर एक पुराना केर्न, संभावित एलियन लैंडिंग की प्रतिक्रिया के रूप में बनाई गई थीं। इस शनिवार को आयोजित स्कॉटिश यूएफओ और पैरानॉर्मल कॉन्फ्रेंस की व्यवस्था करने वाले पैरानॉर्मल जांचकर्ता रॉन हॉलिडे का मानना है कि पत्थरों पर प्राचीन पिक्ट्स के रेखाचित्र गहरी जानकारी दे सकते हैं।

### एक्सपर्ट का दावा उड़ा देगा होश!



### पत्थर के टॉवर संबंध एलियन से

पिछले तीन दशकों से पैरानॉर्मल जांचकर्ता श्री हॉलिडे का सुझाव है कि सच्चाई को छुपाया गया है। उन्होंने कहा- 'ये संरचनाएं कुछ पुरातत्वविदों की बताई गई बातों से बिल्कुल अलग हो सकती हैं।' उन्होंने घोषणा की, 'मेरे विचार में, इनमें से कुछ प्राचीन संरचनाओं की पृष्ठभूमि को कभी भी संतोषजनक ढंग से नहीं समझाया गया है।' उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि पत्थर के टॉवर, ब्रोच का संबंध एलियन हमलावरों से हो सकता है और उन्हें लगता है कि उनकी शुरुआत के आसपास की पहेलियां पिरामिड के निर्माण के समान हैं। उन्होंने सुझाव दिया- 'ये एलियंस को उनका ध्यान आकर्षित करने या यह पहचानने के लिए संकेत हो सकते हैं कि हम जानते हैं कि वहां एलियंस हैं और वे हमसे मिलने आए हैं। इसके बारे में बहुत सी अटकलें है। हो सकता है कि ये चीजें लोगों को आकर्षित करने, उनका बचाव करने या उन्हें बचाने के लिए बनाई गई हों।

## राशिफल

**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5548



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा-2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5547 का हल



## सूडोकु नवताल- 5559

✱ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5558 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

जागरूकता / रजनी अरोड़ा

बच्चों, नित्य आसन और प्राणायाम करने से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं रहते, दिमागी रूप से भी मजबूत बनते हैं। योग हमारे लिए कितना उपयोगी है, इन्हें तुम कैसे करो, बता रहे हैं **योग गुरु सत्य नारायण यादव**।

# योगाभ्यास करो हमेशा स्वस्थ-निरोगी रहो



बच्चों, योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा मानव को दिया ऐसा वरदान है, जिसके नियमित और नियमपूर्वक अभ्यास से हम अपने तन और मन को स्वस्थ, निरोग और बलवान बना सकते हैं। अगर बच्चे अपनी नन्ही उम्र में ही योगाभ्यास शुरू कर दें तो उनके शरीर में गुड हार्मोंस और एनर्जी का फ्लो अधिक होगा। योग हमें फिजिकली, मेंटली और इमोशनली स्ट्रॉन्ग बनाता है। बच्चों जानो, अपने लिए कुछ उपयोगी योगासनों के बारे में। साथ ही इन्हें करने के नियम और इनसे होने वाले लाभ के बारे में भी जानो।

## ताड़ासन : शारीरिक विकास में सहायक

**अधिकांश आसन** हमारे शारीरिक विकास में बहुत सहायक होते हैं। विशेष तौर पर ताड़ासन, लंबाई बढ़ाने में सहायक होने के साथ-साथ शरीर के विभिन्न अंगों में बैलेंस बनाने में भी सहायक होता है। बढ़ती उम्र के बच्चों के लिए यह आसन बहुत ही लाभदायक है।

**ताड़ासन की विधि :** सबसे पहले दोनों पैर मिलाकर बिल्कुल सीधे खड़े हो जाओ। दोनों हाथ सामने लाओ और अंगुलियों को एक-दूसरे में फंसाकर लॉक कर लो। गहरी सांस लेते हुए हाथों को सिर के ऊपर ले जाओ। अब पंजों के बल उठो और हाथों को ऊपर की तरफ खींचो। इस पोजीशन में कुछ सेकेंड सांस रोक कर रखो, फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे ले आओ और सीधे खड़े हो जाओ। *

## शशांक आसन, उष्ट्रासन : बढ़ती है शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी

**ये आसन** नियमित करने से शरीर लचीला बनता है, मसल्स मजबूत होती हैं। स्पाइनल कॉर्ड को फ्लेक्सिबल बनाने के लिए शशांक आसन और उष्ट्रासन बहुत उपयोगी हैं। ये आसन करते हुए खून का प्रवाह नियमित होता है। खून का प्रवाह बढ़ने से बच्चों में आंखें कमजोर होने की समस्या दूर होती है, साथ ही मेमोरी भी बढ़ती है।

**शशांक आसन की विधि :** शशांक आसन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठ कर हाथ पीछे ले जाकर बाएं हाथ से दाएं हाथ को पकड़ो। धीरे-से गहरी सांस लो और सांस छोड़ते हुए घुटने की ओर आगे झुको। 3-4 मिनट इसी अवस्था में रुको। धीरे-धीरे सांस लेते हुए वापस वज्रासन वाली पोजिशन में आ जाओ।

**उष्ट्रासन करने की विधि :** उष्ट्रासन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में घुटने के बल खड़े हो जाओ। हाथों को पैरों की एड़ियों पर रखकर शरीर को धीरे-धीरे पीछे ले जाओ और गर्दन को पीछे की ओर लेकर जाओ। इस पोजिशन में 5-6 सेकेंड रुको। धीरे-धीरे वापस वज्रासन की पोजिशन में आ जाओ। *





## वज्रासन : पॉश्चर ठीक रखने में मददगार

**पढ़ते समय** झुक कर पढ़ने की आदत से बच्चों के स्पाइनल कॉर्ड पर असर पड़ता है। इससे बॉडी का पॉश्चर खराब हो जाता है, गर्दन और कमर में दर्द रहने लगता है और नजर भी कमजोर हो जाती है। वज्रासन करने से खराब पॉश्चर और उनसे होने वाली समस्याओं से बचा जा सकता है। वज्रासन से स्पाइनल कॉर्ड सीधी रहती है।

**वज्रासन की विधि :** सबसे पहले योगा मैट पर घुटने के बल बैठ जाओ। दोनों पैरों के अंगूठे को एक-दूसरे से स्पर्श कराओ और एड़ियां थोड़ी खुली रखकर उस पर बैठ जाओ। अपने दोनों हाथ, पैरों के घुटने पर रखो। कुछ देर इसी अवस्था में बैठे रहो। इस दौरान नजरें सामने और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी रखो। अधिकांश आसन खाली पेट किए जाते हैं लेकिन इस आसन को तुम खाना खाने के बाद भी कर सकते हो। *

## प्राणायाम : बढ़ता है कंसंट्रेशन और मेमोरी पॉवर

**बच्चों, अगर** तुम आसन और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करोगे, तो इससे तुम्हारी मेमोरी भी शार्प होगी, साथ ही तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल भी बढ़ेगा। एक रिसर्च के मुताबिक स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में मायोपिया (नजर कमजोर होना) की समस्या को दूर करने के लिए रोजाना 15 मिनट अनुलोम-विलोम प्राणायाम करना फायदेमंद होता है। इसके अलावा प्रणव यानी 'ओम' का उच्चारण, अर्ध शीर्षासन, शीर्षासन जैसे योगासन के नियमित अभ्यास से दिमाग में रक्त प्रवाह सुचारु तरीके से होता है, जिससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। किसी काम को करने में दिमाग अधिक फोकस्ड रहता है, जिससे तुम किसी भी काम को अच्छी तरह एकाग्रता से कर पाओगे। यानी योग तुम्हें सुपर स्मार्ट बनाता है।

**प्रणव उच्चारण की विधि :** प्रणव उच्चारण में आलती-पालथी मारकर बैठ जाओ और हाथों को ज्ञान मुद्रा में रखो। लंबी गहरी सांस लेते हुए 'ओम' का उच्चारण करो। यह एक तरह का मेडिटेशन है। हो सके तो ओम का उच्चारण तीन हिस्सों में बांटकर करो- आ, ऊ और म। बच्चों, कोई भी योगासन करने से पहले इस बात का ध्यान रखना कि इसे अनुभवी योगा गुरु या प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही इनका अभ्यास करना। *



### कब करें योग

बच्चों, तुम अपनी सुविधानुसार सुबह-शाम किसी भी समय योग कर सकते हो। चाहे तो दोनों समय 20-30 मिनट तक योगाभ्यास कर सकते हो।

### योग के विशेष लाभ

**रहेगा वेट पर कंट्रोल :** बच्चों, योग हमारे बॉडी वेट को बैलेंस करने में सहायक होता है। इससे अधिक वजन वाले बच्चे का वजन कम होता है और कम वजन वाले बच्चों का वजन ठीक हो जाता है। यानी योग अधिक वजन वाले और दुबले-पतले, दोनों तरह के बच्चों के लिए फायदेमंद है। योग से मांसपेशियों को ताकत मिलती है, जिससे दुबले बच्चे भी बलवान बन सकते हैं, वहीं दूसरी ओर योग के नियमित अभ्यास से शरीर से फैट कम होता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

**स्ट्रेस होगा कम, बढ़ेगा कॉन्फिडेंस :** योगासन और मेडिटेशन, पढ़ाई, एग्जाम या दूसरी चीजों को लेकर बच्चों में होने वाले स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है। डीप ब्रीदिंग के साथ किए जाने वाले विभिन्न योगासनों से फेफड़े मजबूत होते हैं। नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ जाती है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को सही ढंग से ऑक्सीजन मिलने लगती है, इसका पूरे शरीर पर सकारात्मक असर पड़ता है। तन-मन पर नियंत्रण और दिमाग को शांत रहता है। इससे तुम कठिन से कठिन परिस्थिति में शांत रहकर काम कर सकते हो। साथ ही तुम्हारा कॉन्फिडेंस लेवल भी बढ़ता है।

## जीके क्विज-109

1. भारत के अगले थल सेना प्रमुख कौन होंगे?
2. हाल ही में कौन लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं?
3. योग का जनक (फादर ऑफ योगा) किसे कहा जाता है?
4. पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया गया था?
5. दीपा कर्माकर किस खेल के लिए जानी जाती हैं?
6. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
7. कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. डुरंड कप किस खेल से संबंधित है?
9. किस देश को 'केक की भूमि' भी कहा जाता है?
10. सेब में कौन सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-109 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-108 का उत्तर :** 1.चंद्रबाबू नायडू और मोहन चरण माझी, 2.ज्योति रात्रे, 3.विटामिन ए, 4.महात्मा गांधी, 5.बाबर, 6.भारत और चीन, 7.बौद्ध धर्म, 8.लैक्टोमीटर, 9.तबला, 10.वुलर झील

**जीके क्विज-108 का सही उत्तर देने वाले :** अजय साहू-धमतरी, मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, बाबला-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-ईमेल से, पिंकी-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, सरबजीत-करनाल, बी आकांक्षा-अहमदाबाद, बी ईशान-अहमदाबाद, दिव्या-रायपुर, समीर-रोहतक

## हंसगुल्ले



**सोनू :** क्या हुआ भाई, उदास क्यों बैठे हो?
**मोनू :** सुबह एक न्यूज चैनल के एंकर ने कहा था, 'आइए, हम आपको गोवा लेकर चलते हैं...।' तभी से तैयार होकर बैठा हूं, लेकिन अभी तक कोई आया ही नहीं।

-रंजीत, हिसार

**टीचर :** रोहित, तुम रोज स्कूल आने में लेट क्यों हो जाते हो?
**रोहित :** सर, एक बोर्ड के कारण।
**टीचर :** कैसा बोर्ड?
**रोहित :** रास्ते में एक बोर्ड है, जिस पर लिखा है- 'आगे स्कूल है, कृपया धीरे चलें।'

-दिव्यम, भोपाल

**साइंस टीचर :** कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू :** बेसन के पकौड़े।

-तनुजा, बेमेतरा

## कहानी

सरस्वती रमेश

# योग का करिश्मा

शिवा को फास्ट फूड खाने में बहुत मजा आता था। फास्ट फूड खाने के कारण वह फैटी हो गया। फैटी हुआ तो आलसी भी हो गया। उसके मम्मी-पापा चिंतित रहते। इस बीच शिवा अपने मम्मी-पापा के साथ गांव गया। वहां दादा जी भी उसे देखकर चिंतित हुए। लेकिन उन्होंने शिवा की दिनचर्या ऐसी बदली कि एक करिश्मा-सा हो गया।



शिवा को फास्ट फूड खाना बहुत पसंद था। बर्गर, चाउमीन, पिज्जा ये सब चीजें खाने के लिए वह अकसर ही जिद करता। हालांकि मम्मी को पता था, फास्ट फूड सेहत के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन शिवा की जिद के आगे उन्हें झुकना पड़ता। पापा की डांट का भी उस पर कुछ असर नहीं होता। फास्ट फूड खाने से शिवा का वजन लगातार बढ़ रहा था। बढ़े वजन के कारण कोई भी काम करने में उसे थकान महसूस होती। अब तो वह आलस के कारण शाम को खेलने के लिए पार्क भी नहीं जाता था। दिन में घंटों मोबाइल में वीडियो गेम खेलता। मम्मी उसके बढ़ते वजन और मोबाइल की लत से परेशान रहतीं।

इधर कुछ दिनों से शिवा के पेट में अकसर दर्द उठने लगा था। डॉक्टर ने साफ-साफ शब्दों में आगाह किया, 'शिवा, तुम्हारे डाइजेशन में दिक्कत शुरू हो गई है। फास्ट फूड बिल्कुल नहीं खाना है। साथ ही वेट भी कम करना होगा।'

डॉक्टर की बात सुनकर मम्मी-पापा चिंतित हो गए। उन्हें समझ नहीं आ रहा था शिवा का वजन कैसे कम हो? एक दिन पापा ने शिवा की मम्मी से कहा, 'क्यों न हम लोग कुछ दिनों के लिए गांव हो आएं। शिवा की गर्मियों की छुट्टियां भी चल रही हैं। गांव में शायद उसकी आदतों में कुछ सुधार हो जाए।'

'हां मुझे भी लगता है।' मम्मी ने भी हामी भरी।

चार दिन बाद ही सब गांव आ गए। गांव में दादाजी, चाचाजी और उनके बच्चे रिंकी और सोनू रहते हैं। पहले ही दिन चाची ने दोपहर में सबके लिए स्वादिष्ट खाना बनाया। रोटी में चुपड़ी देसी घी की महक ने खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ा दिया। खाना खाकर शिवा बोला, 'इतना स्वादिष्ट तो पिज्जा भी नहीं होता।' शिवा की बात सुनकर सब हंसने लगे।

शिवा का मोटा शरीर देखकर दादाजी को चिंता हुई। उन्होंने शिवा के पापा से इस बारे में बात की। वह बोले, 'हां पिताजी, शिवा का वजन बढ़ना हमारे लिए चिंता की बात है। वजन कम करने के लिए इसे बुरी आदतें छोड़ने के लिए कहता हूं, लेकिन यह मानता ही नहीं।'

दादाजी बोले, 'तुम चिंता मत करो, मैं सब संभाल लूंगा।'

शाम को शिवा अपने चचेरे भाई-बहनों के साथ खेतों में घूमने निकल गया। ठंडी हवा चल रही थी। गांव शिवा को बहुत अच्छा लग रहा था। वहां के माहौल और भाई-बहनों के साथ में वह कुछ यूं रमा कि मोबाइल और वीडियो गेम की उसे सुध ही नहीं रही।

अगले दिन शिवा सुबह जल्दी उठ गया। उसने देखा, दादाजी रिंकी और सोनू के साथ प्राणायाम और योग कर रहे हैं। वह भी उनके पास जाकर बैठ गया। दादाजी उससे बोले, 'योग और प्राणायाम करने से बीमारियां दूर रहती हैं। शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। तुम भी प्राणायाम और योग करो शिवा।'

'मुझसे नहीं होगा।' शिवा बोला।

'कोशिश तो करो।' दादाजी बड़े प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले।

'जी दादाजी..।' शिवा आसानी से मान गया।

वजन ज्यादा होने से शिवा को योग आसन करने में थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन जब उसने कोशिश की तो प्राणायाम-योग करने लगा।

रोज सुबह योग का अभ्यास करने से जल्द ही उसे कई तरह के आसन अच्छे से आ गए। ताजे फल, दूध, दही, छाछ, हरी सब्जियां खाने से उसकी पाचन क्रिया भी दुरुस्त होने लगी। वह सुबह-शाम बाहर की खुली ताजी हवा में बिताता, जिससे उसकी फिजिकल एक्टिविटी ज्यादा हो रही थी। उसका बढ़ा हुआ वजन तेजी से कम होने लगा। थकान और आलस की समस्या भी दूर हो गई। अब तो वह मजे से दौड़ता, भागता, खेलता। उसके पेट का दर्द भी छूमंतर हो चुका था।

करीब एक माह बाद शहर लौटने का दिन आ गया। शहर जाते समय दादाजी ने शिवा से पूछा, 'गांव में कैसा लगा बेटा?'

'बहुत अच्छा दादाजी। शहर में अब ये सब नहीं मिल पाएगा।' शिवा कुछ दुखी मन से बोला।

दादाजी ने समझाया, 'शहर में भी प्राणायाम और योगासन किया जा सकता है। अनहेल्दी खाने से दूर रहकर हेल्दी डाइट ली जा सकती है, स्वस्थ और फुर्तीला रहा जा सकता है। तुम प्रॉमिस करो, वहां जाकर यहां की अच्छी आदतें भूलोगे नहीं।'

'जी दादाजी, बिल्कुल नहीं भूलूंगा।' शिवा तुरंत बोला।

शिवा में आए इस बदलाव को देखकर मम्मी-पापा की सारी चिंताएं दूर हो गई थीं। दोनों ने अपने बेटे में आए करिश्माई बदलाव के लिए दादाजी को धन्यवाद दिया। वे खुशी-खुशी शिवा को लेकर वापस शहर आ गए। *

## कविता

गोविंद भारद्वाज



### योग दिवस

योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।
जाति-धर्म का भेद मिटाकर हम,
सबका ही सहयोग करें।
स्वस्थ रहेगी काया अपनी,
स्वच्छ रहेगा फिर मन।
अभ्यास करो-अभ्यास करो
खर्च न होगा कोई धन।
विश्व गुरु भारत अपना जो
सबको योग सिखलाए।
लाभ मिलेंगे क्या-क्या इससे,
दुनिया को ये बतलाए।
बिछाकर आसन अपना सारे,
दूर सदा हर रोग करो।
योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ बच्चे पार्क में योग के अलग-अलग आसन कर रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि चित्र में कुल कितने बच्चे योगाभ्यास कर रहे हैं?




उत्तर-14

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित को पार्क में योगाभ्यास कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। हर्षित को अपने दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## बूझो तो जानें



1
कितने रंग प्रकाश में होते
कहो! कौन वह दानी।
होकर मौन भोर में आए
वह है ज्ञानी, ध्यानी।।

2
कौन दिनेश, मित्र, दिवाकर
कौन भानु है भास्कर जी।
वही विहंगम, अरुण, मार्तंड
वही प्रभाकर दिनकर जी।।



3
कौन अंशुमाली है जग का
कौन रवि और मंदार।
है आदित्य भगत सुखकारी
कौन लुटाए जग को प्यार।।

4
किरणें जिसकी जीवन देतीं
पेड़-पौध को वही संवारे।
स्थिर है पर लगता चलता
अस्थि सबलता करे उजारे।।

-राकेश चक्र

उत्तर : सभी पहेलियों का जवाब है- सूर्य

# स्विटजरलैंड ने स्कॉटलैंड से खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| कोलोन




जेरदान शाकिरी के शानदार गोल की मदद से स्विटजरलैंड ने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 में स्कॉटलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। 32 वर्ष के शाकिरी ने लगातार छठे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल दागा है जिसमें तीन विश्व कप और तीन यूरो चैंपियनशिप शामिल है। स्कॉटलैंड के लिए 13वें मिनट में स्कॉट मैक टोमिने के पास पर फेबियन शार ने पहला गोल दागा। शाकिरी ने 26वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इस ड्रॉ के बाद स्विटजरलैंड के चार अंक है और वह ग्रुप ए में जर्मनी के बाद दूसरे स्थान पर है। जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली है।

## ईस्ट बंगाल ने क्लेटन का अनुबंध बढ़ाया

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने कप्तान क्लेटन सिल्वा के अनुबंध में एक साल का विस्तार किया है जो 2024-25 सत्र के अंत तक चलेगा। सुपर कप फुटबॉल चैंपियन टीम ने गुरुवार को यह घोषणा की। क्लेटन इस साल की शुरुआत में सुपर कप में ईस्ट बंगाल के विजयी अभियान के दौरान शीर्ष स्कोरर थे और उन्होंने इंडियन सुपर लीग में भी टीम के लिए सबसे अधिक गोल किए। ईस्ट बंगाल के साथ अपना सफर जारी रखने को लेकर खुश क्लेटन ने कहा, 'मैंने हमेशा अपने प्रशंसकों और अपनी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। ईस्ट बंगाल के साथ सुपर कप जीतना हमेशा मेरे करियर के सबसे शानदार क्षणों में से एक रहेगा।' क्लेटन के विस्तार का मतलब है कि ईस्ट बंगाल की टीम में भारत के तीन प्रमुख घरेलू टूर्नामेंटों के शीर्ष गोल स्कोरर रहेंगे जिसमें दिमित्रियोस डायमेंटाकोस (आईएसएल), क्लेटन (सुपर कप) और डेविड लालहलनसांगा (डूरंड कप) शामिल हैं।

## चेन्नईयिन ने ब्रैम्बिला को टीम से जोड़ा

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 सत्र से पहले गुरुवार को ब्राजील के मिडफील्डर लुका ब्रैम्बिला से एक साल का करार किया। ब्रैम्बिला इससे पहले साइप्रस के शीर्ष टीयर क्लब ओथेलोस एथियनोऊ से जुड़े थे। इस तरह चेन्नईयिन एफसी ने आगामी सत्र से पहले नौवें खिलाड़ी से अनुबंध किया और यह उनका चौथा विदेशी खिलाड़ी भी है। इससे पहले एल्सिन्हो डायस, चीमा चुक्वु और विल्मर जोर्डन गिल क्लब से जुड़ने वाले विदेशी खिलाड़ी थे। मुख्य कोच ओवेन कोएल ने कहा, 'लुकास ब्रैम्बिला शानदार खिलाड़ी है और युवा भारतीय खिलाड़ियों को उसके कौशल से काफी फायदा होगा।'




## खबर संक्षेप



### शबनम भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू श्रृंखला के लिए मध्यम गति की गेंदबाज शबनम शकील को भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। शबनम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का इंतजार है। बाकी टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सत्रह वर्षीय शबनम को तीनों प्रारूपों के लिए टीम में शामिल किया गया है जिसमें वर्तमान में बेंगलुरु में चल रही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी शामिल है। रविवार को तीसरे एकदिवसीय के बाद चेन्नई में एकमात्र टेस्ट (28 जून से एक जुलाई) होगा जबकि उसके बाद तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय (पांच, सात और नौ जुलाई) खेले जाएंगे।

### आज स्थल मुआयने करने आएंगे फिडे अधिकारी

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ की दो सदस्यीय टीम विश्व चैमंपियनशिप स्थल के लिए मुआयना करने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचेगी। सूत्र ने बताया, 'फिडे के योजना और विकास आयोग के सचिव कर्मन गोरयाएवा और फिडे की मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अन्ना वोल्कोवा स्थल का मुआयना करेंगे।' विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी की दौड़ में तीन शहर में चेन्नई भी शामिल है जिसमें अन्य दो शहर दिल्ली और सिंगापुर हैं।



### सैमंस बने जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के कोच

**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के लिए जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच से शुरू होगा।



### 20 दिन पहले पेरिस जाएंगे भारतीय रोवर बलराज

**कोलकाता।** ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय रोवर (नौकायन खिलाड़ी) बलराज पंवार ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए 20 दिन पहले पेरिस पहुंच जाएंगे और उन्हें उम्मीद है कि इसका उन्हें फायदा मिलेगा। पुरुष सिंगल स्कल्स रोइंग स्पर्धा में भाग लेने वाले पंवार पहले बैच के उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए प्रतियोगिता से काफी पहले पेरिस पहुंच जाएंगे। पंवार ने संवाददाताओं से वर्चुअल बात करते हुए कहा, 'हम 20 दिन पहले वहां पहुंच जाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि हमें यह अजीब नहीं लगेगा।



## टी20 विश्व कप : फिल ने 47 गेंद में बनाए नाबाद 87 रन

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से रौंदा, साल्ट ने खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| ग्रोस आइलेट

फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैंपियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को गुरुवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाए लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिए। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डाली। जोफ्रा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की।



### तीसरे विकेट के लिए की 97 रन की साझेदारी

साल्ट को सात के स्कोर पर निकोलस पूरन ने जीवनदान दिया जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। उन्होंने बेयरस्टो के साथ तीसरे विकेट के लिए 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। दोनों के बीच के ओवरों में मेजबान स्पिन आक्रमण का बखूबी सामना किया। धीमी शुरुआत के बाद इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में खुलकर खेलना शुरू किया जब कप्तान जोस बटलर ने रोमारियो शेपर्ड को दो चौके लगाए। वहीं साल्ट ने अगले ओवर में आंद्रे रसेल को छक्का जड़ा। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए पावरप्ले के छह ओवर में स्कोर बिना किसी नुकसान के 58 रन तक पहुंचाया। आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने मेजबान को पहली सफलता दिलाई जब बटलर 108.9 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली उनकी गेंद पर चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए। इसके बाद हालांकि साल्ट और बेयरस्टो ने टीम को आसानी से जीत तक पहुंचाया।

### आस्ट्रेलिया के सामने बांग्लादेश की चुनौती

**नॉर्थ साउंड।** कागजों पर भले ही यह मुकाबला एकतरफा नजर आता हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के सुपर 8 के ग्रुप एक में शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना ऑलराउंड खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को इस मुकाबले में उतरने से पहले यह बात अच्छी तरह गांठ बांध लेनी चाहिए कि बांग्लादेश को हल्के से लेना टीम पर भारी पड़ सकता है। बांग्लादेश ने 2021 में अपनी घरेलू धरती पर टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया था। यहां की परिस्थितियां भी काफी हद तक उपमहाद्वीप से मिलती हैं और ऐसे में किसी भी तरह की ढिलाई ऑस्ट्रेलिया को भारी पड़ सकती है।

### इंग्लैंड और अफ्रीका में मुकाबला आज

**ग्रोस आइलेट।** सह मेजबान वेस्टइंडीज को हराकर फॉर्म में लौटे इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के दूसरे मैच में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के दमदार गेंदबाजी आक्रमण की कठिन चुनौती होगी। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में आठ विकेट से हराया। अब वह ग्रुप में नेट रनरेट (प्लस 1.34) के आधार पर शीर्ष पर है चूंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम (प्लस 0.90) है। अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर सेमीफाइनल में उसका प्रवेश लगभग तय हो जाएगा। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका ने कड़ी चुनौती दी हालांकि उसने 18 रन से जीत दर्ज की।

## घरेलू क्रिकेट सत्र

# भारतीय क्रिकेट टीम 5 महीने में तीन देशों को देगी कड़ी टक्कर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम अगले 5 महीने (सितंबर 2024 से फरवरी 2025 तक) अपने घर में धूम मचाने वाली है। उसकी बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और फिर इंग्लैंड से टक्कर होनी है। इसको लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूरा शेड्यूल घोषित कर दिया है। शेड्यूल के मुताबिक, भारतीय टीम को इस दौरान 5 टेस्ट, 8 टी20 मुकाबले और 3 वनडे मैच खेलना है। शेड्यूल का आगाज बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज से होगा। इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ ही 3 टी20 मुकाबलों की सीरीज होगी।बांग्लादेश के खिलाफ दोनों सीरीज 19 सितंबर से 12 अक्टूबर तक खेली जाएंगी। इसके बाद अक्टूबर में न्यूजीलैंड टीम भारत दौरे पर आएगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज होगी, जो 16 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगी। फिर जनवरी में इंग्लैंड टीम का भारत दौरा होगा।

**दिल्ली-कोलकाता को नहीं मिली टेस्ट की मेजबानी :** इन 5 महीनों के दौरान भारतीय टीम अपने सभी 5 टेस्ट मैच चेन्नई, कानपुर, बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में खेलेगी। यानी दिल्ली-कोलकाता को टेस्ट की मेजबानी नहीं मिली है।

| दिनांक | प्रारूप | शहर |
|---|---|---|
| **बांग्लादेश का भारत दौरा** | | |
| 19-24 सितंबर | टेस्ट | चेन्नई |
| 27 सितंबर-1 अक्टूबर | टेस्ट | कानपुर |
| 6 अक्टूबर | टी20 | धर्मशाला |
| 9 अक्टूबर | टी20 | दिल्ली |
| 12 अक्टूबर | टी20 | हैदराबाद |
| **न्यूजीलैंड का भारत दौरा** | | |
| 16-20 अक्टूबर | टेस्ट | बेंगलुरु |
| 24-28 अक्टूबर | टेस्ट | पुणे |
| 1-5 नवंबर | टेस्ट | मुंबई |
| **इंग्लैंड का भारत दौरा** | | |
| 22 जनवरी | टी20 | चेन्नई |
| 25 जनवरी | टी20 | कोलकाता |
| 28 जनवरी | टी20 | राजकोट |
| 31 जनवरी | टी20 | पुणे |
| 2 फरवरी | टी20 | मुंबई |
| 6 फरवरी | वनडे | नागपुर |
| 9 फरवरी | वनडे | कटक |
| 12 फरवरी | वनडे | अहमदाबाद |

## यूगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा ने छोड़ी कप्तानी


एजेंसी ▶▶| कम्पाला

यूगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा ने टी20 विश्व कप में अपनी टीम के ग्रुप चरण में अभियान खत्म होने के बाद स्वदेश लौटने पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यूगांडा की टीम टी20 विश्व कप में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ महज एक जीत दर्ज कर सकी थी जिससे टीम दो अंक लेकर ग्रुप सी में चौथे स्थान पर रही। मसाबा पिछले पांच साल से टीम के कप्तान थे जिसमें टी20 विश्व कप में टीम की अगुआई करना भी शामिल था। वह 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 24 विकेट झटकने के अलावा 439 रन बना चुके हैं। वह तेज गेंदबाजी के अलावा स्पिन गेंदबाजी दोनों कर सकते हैं जिसमें ऑफ ब्रेक और लेग ब्रेक गेंदबाजी शामिल है। टी20 विश्व कप में इस 32 वर्षीय गेंदबाज ने पांच विकेट झटके जिसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ 31 रन देकर दो विकेट चटकाने वाला स्पैल भी शामिल रहा।



### एसए 20 लीग खेलने के लिए अनुबंध ठुकराया

**वेलिंगटन।** केन विलियमसन ने कहा है कि अगले साल एसए 20 लीग खेलने के लिए उन्होंने न्यूजीलैंड का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस टी20 लीग से इतर वह न्यूजीलैंड के लिए तीनों प्रारूपों में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। एसए 20 नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेली जाएगी और इसी दौरान न्यूजीलैंड में सुपर स्मैश भी होना है। न्यूजीलैंड के नियमों के अनुसार केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने की दशा में सुपर स्मैश में खेलना अनिवार्य है ।



# ओलंपिक पूर्व शिविर में 27 खिलाड़ियों का चयन



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

हॉकी इंडिया ने 21 जून से 8 जुलाई तक यहां भारतीय खेल प्राधिकारण परिसर में लगाए जाने वाले ओलंपिक पूर्व राष्ट्रीय शिविर के लिए गुरुवार को 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। भारत को ओलंपिक में पूल बी में रखा गया है जहां उसका सामना बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड से होगा। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ओलंपिक में अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी।

**चयनित टीम :**
**गोलकीपर:** कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा। **डिफेंडर:** हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, आमिर अली। **मिडफील्डर:** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन
**फॉरवर्ड:** मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी, अराइजीत सिंह हुंदल।


## वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज ने की प्रशंसा

# बुमराह को एक्शन में बदलाव की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे। इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिए वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं।

एम्बरोज ने इंटरव्यू में कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैने उसे पहली बार देखा है। वह गैर पारंपरिक गेंदबाज है लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिए सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं कुछ साल पहले उससे मिला था जब भारतीय टीम एंटीगा में खेल रही थी। उसकी गेंदबाजी देखने में मजा आता है क्योंकि वह इतना अलग है।' बुमराह के गेंदबाजी एक्शन से उनकी कमर पर काफी दबाव पड़ता है लेकिन एम्बरोज का मानना है कि हर तेज गेंदबाज को इस तरह के जोखिम से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरा अनुभव यही है कि दो गेंदबाज कभी एक जैसे नहीं होते। गेंदबाजों में समानता हो सकती है लेकिन वे बिल्कुल एक से नहीं होते। सभी की शैली जुदा होती है। हर तेज गेंदबाज को चोटिल होने का खतरा रहता है और यह सभी को पता होता है।'





**M.P. POWER GENERATING CO. LTD.**
O/o Chief Engineer (GEN) ATPS, Chachai
**ADVERTISMENT FOR EMPANELMENT & ENGAGEMENT OF MEDICAL OFFICERS**
MPPGCL intends to empanel & engage Private Medical Officers on contract basis at consultant fee @ of Rs. 60,000 pm (Full time) for its 20 bedded Hospital at ATPS Chachai, Distt.-Anuppur (M.P.). Interested qualified Doctors (MBBS) can drop their consent/query (if any) at Email-sehqgenco@gmail.com on or before 28.06.2024. **SAVE ENERGY**
M.P. Madhyam/114969/2024 **SUPERINTENDING ENGINEER (HQ)**

**पश्चिम मध्य रेल**
वाणिज्य विभाग ■ जबलपुर मंडल ■ e-auction for WVMs
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है।
**Category: Catering ■ Catalogue No.: JBP-C-WVM-6**
**Station: Pipariya** **Lot No.:** MSS-JBP-PPI-WVM-15-23-4. **Asset Details:** 04 Water Vending Machine at PPI. **Auction Start:** 27.06.2024, 11.00 Hrs. **Auction End:** 27.06.2024, 11.30 Hrs. **Station: Gadarwara** **Lot No.:** MSS-JBP-GAR-WVM-14-23-2. **Asset Details:** 04 Water Vending Machine at GAR. **Auction Start:** 27.06.2024, 11.00 Hrs. **Auction End:** 27.06.2024, 11.40 Hrs. **Station: Narsinghpur** **Lot No.:** MSS-JBP-NU-WVM-13-23-3. **Asset Details:** 04 Water Vending Machine at NU. **Auction Start:** 27.06.2024, 11.00 Hrs. **Auction End:** 27.06.2024, 11.50 Hrs. **Station: Madanmahal** **Lot No.:** MSS-JBP-MML-WVM-12-23-2. **Asset Details:** 07 Water Vending Machine at MML. **Auction Start:** 27.06.2024, 11.00 Hrs. **Auction End:** 27.06.2024, 12.00 Hrs. **Station: Rewa** **Lot No.:** MSS-JBP-REWA-WVM-8-23-2. **Asset Details:** 04 Water Vending Machine at Rewa. **Auction Start:** 27.06.2024, 11.00 Hrs. **Auction End:** 27.06.2024, 12.10 Hrs. **Station: Damoh** **Lot No.:** MSS-JBP-DMO-WVM-10-23-2. **Asset Details:** 04 Water Vending Machine at DMO. **Auction Start:** 27.06.2024, 11.00 Hrs. **Auction End:** 27.06.2024, 12.20 Hrs. **Station: Saugor** **Lot No.:** MSS-JBP-SGO-WVM-11-23-2. **Asset Details:** 04 Water Vending Machine at SGO. **Auction Start:** 27.06.2024, 11.00 Hrs. **Auction End:** 27.06.2024, 12.30 Hrs.
संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **E-Auction Leasing** मॉडयूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।
स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर परिषद, सांईखेड़ा जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)**
Main Road, Sainkheda Phone: 07791-250320 E-Mail- cmosaikheda@mpurban.gov.in
पत्र क्रं 1600/ई-टेण्डर/2024-25 सांईखेड़ा दिनांक-20/06/2024
**/ /निविदा सूचना //**
निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| सं. क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01. | 2024_UAD_351446_1 20.06.2024 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) के अंतर्गत मुख्य मार्ग स्थित वार्ड क्रं. 08 पुराना मवेशी बाजार में नवीन बस स्टेण्ड सह शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण कार्य। | 07 माह 17595000.00 | 12500.00 88000.00 | 24.07.2024 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्राकशन नही किया जायेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, सांईखेड़ा
जिला नरसिंहपुर




### नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश परीक्षा का एक साल में नहीं आया रिजल्ट

# 66 हजार छात्रों का भविष्य अधर में

**जबलपुर। मप्र के नर्सिंग कॉलेज घोटाले का मामला अभी थमा ही नहीं था कि एक और मामला निकल के सामने आ गया है। दरअसल, 2022-23 सत्र में शासकीय नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए पीईबी द्वारा परीक्षा ली गई थी। 1 साल का समय बीतने को है लेकिन, अभी तक परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किए गए, जिस वजह से छात्र-छात्राओं को कॉलेज में प्रवेश के लिए अभी तक इंतजार करना पड़ रहा है। नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए 66 हजार स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। लेकिन परीक्षा परिणाम नहीं आने से उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है।**

गौरतलब है कि प्रदेश के प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों के घोटाले ने 1 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों का भविष्य खराब कर दिया है। अब यही हाल सरकारी नर्सिंग कॉलेजों से डिग्री करने और एडमिशन के लिए पात्रता परीक्षा देने वाली छात्राओं का हो रहा है। जिन छात्राओं ने प्रवेश लेकर अपनी डिग्री पूरी कर ली है, उन्हें पोस्टिंग नहीं मिल रही है। वहीं पिछले शिक्षण सत्र में प्रवेश के लिए परीक्षा दे चुकी छात्राओं के एक साल में रिजल्ट तक जारी नहीं हो पाए हैं। प्रदेश में प्राइवेट के साथ सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में भी व्यवस्थाएं चौपट हो गई हैं। प्रदेश में 18 सरकारी नर्सिंग कॉलेज हैं। इन कॉलेजों में 1 हजार से ज्यादा सीटें हैं। सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए कर्मचारी चयन मंडल की पात्रता परीक्षा पास करना होती है। इसके बाद छात्राओं को एडमिशन मिलता है। इन कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयु सीमा भी तय है। 17 साल न्यूनतम और 28 साल अधिकतम आयु सीमा सरकार ने तय की है। चार साल का कोर्स पूरा करने के बाद संबंधित नर्सिंग विद्यार्थियों को 5 साल तक सरकारी मेडिकल कॉलेज में अपनी होने सेवाएं देना होती हैं। इसके खाली पद पर सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में उनकी नौकरी लगती है।



## 1050 सीटों पर एडमिशन के लिए परीक्षा

सरकारी नर्सिंग कॉलेजों की खाली 1050 सीटों पर एडमिशन के लिए कर्मचारी चयन मंडल ने पिछले साल जुलाई में प्रवेश परीक्षा ली थी। चयन परीक्षा के आधार पर संबंधित छात्राओं को सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में दाखिल दिया जाना है। कर्मचारी चयन मंडल अब तक इस परीक्षा का परिणाम जारी नहीं कर पाया है। इससे संबंधित छात्राए सरकारी कॉलेजों में दाखिला नहीं ले पा रही हैं। जिन छात्राओं ने 27 साल की आयु में परीक्षा दी थी, वे अब ओवर एज होने की स्थिति में आ गई हैं। ऐसे में वे अब कोर्स के लिए भी अपात्र हो सकती है। नर्सिंग विद्यार्थियों से एडमिशन से पहले कॉलेजों द्वारा 2 लाख रुपए का बांड भरवाया जाता है। इसके तहत अगर कोई परीक्षार्थी बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ता है, तो उसे 2 लाख रुपए जमा करना होते हैं। वहीं कोर्स पूरा होने के बाद संबंधित विद्यार्थी को पांच साल तक सरकारी मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं देना होती है। अगर छात्राएं पांच साल तक अपनी सेवाएं नहीं देगी, तो भी उनसे 2 लाख रुपए की वसूली का प्रावधान है। इधर, शिक्षण 2018 में प्रवेश लेने वाली छात्राएं अपनी डिग्री साल 2022 में पूरी कर चुकी है। डिग्री पूरी होने के दो साल बाद भी छात्राओं को सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में पोस्टिंग नहीं दी जा रही है। सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में पोस्टिंग नहीं देने से पहले नर्सिंग की छात्राएं प्राइवेट नौकरी भी नहीं कर सकती है। अगर वे कहीं नौकरी करती है, तो उन्हें 2 लाख रुपए जमा करना होंगे।

## किराए की बिल्डिंग में चल रहे थे प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज

प्रदेश के प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों की कई गड़बडियां अब सामने आ रही है। फजी सीबीआई रहे थे। दोबारा सीबीआई जांच के डर से कई कॉलेज बिल्डिंग छोडकऱ भाग गए है। यही वजह है डायरेक्टर को तरीके से मान्यता हासिल करेन के लिए ज्यादातर प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज किराए की बिल्डिंग में चल कि कॉलेज अपने पते पर नहीं। मिल रहे है है। इसको लेकर एनएसयूआई ने अब सीबीआई को पत्र लिखा है। इन कॉलेजों के हर दस्तावेज की जांच बारीकी से करने की मांग की है। गौरतलब है कि प्रदेश के 600 से ज्यादा नर्सिंग कॉलेजों की जांच दोबारा होना है। इससे पहले हाईकोर्ट के निर्देश पर 308 नर्सिंग कॉलेजों की जांच हुई थी। इस जांच में सीबीआई की मिलीभगत पकड़ में आई। इसके बाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के सभी नर्सिंग कॉलेजों की दोबारा जांच के निर्देश दिए है। इस बार जांच में वीडियोग्राफी भी होगी। उधर, सरकार प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों को गलत तरीके से मान्यता देने वाले हर स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। एनएसयूआई ने सीबीआई डायरेक्टर को लिखे पत्र में बताया है कि प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज मान्यता लेने के लिए किसए से लैब तक के उपकरण लाते थे। निरीक्षण के समय इनमें फैकल्टी रखो जाते थे। फैकल्टी कागजों में ही होते थे। प्रदेश के प्राइवेट कॉलेजों में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा चल रहा है। एनएसयूआई ने आरोप लगाया है कि कई कॉलेज एक ही भवन में बीएड, डीएड, बीसीए, एमसीए और नर्सिंग कॉलेज चला रहे है। एक भवन को अलग-अलग कोर्स की मान्यता के लिए इस्तेमाल किया जाता है।



# प्री-मानसून ने दी वातावरण को राहत की बूंदें

**जबलपुर।** गुरुवार को सुबह से ही बेचैनी भरा मौसम रहा। धूप खिली और दोपहर बाद आसमान पर घने बादल छाने से उमस ने जीना मुहाल कर दिया था। शाम होते ही आसमान पर घने बादल छा गये और रिमझिम बरसात होने लगी। मौसम कार्यालय के मुताबिक यह प्री-मानसून बारिश थी, जो इस बात का संकेत है कि मानसून के आने की आहट हो गई। 25 जून तक मानसून सक्रिय हो जाने की संभावना है। चेतावनी दी गई है कि अगले 24 घंटों के दौरान तड़ित झंझावात (भंवर वाली हवायें) चलेंगी और संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ तेज बारिश हो सकती है। बादलों की बसाहट से तापमान में ब्रेक लगा रहा। हवा में नमी भी बढ़ गई है। शाम को बारिश होने के बाद मौसम सुहावना हो गया था। गुरुवार को सुबह से लोग मारे गर्मी के बेचैन रहे। सूर्यदेव पूरी प्रखरता के साथ प्रगट हुये। दोपहर 3 बजे के बाद आसमान पर बादल छाये और उमस ने डेरा डाला। तो लोगों का जीना मुहाल हो गया। मारे उमस के बेचैनी होने लगी। इन्द्र देव ने कृपा की और राहत की बूंदे आसमान से बरसने लगीं। शाम 4.30 बजे शुरू हुई बारिश का दौर करीब 10 मिनिट तक अनवरत चला। मध्यम गति से रिमझिम हुई बारिश ने वातावरण में ठंडक घोली। जिससे रात में ठंडी बयारों ने वातावरण को सुहावना किया। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातकाल 67 प्रतिशत और सायंकाल 89 प्रतिशत आंकी गई। दक्षिण पश्चिमी हवायें 8 से 9 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर तड़ित झंझावात के बीच गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की चेतावनी दी है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 39.5 और न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री रहा।

**दोपहर तक उमस ने किया बेचैन**

# बिजली खरीदी में घोटाले की शिकायत ईओडब्ल्यू को सौंपी

### तत्काल बिजली खरीदी में 6 सौ करोड़ घोटालें का आरोप

**जबलपुर।** नागरिक उपभोक्ता मंच ने 700 मेगावाट की तत्काल बिजली खरीदी के दौरान 600 करोड़ रुपए के घोटालें की जांच ईडब्ल्यूओ से कराने की मांग की है। इस संबंध में पहले मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया और नियामक आयोग और सरकार को विस्तृत जानकारी देकर शिकायतें भेजी गई, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपभोव्ता मंच के प्रांताध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे के मुताबिक 27 अप्रैल 2024 के रात में पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा की गई 700 मेगावाट की तत्काल बिजली की खरीदी में 600 करोड़ का घोटाला किया गया। इस खरीदी में शासकीय धनराशि का भ्रष्ट प्रक्रियाओं के तहत अनुचित उपयोग किया गया। जो गंभीर आर्थिक अपराध है। अब मंच ने राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को (ईओडब्ल्यू) को शिकायत सौंपी है और तत्काल इस मामलें की जांच कर, मामलें की कार्रवाई की मांग की है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि इस खरीदी में पावर परचेस रेग्युलेशन 2004 तथा संशोधित रेग्युलेशन 2023 के प्रावधानों का उल्लंघन कर निर्धारित "बैंड ऑफ प्राईस" से 4 रुपए प्रति यूनिट ज्यादा कीमत देकर यह तत्काल बिजली "स्ट्रे ऑफर" देने वालों से खरीदी की गई है। खरीदी में पारदर्शिता नहीं थी।



इस घोटालें की विस्तृत जानकारियां देकर मप्र विद्युत नियामक आयोग तथा मप्र सरकार को लगातार शिकायतें की गई है। यहां तक की जबलपुर प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया जिसमें यह पूरा मामला ईओडब्ल्यू को सौंपे जाने का निवेदन किया गया था, लेकिन ठोस कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। मंच ने बताया कि इस घोटालें की राशियां अंततः बिजली उपभोक्ताओं से वसूली जाएगी। इस कारण उनका नुकसान होगा। अतः जनहित में इस घोटाले की जांच करना जरुरी है।


# 9वीं-11वीं सप्लीमेंट्री परीक्षा आज से

जबलपुर।

मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों की 9वीं और 11वीं कक्षा की पूरक परीक्षा शुक्रवार से आयोजित होगी। दोनों परीक्षा का समय सुबह 8:00 बजे से 11:00 तक रहेगा। राजधानी के दो सरकारी स्कूलों को इस परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। शासकीय उमा विद्यालय बेरसिया और स्टेशन क्षेत्र के शासकीय महाविद्यालय में छात्र शामिल होंगे।9वीं और 11वीं कक्षा की सप्लीमेंट्री परीक्षा बोर्ड पैटर्न के आधार पर होगी। राज्य ओपन बोर्ड ने एग्जाम का प्रश्न पत्र तैयार कर लिया है। इसका प्रश्न पत्र भी बोर्ड पैटर्न के आधार पर होगा।

वहीं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जिला उत्कृष्ट विद्यालयों में होगा। पूरक परीक्षा जून के प्रथम सप्ताह तक ले ली जाएंगी, ताकि 30 जून तक नतीजे जारी किए जा सकें। इस बार 9वीं और 11वीं में करीब ढाई लाख से ज्यादा बच्चे फेल हो गए थे। करीब 82 हज़ार से ज्यादा बच्चों को सप्लीमेंट्री आई थी। गौरतलब है कि 9वीं की परीक्षा में 6 लाख 93 हजार 904 छात्र शामिल हुए थे। इसमें 4 लाख 40 हजार 236 पास हुए हैं। वहीं 51550 विद्यार्थियों को पूरक मिला है। 2 लाख 02 हजार 118 विद्यार्थी फेल हुए हैं। इसी तरह 11वीं में 3 लाख 93 हजार 571 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसमें 3 लाख 25 हजार 938 विद्यार्थी पास हुए हैं।

**बोर्ड पैटर्न के आधार पर होगा एग्जाम**




### शांतिनगर में पानी बहाने के विवाद पर बहा खून

# जीजा के पड़ोसी को समझाने गए युवक की हत्या

जबलपुर।

गोहलपुर थाना अतंर्गत शांतिनगर में नल से पानी बहाने के विवाद पर बहन बहनोई से झगड़ा कर रहे पड़ोसी को समझाने गया युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वहीं इस वारदात में मृतक के जीजा और मकान मालिक घायल हो गए। बताया गया है कि मृतक ने अपनी परिचित के लकी सोनी का मकान अपने बहन बहनोई को किराए से दिलवाया था। इसी मकान में एक अन्य किराएदार भी रहता है। गैलरी में पानी बहने के विवाद को लेकर अन्य किराएदार आशीष श्रीवास्तव पर यह वारदात करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर निवासी लकी सोनी के मकान में राजेंद्र सोनी और उसकी पत्नी पिंकी सोनी किराए से रहते थे। कुछ दिन पहले ही मकान के ऊपरी हिस्से में आशीष श्रीवास्तव नाम का युवक किराए से रहने लगा। दो दिन पूर्व गैलरी में पानी बहने की बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद हो गया था। आशीष छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद करते हुए झगड़ा करने पर ऊतारु हो जाता था। यह बात पिंकी ने अपने भाई 27 वर्षीय शिवा सोनी को बताई थी शिवा मकान मालिक लकी सोनी को लेकर आशीष को समझाने पहुंचा था इसी बीच आशीष श्रीवास्तव कमरे से चाकू लेकर आया और शिवा के गले में मार दिया। बीच बचाव करने के दौरान शिवा के जीजा राजेंद्र सोनी और मकान मालिक लकी को भी चोटें आ गई। शिवा के गले में चाकू लगने से अधिक मात्रा में खून बह गया। उसे तत्काल मेट्रो अस्पताल ले जाया गया जहां से गंभीर हालत देखकर उसे मेडीकल रेफर कर दिया। मेडीकल में जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। बताया गया है कि बुधवार की रात वारदात हुई। मृतक आभूषण कारीगर था। सराफा में आभूषण बनाने का काम करता था। पुलिस ने आरोपी आशीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर धारा 302 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240